राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्ष: 26 अंक 192
शुक्रवार 09 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 37°C
न्यूनतम 28°C

www.youtube.com/@TarunmitraGroup

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-12 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# सेना की कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकी ढेर

## सर्वदलीय बैठक में राजनीतिक दलों ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दिखाई एकजुटता

### प्रतिक्रिया
- रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन की स्थिति पर दी विस्तृत जानकारी
- सभी विपक्षी दल इस संकट के समय में सरकार और सेना के साथ: खरगे



**नई दिल्ली, 08 मई।** भारतीय सेना के संयुक्त अभियान में ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए सटीक हवाई हमलों में 100 से अधिक आतंकी मारे गए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वदलीय बैठक में बताया कि यह अभियान केवल आतंकवादी ठिकानों तक सीमित था और यह अभी भी जारी है।

संसद परिसर में गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में राजनीतिक दलों ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एकजुटता दिखाई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी नेताओं ने सेना की कार्रवाई की सराहना की और सरकार को पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। सर्वदलीय बैठक में राजनाथ सिंह ने राजनीतिक दलों ऑपरेशन सिंदूर के बारे में सैन्य रणनीति को छोड़कर महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। सूत्रों के अनुसार इसमें उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर 100 से अधिक आतंकी मारे गए हैं। संसद भवन परिसर में गुरुवार सुबह 11 बजे सभी दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने की। इसमें विभिन्न दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर यह बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंद्योपाध्याय, ■ शेष पेज 11 पर

## पाकिस्तान का सैन्य ठिकानों पर हमला

### भारत ने इजराइली ड्रोनों से लाहौर में पाकिस्तानी एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह किया




**नई दिल्ली, 08 मई।** ऑपरेशन 'सिंदूर' में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किये जाने के बावजूद पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी करके सीमावर्ती भारतीय इलाकों को निशाना बनाए जाने के साथ पाकिस्तानी सेना ने बुधवार की रात भारतीय ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे सतर्क भारतीय बलों ने नाकाम कर दिया।

जवाब में भारत ने गुरुवार सुबह लाहौर से रावलपिंडी तक 15 पाकिस्तानी शहरों को इजराइली ड्रोनों से निशाना बनाया। इस दौरान भारत ने कई स्थानों पर एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को लक्ष्य पर रखकर लाहौर में एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया।

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए 26 सैलानियों में विधवा हुई महिलाओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मंगलवार की आधी रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया। भारत ने बिना सीमा पार किए, हैमर, स्कल्प मिसाइलों से पाकिस्तान और पीओके के नौ आतंकी शिविरों पर हमला करके जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन के ठिकानों को तबाह कर दिया। ■ शेष पेज 11 पर

## उत्तरकाशी हेलीकॉप्टर हादसा, 6 श्रद्धालुओं की मौत



- मृतकों में अनंतपुर सांसद की बहन भी शामिल
- मृतकों में तीन महाराष्ट्र, एक गुजरात, एक आंध्र प्रदेश और एक यूपी से

**उत्तरकाशी, 08 मई।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून की सहस्त्रधारा हेलीपैड से हर्षिल-गंगोत्री जा रहा एक हेलीकॉप्टर गुरुवार की सुबह उत्तरकाशी जिले के गंगनानी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

हेलीकॉप्टर में सात लोग सवार थे, जिनमें से छह की मौके पर ही मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल है। हादसे में सभी मृतक श्रद्धालुओं और घायल की पहचान हो गयी है। मृतकों में तीन महाराष्ट्र के अलावा एक-एक गुजरात, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश के श्रद्धालु हैं। जबकि आंध्र प्रदेश का एक श्रद्धालु घायल है। घटना सुबह करीब 8:30 बजे की है। हेलीकॉप्टर ने सहस्त्रधारा से खरसाली हेलीपैड के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन उत्तरकाशी के गंगनानी क्षेत्र में 200 से 250 मीटर ■ शेष पेज 11 पर

## संक्षिप्त समाचार

### आतंकवाद पूरी तरह खत्म हो यही हमारी मंशा: अखिलेश

**लखनऊ, 08 मई।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत सरकार और हमारी सेना के साथ हैं। आतंकवाद को खत्म किया जाना चाहिए, यही हमारी मंशा है। कहा कि इसके लिए सरकार जो भी नीति तय करती है। हम उसका समर्थन करते हैं।उन्होंने कहा कि किसी भी दल को इसका राजनीतिक फायदा नहीं लेना चाहिए। आतंकवाद का समूल नाश हो। हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हों और सेनाओं का उत्साह ऊंचा रहे। यही हमारा प्रयास है।

### ओटीटी प्लेटफार्म से सभी पाकिस्तानी कंटेंट हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली, 08 मई।** भारत ने पाकिस्तान पर डिजिटल स्ट्राइक करते हुए ओटीटी प्लेटफार्म पर चल रहे उनके वेब सीरीज, डिजिटल सामग्री को तुरंत बंद करने करने के निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रहित में ओटीटी प्लेटफार्म से सभी तरह के पाकिस्तानी कंटेंट हटा दिया जाए। यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर किया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गुरुवार को जारी निर्देश में कहा कि भारत में हुए कई आतंकी हमलों में पाकिस्तान स्थित सरकारी और गैर-सरकारी तत्वों हाथ रहा है।

### सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत

**फिरोजाबाद, 08 मई।** सिरसागंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत गुरुवार को एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार मां-बेटे की मौत हो गई। जबकि एक महिला घायल है। जिसे पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। थानाध्यक्ष सिरसागंज वैभव कुमार सिंह ने बताया कि इटावा जिले के सराय भूपत निवासी जयकिशन रोडवेज में परिचालक था। इन दिनों वह शिकोहाबाद डिपो में तैनात था। आज वो अपनी मां माया देवी व ताई नेपालिन को मोटरसाइकिल पर बैठाकर फिरोजाबाद आ रहा था। तीनों जैसे ही मोटरसाइकिल सवार जैसे ही थाना सिरसागंज क्षेत्र के नगला राधे मोड़ के समीप पहुंचे तभी किसी अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में कट मार दिया। जिससे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना देख लोगों की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सक ने जयकिशन और उसकी मां माया देवी को मृत घोषित कर दिया।

### ओबरा तापीय परियोजना के स्विच यार्ड में लगी आग

**सोनभद्र, 08 मई।** ओबरा तापीय परियोजना के स्विच यार्ड में गुरुवार की सुबह आग लग गई जिससे 200 मेगावाट की दो इकाइयां दसवीं व ग्यारहवीं ट्रिप कर गईं। तापीय परियोजना के सुत्रों के अनुसार ओबरा तापीय परियोजना के स्विच यार्ड में सुबह सात बजे आग लग गई जिससे हड़कंप मच गया। आग लगने के थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगते ही दसवीं व ग्यारहवीं युनिट 200-200 मेगावाट की बंद हो गईं। आग लगने की सुचना मिलते ही सीआईएसएफ के जवान व फायर विंग मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाने के प्रयास में लग गए थे। लगभग 10 बजे आग पर पुरी तरह से काबू पा लिया गया।

## अलीगढ़ व बिजनौर में हुए सड़क हादसों में आठ की मौत

**अलीगढ़/बिजनौर, 08 मई।** उत्तर प्रदेश में सड़क हादसे एक बार फिर जीवन का बड़ा संकट बनकर सामने आए हैं। गुरुवार को राज्य के दो जिलों– अलीगढ़ और बिजनौर–में अलग-अलग दुर्घटनाओं में कुल आठ लोगों की जान चली गई।

अलीगढ़ में पुलिसकर्मियों और एक कैदी को ले जा रही वैन खड़े कैंटर से टकरा गई, वहीं बिजनौर में मजदूरी पर निकले तीन बाइक सवारों की एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से मौत हो गई। अलीगढ़ जिले के लोधा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। फिरोजाबाद से गैंगस्टर के आरोपित कैदी गुलशनवर को मुजफ्फरनगर कोर्ट में पेशी पर ले जा रही पुलिस वैन, बाईपास हाईवे के चिकावटी मोड़ पर खड़े एक कैंटर में पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन का केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस भीषण हादसे में पुलिस उपनिरीक्षक रामसजीवन, कांस्टेबल बालवीर, रघुवीर, वाहन चालक चंद्रपाल और कैदी गुलशनवर की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य सिपाही शेरपाल गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज मेडिकल कॉलेज में जारी है। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने राहत और बचाव कार्य किया तथा शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस अधीक्षक नगर मृगांक शेखर ■ शेष पेज 11 पर

# मांद में घुसकर मारता है नया भारत

**लखनऊ, 08 मई (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा बयान दिया है। मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान पर भारत की कार्रवाई को विकसित भारत की झलक बताते हुए कहा कि विकसित भारत किसी को छेड़ता नहीं है।

अनावश्यक किसी के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करता है, लेकिन अगर कोई हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करके हमारे नागरिकों की सुरक्षा में सेंध लगाता है तो नया भारत उसको छोड़ता भी नहीं है। उसकी मांद में घुसकर मारता है। कल इस भारत की ताकत का एहसास पूरी दुनिया ने किया है और आने वाले समय में भी दुनिया इसका एहसास करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को लोक भवन सभागार में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित 494 सहायक अध्यापक तथा 49 प्रवक्ताओं को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि दुनिया बदल चुकी है। हमें उसके साथ अपने आप को लेकर चलना होगा। अगर हम उसके साथ चलेंगे, आज की आवश्यकता के अनुरूप अपने युवाओं को तैयार करेंगे तो हमारी प्रासंगिकता बनी रहेगी। अगर हम कहीं भी चूके तो उसका खामियाजा सिर्फ हमारी वर्तमान पीढ़ी को ही नहीं भुगतना पड़ेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ी भी कभी हमें माफ नहीं करेगी। हमें वर्तमान के अभियान का हिस्सा बन करके मजबूती के साथ एक विकसित भारत की आधारशिला अपने विद्यालयों से रखनी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चयन की जो प्रक्रिया संपन्न हुई है, इसमें किसी भी स्तर पर सिफारिश करने की जरूरत नहीं पड़ी होगी। चयन की पूरी प्रक्रिया में, उसकी निष्पक्षता में, उसकी पारिदर्शिता में किसी भी प्रकार का कोई प्रश्न खड़ा नहीं हुआ। जिस निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया ■ शेष पेज 11 पर

### बोले योगी



- ऑपरेशन सिंदूर को लेकर मुख्यमंत्री ने दिया बड़ा बयान
- कहा- भारत की ताकत की झलक पूरी दुनिया ने देखी और आगे भी देखेगी
- सीएम ने 494 सहायक अध्यापक व 49 प्रवक्ताओं को बांटा नियुक्ति पत्र

## बूंदी में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से पांच की मौत, 25 घायल

**बूंदी, 08 मई।** राजस्थान के बूंदी जिले में गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को गम में बदल दिया। लाखेरी रोड पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि 25 से अधिक लोग घायल हैं। मृतकों में मां-बेटी और तीन अन्य महिलाएं शामिल हैं। थानाधिकारी राजाराम जाट के अनुसार सभी लोग चौतारा के खेड़ा गांव से माटूंदा में आयोजित शादी कार्यक्रम में जा रहे थे। रास्ते में अचानक एक बाइक ट्रैक्टर के सामने आ गई। चालक ने बाइक को बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज रफ्तार और अचानक मोड़ के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक बालिका और तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों को पास के खट्टकड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर रूप से घायलों को बूंदी जिला अस्पताल रेफर किया गया। इनमें से दो लोगों की हालत नाजुक होने पर उन्हें कोटा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

# 2.39 करोड़ ग्रामीण परिवारों को सरकार की सौगात

## जल जीवन मिशन के तहत 'सामुदायिक अंशदान' को वहन करेगी योगी सरकार

**लखनऊ, 08 मई (तरुणमित्र)।** योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश के ग्रामीणों को वित्तीय वर्ष 2025-26 में बड़ी सौगात दी है। 'जल जीवन मिशन' के तहत हर घर नल योजना में सामुदायिक अंशदान का वहन योगी सरकार करेगी।

हर घर तक नल पहुंचाने में पूंजी लागत का 10 फीसदी भाग सामुदायिक अंशदान के रूप में ग्रामीणों से लिए जाने की योजना थी। इस राशि का बोझ आमजन पर न पड़े, इसके लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। योगी सरकार की तरफ से 2024-25 में इसके लिए 2000 करोड़ रुपये के बजट की व्यवस्था की गई थी, जिसे 2025-26 में बढ़ाकर 4500 करोड़ रुपये कर दिया गया। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में 2,39,24,444 ग्रामीण परिवारों तक फंक्शनल हाउस होल्ड टेप कनेक्शन पहुंचाया गया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश की ग्रामीण आबादी को शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें निर्माण लागत के सापेक्ष सामुदायिक अंशदान की व्यवस्था थी। सामुदायिक अंशदान के तहत एससी/ एसटी आबादी वाले गांवों में पूंजीगत लागत का पांच फीसदी व अन्य गांवों में 10 प्रतिशत भाग आमजन से लिया जाना तय था, लेकिन योगी सरकार ने आमजन को पेयजल उपलब्ध कराने को लोक कल्याणकारी दायित्व के रूप में मानते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4500 करोड़ रुपये की व्यवस्था कराने का निर्णय लिया गया है। इससे ग्रामीणों को सामुदायिक अंशदान नहीं देना होगा। वहीं ग्रामीणों को रखरखाव के लिए अपनी ग्राम पंचायत को प्रतिमाह वाटर टैरिफ कलेक्शन के रूप में महज 50 रुपये प्रतिमाह ही देने होंगे।

## सोनिया-राहुल के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में सुनवाई अब 21 को

**नई दिल्ली, 08 मई।** दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड मनी लांड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई टाल दी है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर 21 और 22 मई को सुनवाई करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान ईडी ने कोर्ट को बताया कि इस मामले के सह आरोपित सैम पित्रोदा को आज ही ई-मेल किया गया है। उसके बाद कोर्ट ने चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर सुनवाई 21 और 22 मई को करने का आदेश दिया। इस मामले के शिकायतकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी की ओर से पेश वकील ने चार्जशीट की प्रति उपलब्ध कराये जाने की मांग की, तब कोर्ट ने कहा कि इस पर ईडी का पक्ष जानने के बाद ही कोई आदेश जारी करेंगे। 2 मई को कोर्ट ने इस मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत सात आरोपितों को नोटिस जारी किया था। ईडी ने 15 अप्रैल को कोर्ट में अभियोजन शिकायत दाखिल की थी।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत सरकार के सचिवों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए।" - छाया तरुणमित्र

## योगी सरकार ने 1.06 लाख बच्चों को दिया मुफ्त शिक्षा का हक

**लखनऊ, 08 मई (तरुणमित्र)।** योगी आदित्यनाथ की यूपी सरकार, शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक न्याय की ऐतिहासिक इबारत लिख रही है। शिक्षा सबका अधिकार की भावना के साथ, राज्य सरकार ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत गरीब और वंचित तबके के 1,06,592 बच्चों का निजी विद्यालयों में मुफ्त नामांकन सुनिश्चित किया है। इस कदम से शिक्षा के क्षेत्र में समावेशिता को मजबूती मिली है और हजारों गरीब परिवारों के सपनों को पंख मिले हैं। सरकार का मानना है कि धन के अभाव में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस अभियान को मजबूती से लागू किया गया, ताकि वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का समान अवसर मिल सके और वे आत्मनिर्भर, सशक्त नागरिक बन सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले भी कई मंचों से स्पष्ट किया है कि ह्यगरीब का बच्चा भी डॉक्टर, इंजीनियर या अफसर बनने का सपना देख सके, इसके लिए राज्य सरकार हर आवश्यक कदम उठा रही है।

## आपरेशन सिन्दूर : भारतीय सेनाओं के सामने कहीं नहीं टिकता पाक

# 2019 के मुकाबले कहीं बेहतर हुई भारतीय वायुसेना

**नई दिल्ली, 08 मई।** पहलगाम हमले के प्रतिशोध स्वरुप भारतीय सेना का रौद्र रूप अब पाकिस्तान को झेलना पड़ रहा है। भारतीय मिसाइलों की रेंज में गुरुवार को रावलपिंडी, सियालकोट, लाहौर, कराची जैसे शहरों सहित पाकिस्तान के कुछ शहरों में भारतीय सेना ने जिस तरह एयर डिफेन्स सिस्टम को ध्वस्त किया है और भारत के पंजाब में 15 शहरों में पाकिस्तान के मिसाइल हमलों को विफल कर दिया, उससे भारत की सामरिक शक्ति दुनिया ने देखी है।

दरअसल बालाकोट एयर स्ट्राइक के समय भारत ने पीओके में घुसकर जिस तरह आतंकी अड्डों को तबाह किया था, वह भारत की तैयारियों का एक छोटा सा हिस्सा था। अपनी सैन्य तैयारियों का मुजाहिरा भारत ने आपरेशन सिन्दूर के दौरान शानदार ढंग से दिखाया है। पाकिस्तान कुछ भी कहता घूमे लेकिन दुनिया ने देखा है कि भारत ने किस सटीकता के साथ पीओके और पाकिस्तान के कुछ शहरों में लश्कर, हिजबुल और जैश के अड्डों को तबाह किया। वह भारत की ताकत का शानदार नमूना है।

ऑपरेशन सिन्दूर के दूसरे दिन भी भारत ने अपने शहरों की रक्षा की है और बिना पाकिस्तान में प्रवेश किये ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया, वह अदभुत है। कायदे से भारत अब सीमा पार आतंकवादियों को निशाना बनाने के लिए और भी बेहतर तरीके से तैयार है। भारत के पास अब ऐसे हथियार हैं जिनसे दुश्मन को सटीक निशाना बनाया जा सकता है और नुकसान भी कम होता है। भारत की सेना के पास अब स्कैल्प और ब्रह्मोस जैसी लंबी दूरी की मिसाइलें, लोइटरिंग म्यूनिशन और एस -400 एयर डिफेंस सिस्टम जैसे आधुनिक हथियार हैं जिनका ■ शेष पेज 11 पर

### सामरिक शक्ति
- एस-400, स्कैल्प और नागास्त्र जैसे हथियारों के सामने बेबस दिखा पाकिस्तान
- दो दिन में भारत ने दिखाया पाकिस्तान को आइना
- चीनी डिफेन्स सिस्टम ने दिया पाकिस्तान को धोखा, झूठ के अलावा कुछ नहीं पाक के पास

# भारत वैश्विक शांति में रखता है विश्वास : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली, 08 मई।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि भारत ने हमेशा वैश्विक शांति, बंधुत्व और कल्याण में विश्वास किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तब फलता-फूलता है जब अभिव्यक्ति और संवाद एक-दूसरे के पूरक होते हैं। यही लोकतंत्र को अन्य शासन प्रणालियों से अलग करता है।

भारत में लोकतंत्र केवल संविधान के लागू होने या विदेशी शासन से स्वतंत्र होने के बाद शुरू नहीं हुआ। हम हजारों वर्षों से लोकतांत्रिक भावना के साथ जीते आ रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने नई दिल्ली में अपने आवास पर इंडिया फाउंडेशन के कौटिल्य फेलोज से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कौटिल्य के दर्शन को कर्म में उतारा है। कौटिल्य की विचारधारा शासन का एक ग्रंथ है, जो राज्य संचालन, सुरक्षा, और राजा की भूमिका जो अब निर्वाचित प्रतिनिधि होते हैं हर पहलू को समाहित करता है। उन्होंने कहा कि आज के बहुध्रुवीय विश्व में, जहां गठबंधन लगातार बदलते रहते हैं, कौटिल्य ने पहले ही यह कल्पना की थी। उन्होंने कौटिल्य को उद्धृत करते हुए कहाः पड़ोसी राज्य शत्रु होता है और शत्रु का शत्रु मित्र होता है। कौन-सा देश इस बात को भारत से बेहतर जानता है? हम सदैव वैश्विक शांति, वैश्विक बंधुत्व और वैश्विक कल्याण में विश्वास रखते हैं। शक्ति और शासन के मूलभूत सिद्धांतों पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि शक्ति को उसकी सीमाओं से परिभाषित किया जाता है।

# आतंकवादियों के खात्मे को एकजुट है विपक्ष : प्रमोद

### राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने सर्वोच्च देशहित में सेना के शौर्य को बताया अभिवादन योग्य



लालगंज, प्रतापगढ़, 08 मई (तरुणमित्र)। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने के लिए कांग्रेस और समूचा विपक्ष भारतीय सेना और सरकार के हर निर्णय के साथ है। उन्होंने कहा कि समूचा देश और विपक्ष पहलगाम में आतंकवादी घटना मे शामिल एक एक आतंकियों को चुन चुन कर जमींदोज करने के लिए सेना और सरकार के हर कदम का एकजुट समर्थन लगातार जारी रखे हुए है।

कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि भारतीय सेना ने अदम्य साहस व शौर्य के साथ सैन्य कार्रवाई में आतंकवादी स्थलों पर ही प्रहार किया है। उन्होने कहा कि देश और कांग्रेस को सेना पर पूरा भरोसा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि सर्वदलीय बैठक और कांग्रेस वर्किंग कमेटी के जरिए पार्टी का अभिमत मजबूती के साथ भारतीय सेना की निर्णायक कार्रवाई के मजबूत समर्थन में है।

उन्होने कहा कि आतंकवाद और इसको प्रश्रय देने वाली हर ताकत को कुचलने के लिए सम्पूर्ण विपक्ष पूरी तरह से सर्वोच्च देश हित में सरकार और सेना के हर कदम का समर्थन करने के लिए भी पूरी तरह से वचनबद्ध है। उन्होने कहा कि भारतीय सेना ने आतंकवाद को नेस्तनाबूत करने के लिए जो ऐतिहासिक कदम उठाया है उसका समूचा देश खुले दिल से अभिवादन कर रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी आतंकवादियों को पूरी तरह से खत्म करने के लिए सेना व सरकार के समर्थन का मजबूत ऐलान किया है।

उन्होने कहा कि कांग्रेस आतंकवाद के द्वारा निर्दोष लोगों को परोसी गयी पीड़ा को अनुभव करते हुए पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा बेगुनाह पर्यटकों को शहीद करने के गुनाहगारों को कठोर से कठोरतम सजा दिलाने के लिए भारतीय सेना के द्वारा उठाए जाने वाले हर कदम का मजबूत समर्थन व विश्वास जारी रखेगी। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का यह बयान गुरूवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन, 11 को निकलेगी कलश यात्रा

रायबरेली, 08 मई (तरुणमित्र)। जिले के हरचंदपुर क्षेत्र में स्थित पूरे गुलाब सिंह मजरे कंडौरा गांव में आध्यात्मिक उत्साह के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 11 मई से शुरू होगा और 18 मई तक चलेगा। आयोजक प्रशांत सिंह भोले ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। 11 मई को भव्य कलश यात्रा आयोजन की शुरुआत 11 मई को एक भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। यह यात्रा गांव और आसपास के क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों का भ्रमण करते हुए श्रीमद्भागवत कथा स्थल पर समाप्त होगी।

# हाई वोल्टेज ड्रामा : बारात में पहुँची लड़की ने दूल्हे को बताया अपना पति

गौरीगंज, अमेठी, 08 मई (तरुणमित्र)। एक शादी समारोह में उस समय हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया जब बारात में अचानक एक लड़की पहुंची और दूल्हे को अपना पति बता दिया। यह घटना संग्रामपुर थाना क्षेत्र के नैनहा बरतली मजरे कसकही गांव से बारात लेकर गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के तेजी का पुरवा में शादी के लिए, पहुंचे युवक के साथ हुई।

लड़की रितु यादव ने दावा किया कि उसकी शादी जय प्रकाश यादव से 25 मार्च को हुई थी और वह उसका पति है। रितु ने जय प्रकाश पर मारने-पीटने का आरोप लगाया। इससे पहले भी रितु बारात के विदा होते समय लड़के के घर पहुंचकर ड्रामा कर चुकी थी। मंडप में सज रहे दूल्हे के पास पहुंची रितु ने खुद को दूल्हे की पत्नी बताते हुए मंडप में रखे सामान के साथ तोड़फोड़ की।

रितु का आरोप है कि जय प्रकाश ने उससे शादी तो की लेकिन अब वह दूसरी शादी करना चाहता है। दोनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस की इस लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए थी। इस घटना से दोनों पक्षों में तनाव है। दूल्हे पक्ष का कहना है कि रितु के साथ जय प्रकाश की शादी नहीं हुई थी, जबकि रितु का दावा है कि उनकी शादी हुई थी और उसके पास इसके सबूत भी हैं। पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है और न ही किसी पक्ष की बात सुनी है। ग्रामीणों की मांग है कि पुलिस इस मामले में तुरंत कार्रवाई करे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे। इस हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई।

दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने हो गए और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। अब देखना यह है कि पुलिस इस मामले में क्या कार्रवाई करती है और इस हाई वोल्टेज ड्रामे का क्या अंत होता है। ग्रामीणों की मांग है कि पुलिस इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई करे और दोषियों को सजा दिलाए।

## संक्षिप्त समाचार

### एसपी ने थानों पर नियुक्त बीट आरक्षियों की पुस्तिकाओं का किया अवलोकन, दिए आदेश

अमेठी, 08 मई (तरुणमित्र)। पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक द्वारा बीट कार्य प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु पुलिस कार्यालय में प्रत्येक थाने से एक-एक बीट मुख्य आरक्षी व आरक्षी को बुलाकर उनकी बीट बुक का अवलोकन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा जनपद के समस्त थानों से आये बीट आरक्षियों की बीट बुक को चेक कर बीट प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए नियमित रूप से अपने-अपने बीट में भ्रमण करने, हिस्ट्रीशीटर्स, क्षेत्र के अपराधियों की प्रभावी निगरानी, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, सम्भ्रान्त व्यक्तियों व पुलिस मित्र से समन्वय स्थापित करने व बीट बुक को अद्यावधिक रखने आदि के संबंध में आवश्यक आदेश निर्देश दिए गए।

### बागवानी विकास मिशन योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के इच्छुक 3 प्रतियों में प्रोजेक्ट करें जमा

अमेठी, 08 मई (तरुणमित्र)। जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उप्र, लखनऊ द्वारा वर्ष 2025-26 में उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) योजना लागू की गयी है। उन्होंने बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) योजनान्तर्गत प्रोजेक्ट बेस कार्यक्रम जैसे संरक्षित खेती (पॉली हाउस, शेडनेट हाउस), मशरूम यूनिट, राइपनिंग चैम्बर, कोल्ड स्टोरेज, प्री कूलिंग यूनिट, कोल्ड रूम, प्याज भण्डार गृह, ट्रैक्टर (अप टू 20 बी0एच0पी0), पावर ट्रिलर, प्लाण्ट हेल्थ क्लीनिक आदि का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक अपना प्रोजेक्ट 3 प्रतियों में यथाशीघ्र कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, कृषि भवन, ताला (प्रथम तल) में किसी भी कार्य दिवस में उपलब्ध करा सकते है। इस क्रम में उन्होंने बताया कि प्रोजेक्टबेस कार्यक्रम की स्वीकृति निदेशालय उद्यान, लखनऊ से सम्बन्धित प्रोजेक्ट के परीक्षणोपरान्त की जायेगी जिसके तहत योजना में आनलाइन रजिस्ट्रेशन 'पहले आओ पहले पाओ' एवं अनुदान का भुगतान डीबीटी/काइन्ड डीबीटी के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

### तमंचा संग धराया, भेजा गया जेल

लालगंज, प्रतापगढ़, 08 मई (तरुणमित्र)। लीलापुर पुलिस ने गश्त के दौरान चोरी की बाइक व तमंचे के साथ एक आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने गुरूवार को मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया। लीलापुर के दरोगा गिरीशधर दुबे व अजय सिंह गुरूवार को सुबह गश्त के दौरान दांदूपुर पड़ान मोड़ के पास से चोरी की बाइक व अवैध तमंचा के साथ सोहेल खान पुत्र जमील निवासी सकरौली कोतवाली देहात को धर दबोचा। एसओ अरूण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

### तेज आंधी चलने से बोलेरो पर गिरा पेड़, दो की मौत

सुल्तानपुर, 08 मई (तरुणमित्र)। बीती रात तेज आंधी में बोलेरो वाहन के ऊपर गिरा पेड़, दो लोगों की दर्दनाक मौत। लखनऊ बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग के बरौंसा के निकट हुआ हादसा। बीती रात के हादसे के बाद पुलिस पहुंची मौके पर, डेड बॉडी भेजी गई पोस्टमार्टम के लिए। मृतक की पहचान ओमप्रकाश वर्मा और जितेंद्र वर्मा के रूप में हुई। जयसिंहपुर कोतवाल अनिरुद्ध प्रताप सिंह बोले, डेड बॉडी भेजी गई पोस्टमार्टम के लिए।

### डीएम ने की खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक



कौशाम्बी, 08 मई (तरुणमित्र)। जिले में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज अपने कार्यालय कक्ष में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों द्वारा किये जा रहें कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। जिस पर विभागीय अधिकारियों द्वारा किये गए निरीक्षण, नमूना संग्रहण, दायर वादों एवं प्रवर्तन आदि के कार्यों में की गई कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियां को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री किसी भी हाल में नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारियों द्वारा लगातार छापेमारी/निरीक्षण की कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि जहॉ से भी सैम्पल लिया जाय, उसका जल्द से जल्द सैम्पल लेकर जॉच के लिए भेजा जाय एवं पायी गई कमियों के आधार पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही की जाय। उन्हांने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थों के बिक्री की सूचना प्राप्त होने पर आपके खिलाफ भी कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने मेडिकल स्टोर का निरीक्षण करने, आबकारी दुकानों के लाइसेंस बनाने आदि के सम्बंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य ममता चौधरी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शहाबउद्दीन सिद्दीकी, डॉ0 भरत मिश्र व नितिन कुमार तथा औषधि निरीक्षण सुनील रावत उपस्थित रहें।

### सैनिकों के उत्साह वर्धन के लिए जमकर लगे हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे



लालगंज, रायबरेली, 08 मई (तरुणमित्र)। पहलगाम की घटना के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और हिंदुस्तान के जवान वीरों के उत्साहवर्धन के लिए लालगंज नगर के अटल चौक गांधी चौराहे पर ढोल नगाड़े के साथ पटाखे दागे गए, तिरंगे लहराए गए साथ ही जलेबी बांटी गई। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा नेता सुशील शुक्ला, जेपी सिंह, और उमेश सिंह ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से ले लिया है जिसके लिए भाजपा, सैनिक प्रकोष्ठ और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जब भी जरूरत होगी, हम सब भी पाकिस्तान को नेस्तनाबूद करने के लिए सरहद पर पहुंचने के लिए तैयार हैं। व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, प्रदेश मंत्री मृत्युंजय बाजपेई, महामंत्री अप्पू शर्मा, नगर महामंत्री शिवम गुप्ता ने कहा कि अब तक 1947 से कई बार पाकिस्तान से संघर्ष हुआ है लेकिन जब भी पाकिस्तान ने भारत को छेड़ने का काम किया है। तब तक हमारी सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक कर मुंह तोड़ जवाब देने का काम किया है, जब भी पाकिस्तान, भारत से लड़ा तब तब पाकिस्तान मात खाया है और इस बार भी प्रधानमंत्री पाकिस्तान को मटिया मेट करके रहेंगे।

# रिसाव की घटना में परिवार के पांचवें सदस्य की भी हुई मौत

लालगंज, प्रतापगढ़, 08 मई (तरुणमित्र)। उदयपुर क्षेत्र के भंवरी सराय गांव में पखवारे भर पहले गैस रिसाव से लगी आग के चलते गंभीर रूप से झुलसे एक किशोर की भी इलाज के दौरान बुधवार की रात मौत हो गयी। अग्निकाण्ड में झुलसे परिवार के आठ लोगों में से एक परिवार के मुखिया अशोक कुमार तथा तीन बच्चों समेत चार सदस्यों की पहले ही मौत हो चुकी है।

वहीं केजीएमयू लखनऊ में इलाज के दौरान बुधवार को सत्रह वर्षीय मृतक अशोक कुमार के पुत्र सनी की भी सांसे थम गयी। हादसे में झुलसे तीन अन्य घायलों की हालत में सुधार बताया जा रहा है। किशोर सनी की मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मचा है। उदयपुर थाना क्षेत्र के भंवरी सराय गांव में बीती पन्द्रह अप्रैल की रात कमरे में रखे गैस सिलेण्डर से हुए रिसाव के चलते आग लग गयी थी। कमरे में गैस फैल जाने व अचानक लगी आग से हुए धमाके से दीवारें भी ढ़ह गयी थी।

इस घटना में आग की चपेट में आने से परिवार के मुखिया चालीस वर्षीय अशोक कुमार व उनकी पत्नी रेनू 32 तथा पुत्र सनी 17, रवि 12 व किशन 8 के साथ ही अशोक के भाई विजय कुमार की पत्नी गीता 30 व पुत्रियां प्रिया 10 एवं रियांशी 06 समेत आठ लोग गंभीर रूप से झुलस गये थे। एक परिवार के मुखिया अशोक की बीती सोलह अप्रैल को मौत हो गयी थी। गंभीर रूप से झुलसे अन्य सभी का केजीएमयू लखनऊ में इलाज चल रहा था।

# डीएम की अध्यक्षता में सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न



अमेठी, 08 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति (बैंकर्स) की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान डीएम ने वित्तीय समावेशन योजना, पीएम सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, वार्षिक ऋण योजना, पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य पालन किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री ग्राम उद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना सहित अन्य योजनाओं हेतु लंबित आवेदनों की बिंदुवार समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

डीएम ने समस्त बैंकों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों को शीघ्र निस्तारित किया जाए, अस्वीकृत की गई पत्रावली पर कारण स्पष्ट रूप से लिखा जाए, इसके साथ ही उन्होंने विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत आवेदन पत्रों को बैंकों को प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र निस्तारण करें किसी भी स्तर पर आवेदनकर्ता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर योजना की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए परियोजना अधिकारी नेडा को निर्देश दिए कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कैंप लगाने के लिए एक महीने का रोस्टर जारी करें तथा उसका जन सामान्य के मध्य व्यापार प्रचार प्रसार कराएं जिससे कैंप वाले दिन जनसामान्य उपस्थित होकर योजना का लाभ ले सकें। बैठक में कई शासकीय योजनाओं में बैंकों द्वारा ठीक प्रगति न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिन बैंकों द्वारा शासन की योजनाओं में अपेक्षित सहयोग नहीं किया जा रहा है वे इस माह विशेष प्रयास कर अपनी प्रगति में सुधार लाएं अन्यथा की स्थिति में उन बैंकों से सभी सरकारी अकाउंट बंद कर कर दूसरी बैंकों में अकाउंट खुलवाने के कार्यवाही की जाएगी साथ ही खराब प्रगति वाले बैंकों के बैंक मैनेजर के विरुद्ध कार्यवाही हेतु शासन को पत्र भेजा जाएगा। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक राजीव पाण्डेय, जीएमडीआईसी दिनेश चौरसिया, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी व बैंकर्स मौजूद रहे।

# अधिवक्ता हितों के लिए मजबूत संघर्ष की प्रत्याशियों ने भरी हुंकार

लालगंज, प्रतापगढ़, 08 मई (तरुणमित्र)। तहसील पार्क मे गुरूवार को संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव के ठीक एक दिन पहले हुए प्रत्याशियों के परम्परागत दक्षता भाषण में चुनावी गहमागहमी का माहौल दिखा। दक्षता भाषण की शुरूआत व अन्त में अधिवक्ताओं ने आपरेशन सिन्दूर को लेकर भारत माता के साथ सेना का गगनभेदी जयघोष किया।

वहीं प्रत्याशियों ने अधिवक्ताओं के मान सम्मान व हितों के लिए हुंकार भी भरी। दक्षता भाषण के दौरान अधिवक्ताओं से खचाखच भरे पार्क में अधिवक्ता साथी प्रत्याशियों का तालियों की गडगडाहट के बीच जमकर उत्साहवर्धन भी करते दिखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चुनाव समिति के अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र व संचालन महामंत्री विकास मिश्र ने किया।

चुनाव समिति के प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने अधिवक्ताओं को मतदान को लेकर बनाई गयी नियमावलियों तथा प्रबन्धों को लेकर बिंदुवार जानकारियां प्रदान की। उन्होनें यह भी बताया कि मतदान व मतगणना की वीडियोग्राफी भी करायी जाएगी। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने स्वागत तथा संरक्षक वीरेन्द्र सिंह ने आभार जताया। अध्यक्ष तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष व महामंत्री पद पर लड़ रहे प्रत्याशियों ने दक्षता भाषण में तहसील व दीवानी न्यायालय परिसर में व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर भी साथियों का दिल जीतने का भरसक प्रयास किया। दक्षता भाषण को सुनने बड़ी संख्या में मौजूद अधिवक्ताओं को प्रत्याशियों के द्वारा रखे गये मुद्दों को लेकर खासी दिलचस्पी दिखी।

इधर संयुक्त अधिवक्ता संघ के आज होने वाले मतदान को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था भी कड़ी की गयी है। नगर में अधिवक्ताओं के चुनाव को देखते हुए भारी वाहनों का नेशनल हाइवे पर रूटडायवर्जन भी प्रशासन द्वारा कराया जाएगा। सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि चुनाव को लेकर सर्किल के थानों के अलावा एक सेक्शन पीएसी भी एहतियातन तैनात की गयी है। परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से मुख्य प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर भी लगाया जाएगा।

## सीएमओ अमेठी की बुजुर्गो से अपील, आयुष्मान कार्ड जरूर बनवाएं

अमेठी, 08 मई (तरुणमित्र)। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि जनपद में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत वे सभी लाभार्थी जिनकी आयु आधार कार्ड के आधार पर 70 वर्ष या उससे अधिक है उन सभी का आयुष्मान कार्ड बन जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ऐसे लाभार्थी जनपद के किसी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर पंचायत भवन एवं जनसुविधा केंद्र पर निशुल्क अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं जिसके लिए दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड की आवश्यकता होगी जिसमें पंजीकृत मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है।

# खेत में पड़ा मिला मनोरोगी का शव, मचा कोहराम

लालगंज, प्रतापगढ़, 08 मई (तरुणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गुरूवार सुबह एक खेत में संदिग्ध दशा मे वृद्ध का शव पड़ा मिला। मृतक को मनोरोगी बताया गया है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। लालगंज कोतवाली के सराय लालमती गांव अर्न्तगत निमार्णाधीन पानी टंकी के पास स्थित एक खेत में गुरूवार को सुबह करीब ग्यारह बजे एक वृद्ध का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी। प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर शिनाख्त करायी। मृतक के बाये हाथ में रामयश लिखा था। उसकी पहचान जलेशरगंज निवासी सत्तर वर्षीय रामसजीवन गौतम पुत्र महावीर गौतम के रूप में हुई। मृतक दाहिने हाथ से दिव्यांग है। सूचना पर पहुंचे परिजन शव को देख रोने बिलखने लगे।

मृतक के भतीजे संतलाल गौतम पुत्र पियारेलाल गौतम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मृतक काफी समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहा था। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि मृतक वृद्ध के शरीर में कहीं चोट का निशान नहीं है। शव को पीएम के लिए भेजा गया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## बारात आये युवक की पिटाई, चार पर केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़, 08 मई (तरुणमित्र)। बारात में आये युवक के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अमेठी जनपद के पाण्डेयपुर रामनगर गांव निवासी शशांक पाण्डेय पुत्र वेदप्रकाश पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि छः मई को वह घर से सांगीपुर थाना के लखरांव निवासी कमलेश तिवारी के यहां बारात आया था। आरोप है कि यहां भोजन करने के बाद पीड़ित हाथ धोने गया तो वहां पहले से घात लगाये बैठे अमेठी जनपद के भैरवपुर ताला खजुरी निवासी रामरूप तिवारी के पुत्रगण पंकज तिवारी व विष्णु तिवारी ने अपने दो अज्ञात रिश्तेदारों के साथ मिलकर उसे जमकर मारापीटा। एसओ सांगीपुर मनीष तिवारी का कहना है कि जांच के बाद चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अमृत योजना के नाम पर भ्रष्टाचार मनिका रोड पर फिर हुआ बड़ा गड्ढा

रायबरेली। अमृत योजना के तहत शहर में सीवर लाइन बिछाने के बाद जल निगम द्वारा मनिका रोड पर डामरीकरण किया गया था, लेकिन यह सड़क कुछ ही दिनों में गड्ढों का जाल बन गई। यह मार्ग लखनऊ और प्रयागराज को जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है, जो लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले से होकर नेहरू नगर तक जाता है। सड़क पर बना एक बड़ा गड्ढा अब जानलेवा साबित हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि डामरीकरण में घटिया सामग्री का उपयोग और ठेकेदारों की लापरवाही के चलते सड़क की हालत दयनीय हो गई। यही नहीं कही कही सड़क बैठ भी गई है। जिससे वाहनों को गुजरने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर कई सरकारी कार्यालय होने के कारण रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं, जिससे हादसों का खतरा और बढ़ गया है। शहर की कई अन्य सड़कें भी सीवर लाइन बिछाने के बाद मरम्मत के अभाव में गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। नागरिकों ने जिला प्रशासन और सरकार से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है, ताकि भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों और ठेकेदारों को बेनकाब किया जा सके। फिलहाल, प्रशासन ने सड़क की मरम्मत का आश्वासन दिया है, लेकिन स्थानीय लोग ठोस कार्रवाई का इंतजार कर

## दलित छात्र को प्रबंधतंत्र व शिक्षकों ने परीक्षा देने से रोका

रायबरेली। दलित छात्र श्री पार्किस सोनकर पुत्र उत्तम सोनकर निवासी शंकर नगर,मूराई का बाग थाना डलमऊ रायबरेली को स्थानीय एक महाविद्यालय के प्रबंधतंत्र व शिक्षकों ने परीक्षा देने से रोका छात्र द्वारा कारण पूछने पर तीन चार लोगों ने मिलकर उसे इतना मारा कि उसके जबड़े एवं शरीर में गंभीर चोटे आयी है जिसका इलाज जिला चिकित्सालय रायबरेली में चल रहा है। छात्र के पिता ने बताया कि कॉलेज की फीस भी जमा थी परीक्षा देने से रोकना एवं मारना अन्याय की पराकाष्ठा है। चिकित्सालय पहुँचकर पीड़ित छात्र एवं अभिभावकों से मिलकर पुलिस अधिकारियों से बातकर उनके साथ हुए अन्याय में हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

## मण्डल को सर्वस्पर्शी व सर्वव्यापी बनाएं-मीना

सुलतानपुर, 08 मई (तरुणमित्र)। भारतीय जनता पार्टी ने मण्डल स्तर पर 15 सदस्यीय पदाधिकारी व 61 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित करने के लिए गाइडलाइन जारी कर दी है।भाजपा की जिला प्रभारी व प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने पार्टी जिला कार्यालय पर गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित जिला पदाधिकारी, मण्डल प्रभारी व मण्डल अध्यक्षों की संयुक्त बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा हर जिम्मेदार कार्यकर्ता को संगठन की अपेक्षाओं पर खड़ा उतरना होगा। उन्होंने सक्रिय व सशक्त मण्डल गठन को लेकर टिप्स दिए।कहा मण्डल को सर्वस्पर्शी व सर्वव्यापी बनाना है। यह भी कहा 2027 विधानसभा व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए कार्यकर्ता कमर कस लें। उन्होंने मण्डल स्तर पर उत्कृष्ट संगठन विस्तार की बात कही।कहा मण्डल स्तर पर 15 पदाधिकारी व 61 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित होनी है। 15 सदस्यीय पदाधिकारी टीम में 6 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री ,6 मंत्री व 1 कोषाध्यक्ष होंगा। 8 पदों पर महिला, पिछड़ा वर्ग व एससी पदाधिकारी होंगे। जिला प्रवासी व पूर्व जिलाध्यक्ष मछली शहर राम विलास ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बताया मण्डल स्तर पर 40 प्रतिशत नये पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त होंगे।

# प्रयागराज मंडल में 37 रेलवे स्टेशनों पर नियुक्त होंगे 345 एटीवीएम फैसिलिटेटर

प्रयागराज, 08 मई (तरुणमित्र)। प्रयागराज मण्डल में अनारक्षित टिकट वितरण के लिए 37 स्टेशनों पर एटीवीएम के माध्यम से टिकट वितरण करने के लिए 345 एटीवीएम फैसिलिटेटर नियुक्त किए जाएंगे। इन सभी एटीवीएम पर 8-8 घंटे की पाली के अनुसार 345 फेसिलिटेटर कार्य करेंगे। यह जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि एटीवीएम फैसिलिटेटर की नियुक्ति के लिए रेलवे के सेवानिवृत कर्मचारियों एवं सामान्य नागरिकों से आवेदन मांगे गये हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून को 13 बजे तक निर्धारित है। उन्होंने आगे बताया कि आवेदन फार्म किसी भी कार्य दिवस में (सोमवार से शुक्रवार तक) 9 बजे से 17 बजे तक मिजार्पुर, प्रयागराज, प्रयागराज छिवकी, फतेहपुर, कानपुर, इटावा, टूंडला, अलीगढ़ स्टेशन के बुकिंग कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन फार्म का मूल्य 100 रुपये है।

आवेदन फार्म को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदक को आवेदन के साथ किसी अनुसूचित वाणिज्य बैंक द्वारा वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के पक्ष में रु 100 का बैंक ड्राफ्ट-डीडी मूल्य के रूप में संलग्न करना होगा। पीआरओ ने अंत में बताया कि आवेदन फार्म सहायक वाणिज्य प्रबंधक, वाणिज्य शाखा, द्वितीय तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, नवाब युसुफ रोड, प्रयागराज अथवा स्टेशन निदेशक, कानपुर सेंट्रल के कार्यालय में 20 जून को 13 बजे तक जमा किए जाएंगे और उसी दिन 15 बजे खोले जाएंगे।

## अदालती नोटिस

**4136/25.04.2025**
**सूचना पत्र (अ)**
**विभाग उत्तर प्रदेशीय बोर्ड माल, प्रयागराज**

निगरानी संख्या 1420 वर्ष 2024 जिला-प्रयागराज

एडीशनल कमिश्नर .... डिवीजन के निर्णय के विरूद्ध

संत सिंह आदि ...**अपीलकर्ता**

**बनाम**

अर्जुन सिंह आदि ... **प्रतिवादी**

सेवा में, (1) अर्जुन सिंह S/O विजय सिंह (2)गुलाव सिंह (3) जयराम सिंह (4) राम सिंह पुत्रगण मूलचन्द (5)श्रीमती इन्द्रावती देवी W/O मूलचन्द्र ग्राम दादनपुर प. त. सदर जिला-प्रयागराज (6) गांव सभा द्वारा प्रधान चकदादनपुर प.त. सदर जिला प्रयागराज

आपको यह सूचना दी जाती है कि **तारीख 13 माह 05 वर्ष 25 दिन मंगलवार समय दस बजे** पुनर्विचार प्रार्थना की सुनवाई के हेतु नियुक्त हुआ है। यदि आप इस न्यायालय में उक्त विषय पर स्वतः अथवा किसी वकील के द्वारा उपस्थित न रहेंगें तो अभियोग सुनवाई करके आपकी अनुपस्थिति में निर्णय कर दिया जायेगा।

रजिस्ट्रार

# बिना लाइसेन्स संचालित सौरभ मेडिकल स्टोर पर गठित टीम ने की कार्रवाई

प्रतापगढ़, 08 मई (तरुणमित्र)। सहायक आयुक्त (औषधि) प्रयागराज मण्डल प्रयागराज द्वारा छापे की कार्यवाही हेतु गठित मण्डलीय औषधि निरीक्षकों की टीम तथा जिलाधिकरी द्वारा संयुक्त कार्यवाही हेतु गठित जिला प्रशासन की टीम एवं पुलिस बल के साथ 7.05.2025 को पवन कुमार सिंह नायब तहसीलदार आसपुर देवसरा के नेतृत्व स्थान गौरामाफी बाजार में बिना लाइसेन्स संचालित सौरभ मेडिकल स्टोर पर अभिसूचना आधारित ठोस प्रवर्तन कार्यवाही की गायी। सौरभ मेडिकल स्टोर में मौके पर उपस्थित दवा विक्रेता सौरभ कुमार सिंह पुत्र अशोक कुमार सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट गौरा माफी सें दवा व्यवसाय करने हेतु औषधि एवं प्रसाधन समाग्री अधिनियम 1940 नियमावली 1945 के अन्तर्गत आवश्यक अनुज्ञप्ति प्रस्तुत करने को कहा गया परन्तु उनके द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

मौके पर प्रतिष्ठान में भण्डारित औषधियों में से दो संदिग्ध औषधि का नमूना जॉच/विश्लेषण हेतु संग्रहित कर राजकीय विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किया गया एवं शेष औषधियों को फार्म 16 के दो पृष्ठों पर अंकित कर सीजर मेमों तैयार कर नियमानुसार सीजर की कार्यवाही की गयी। औषधि एवं प्रसाधन समाग्री अधिनियम 1940 नियमावली 1945 की धारा 18ए के अनुपालनोंपरान्त एवं संकलित नमूने की जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार सक्षम न्यायालय में वाद दायर किया जायेगा। अभियान दल द्वारा अवगत कराया गया कि प्रतिष्ठान जिस पर कार्यवाही की गयी है, लोहे गुमटी में संचलित पायी गयी जो कि औषधि एवं प्रसाधन समाग्री अधिनियम 1940 नियमावली 1945 का घोर उल्लंघन है। इस प्रकार जनपद में अवैध रूप से संचालित कोई भी दवा विक्रय प्रतिष्ठान पायी जाती है तो इसी प्रकार ठोस प्रवर्तन कार्यवाही की जायेगी। जनपद में संचालित समस्त थोक औषधि विक्रय व्यवसायियों को निर्देशित किया जाता है नियमानुसार औषधियों के क्रय विक्रय का कार्य करे ऐसे किसी भी दवा विक्रय प्रतिष्ठान जिसके पास औषधि विक्रय लाइसेन्स नही है को औषधियों के विक्रय का कार्य न करें बिना लाइसेंस संचालित दवा विक्रय प्रतिष्ठान पर कार्यवाही के दौरान यदि इस बात की पुष्टि होती है कि अमुख द्वारा आप के प्रतिष्ठान से दवाईयॉ क्रय करके लाई गयी है तो आपके विरूद्ध नियमानुसार कठोर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# बच्चों में खेलकूद को बढ़ावा दिया जाये: नितिन




**● राज्यमंत्री ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक**

**हरदोई, 08 मई (तरूणमित्र)।** विवेकानंद सभागार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग नितिन अग्रवाल ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक की। सभागार परिसर में पहुँचने पर राज्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

सभागार में समीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मंत्री का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके उपरांत सिंचाई विभाग द्वारा पीपीटी के माध्यम से संभावित बाढ़ से निपटने की रणनीति के बारे में जानकारी दी गयी। माननीय मंत्री ने कहा कि बाढ़ से निपटने की सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाये। उन्होंने सिंचाई विभाग द्वारा कराये जा रहे सात बाढ़ निरोधक कार्यों की जानकारी ली। शासन को प्रेषित सभी 9 प्रस्तावों की जानकारी भी उन्होंने अधिशाषी अभियंता सिंचाई से प्राप्त की। उन्होंने कहा कि नहरों की सफाई व नहर पटरी के निर्माण सम्बन्धी कार्य समय से करा लिए जाएं। जन प्रतिनिधियों से भी बाढ़ निरोधक तैयारियों के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया जाये। ड्रेजिंग का कार्य जल्द पूर्ण कराया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे के अंतर्गत पात्रों के चयन का कार्य किया जाये। मुख्यमंत्री आवास योजना के निर्माणाधीन आवासों का कार्य जल्द पूरा किया जाये। जीरों पावर्टी के अंतर्गत चिन्हित परिवारों के सत्यापन का कार्य जल्द पूरा किया जाए। पंचायती राज विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन सामुदायिक शौचालयों का कार्य तेजी से कराया जाये। सड़क निर्माण की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान समय व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। चौड़ीकरण के कार्यों को तेजी से कराया जाये। नवनिर्माण के कार्यों को समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराया जाये। सभी निमार्णाधीन सेतुओं निर्माण तेजी से कराया जाये। जल निगम की समीक्षा करते हुए उन्होंने दिए कि पूर्ण संतृप्तीकरण का कार्य तेजी से किया जाये। परियोजनाओं में समय सीमा का पूरा ध्यान रखा जाये। पाईपलाइन परियोजना पूर्ण होने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों का तत्काल पुर्निर्माण कराया जाये। माननीय मंत्री ने जनपद में गोसंरक्षण की स्थिति पर संतुष्टि जतायी। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि कायाकल्प के सभी बिन्दुओं पर सभी विद्यालयों का संतृप्तीकरण सुनिश्चित किया जाये। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अलाभित समूह के पात्र बच्चों का लाभान्वित कराया जाये। सभी विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। बच्चों में खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाये। प्रत्येक विधानसभा में 100 विद्यालयों को चिन्हित कर उन स्कूलों में खेल के मैदान का निर्माण कराया जाये जिससे बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास हो सके। माध्यमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों को तेजी से पूरा कराया जाये। अवशेष विद्यालयों में बाउंड्री बनाने का कार्य जल्द कराया जाये।

# लोकतंत्र सेनानी राजेंद्र सिंह पंचतत्व में हुए विलीन



**शाहाबाद /हरदोई, 08 मई (तरूणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शर्मा निवासी लोकतंत्र सेनानी राजेंद्र सिंह पुत्र ब्रजराज सिंह 90 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ, उनकी मृत्यु की सूचना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

7 मई को राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा बड़ी ही धूम धाम से बैंड बाजे के साथ निकाली गई। तहसील शाहाबाद की नायब तहसीलदार आकांक्षा तिवारी एवं इंस्पेक्टर क्राइम शिव गोपाल ने दिवंगत के आवास पर पहुंचकर पुष्प चक्र अर्पित कर परिजनों को ढाढस बंधाया 25 जून 1975 में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी द्वारा आपातकाल (इमरजेंसी) घोषित किया गया था। आपातकाल में जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में विरोध स्वरूप अभियान चलाकर पूरे देश में सामूहिक गिरफ्तारी दी गयी थी। उसी समय दिवंगत राजेंद्र सिंह पुत्र ब्रजराज सिंह जिला कारागार हरदोई में बंद रहे थे। दिवंगत के चार पुत्र एवं पांच पुत्रियां हैं सभी विवाहित है बड़े पुत्र शिवमंगल सिंह मौजूद हैं और राजकुमार सिंह जिनका पूर्व में निधन हो चुका है पवन सिंह वीर बहादुर सिंह पुत्रियों में उषा, गीता, रीता, उमा मौजूद है। अंत्येष्टि स्थल पर क्राइम इंस्पेक्टर शाहाबाद शिव गोपाल एवं अन्य पुलिस के जवानों द्वारा दिवंगत सेनानी को शोक सलामी दी गई। इस मौके पर दिवंगत के छोटे भाई बीरेंद्र सिंह देवेंद्र सिंह एडवोकेट ओमप्रकाश सिंह साहित्य सैकड़ो की संख्या में ग्राम एवं क्षेत्र वासी मौजूद है।

# भागवत कथा के छठवें दिन रुक्मणि परिणय का हुआ बखान

**मौदहा हमीरपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** विकास खण्ड के ग्राम उरदना में शिवालय मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के छठे दिन गुरुवार को भागवत भक्तों की भारी भीड़ जुटी। कथा प्रारंभ करते हुए, कथावाचक जगदीश चन्द्र ने गोपियों के साथ भगवान की श्रेष्टतम महारास लीला का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि रास तो जीव का परब्रह्म ईश्वर के साथ मिलन की कथा है। आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति का फल प्राप्त होता है तो उसे रास कहा जाता है। कथा प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी भक्तों को खूब आनंदित किया। संजयानंद ने कहा कि जो भक्त ईश्वर प्रेम में आनंदित होते हैं और श्रीकृष्ण तथा रुक्मिणी के विवाह में शामिल होते हैं, उनकी समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथाव्यास ने कहा जब जीव में अभिमान आता है, भगवान उनसे दूर हो जाता है। लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है, उसे दर्शन देते है। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ। लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती।

# किशोरी लापता, आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद /हरदोई, 08 मई (तरूणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मौसी के घर रह रही किशोरी के लापता होने के मामले में किशोरी की मां ने एक युवक पर उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। शाहजहांपुर जनपद निवासी किशोरी की मां के अनुसार उसकी 14 वर्षीय पुत्री कोतवाली शाहाबाद क्षेत्र के एक गांव में अपनी मौसी के पास रहती थी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हैबतपुर निवासी पप्पू पुत्र पट्टे लाल उसकी पुत्री को 5 मई की दोपहर में बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। उसने अपनी पुत्री की काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चल सका।

# विधायक के इशारे पर महाराणा प्रताप की जयंती मनाने की प्रशासन ने नहीं दी अनुमति: राजवर्धन



**हरपालपुर, हरदोई, 08 मई (तरूणमित्र)।** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा व मिशन आत्म संतुष्टि के संस्थापक राजवर्धन सिंह राजू ने क्षेत्रीय भाजपा विधायक पर तानाशाही का करने आरोप लगाया है उन्होंने कहा कि 9 मई को हरपालपुर के एक गेस्ट हाउस में महाराणा प्रताप की जयंती मनाने के लिए क्षेत्रीय भाजपा विधायक के दबाव में प्रशासन ने अनुमति नहीं दी है।

बृहस्पतिवार को हरपालपुर के गेस्ट हाउस में पत्रकारो से बातचीत में उन्होंने कहा कि कटियारी क्षेत्र की समस्याओं और उत्पीड़न की आवाज उठाने पर क्षेत्रीय विधायक के दवाब में उनके, एवं उनकी पत्नी व उनके समर्थकों पर तमाम मुकदमे लिखवा दिए गये हैं। उन्होंने कहा कि कि वह फर्जी मुकदमों से झुकने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को अनुमति देकर कैंसिल कर दी गई जनपद या प्रदेश में कहीं भी कार्यक्रम कर लिया जाए क्योंकि सवायजपुर विधानसभा में तानाशाही हुकूमत चल रही है बड़े बुजुर्गों को बेइज्जत करना राजनीतिक विरोधियों को परास्त करना सजातीय लोगों को गहरे गड्ढे में दफन करना यह उनकी प्राथमिकता है। जिलाधिकारी एवं पूर्व विधायक गंगा सिंह चौहान जी की वार्ता होती रही और कार्यक्रम की अनुमति मांगी थी मौजूदा समय में कोई भी अधिकारी फोन नहीं उठा रहे हैं कि क्षेत्र की जनता समय आने पर उनकी तानाशाही का करारा जवाब देगी। इस मौके पर उनके प्रतिनिधि मंसूरी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट के तीन आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**हरदोई, 08 मई (तरूणमित्र)।** सांडीला थाना क्षेत्र के देवियां पुर में सात मई को हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है। प्राप्त विवरण में पीड़ित प्रदीप पुत्र कल्लू ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में गांव निवासी सात लोगों के विरुद्ध उसे और उसके परिजनों को गाली गलौज और मारपीट कर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। कोतवाली सांडीला के उपनिरीक्षक अनुज कुमार, ओमकार और पुलिस बल ने मारपीट की घटना में नामजद आरोपी पंकज पुत्र रामेश्वर, आलोक और विशोक को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।

### चार के विरुद्ध सरकारी नाली तोड़ने की रिपोर्ट

**हरपालपुर, हरदोई, 08 मई (तरूणमित्र)।** विकास खंड की ग्राम पंचायत ककरा के मजरा नौंटखेड़ा गांव में ग्राम पंचायत की ओर से बनवाई गयी नाली तोड़ने के मामले में एक नामजद व तीन अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ग्राम प्रधान अरुण व ग्राम पंचायत अधिकारी अभय सिंह की तहरीर पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि 2मई को ग्राम पंचायत ककरा के मजरा नौंटखेड़ा गांव में करीब डेढ लाख रुपये से नवनिर्मित100 मीटर नाली गांव के कुछ लोगो ने तोड़ डाली ग्राम प्रधान अरुण देवी व ग्राम पंचायत अधिकारी अभय सिंह की शिकायत पर खंड विकास अधिकारी राजीव गुप्ता ने प्रभारी निरीक्षक हरपालपुर को रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पत्र लिखा था। प्रभारी निरीक्षक बालकृष्ण मिश्र ने बताया कि तहरीर पर नॉखेड़ा गांव निवासी रिंकू व तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### पिता को धमकाने वाले पुत्र पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद/ हरदोई, 08 मई (तरूणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मीराबस्ती निवासी एक पिता ने अपने बड़े पुत्र के विरुद्ध गाली गलौज और धमकाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। पीड़ित राम सहाय पुत्र पूसेलाल के अनुसार उसके 6 पुत्र हैं। वह विवाद न होने की वजह से घर और अपनी दुकानें बेचकर सबको बराबर हिस्सा देना चाहता है।उसके पांच पुत्र उसके फैसले से सहमत है। लेकिन उसका पुत्र विरोध कर रहा है।उसके पुत्र राजेश ने 5 मई की शाम को उसे गाली गलौज करते हुए जान से मार डालने की धमकी दी है। पिता की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने उसके पुत्र के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गुमशुदा किशोर को पुलिस ने किया बरामद

**हरदोई, 08 मई (तरूणमित्र)।** सांडी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता की सूचना पर थाना पुलिस ने उसके नाबालिग गुमशुदा पुत्र को तलाश कर परिजनों के सुपुर्द किया है। प्राप्त विवरण में लापता किशोर के पिता के अनुसार सात मई को उसका 13 वर्षीय पुत्र घर से बिना बताए कहीं चला गया है। उसने पुत्र को काफी तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा जनपद में चलाए जा रहे अपरेशन स्माइल के तहत सांडी के प्रभारी निरीक्षक कौशल किशोर यादव ने पुलिस बल के साथ लापता किशोर को सकुशल बरामद कर लिया है। थाना पुलिस ने कानूनी कार्यवाही पूर्ण करते हुए किशोर को उसके परिजनों के सुपुर्द किया है।

### पानी के मोटर में करंट से दिव्यांग की मौत

**हरपालपुर/ हरदोई, 08 मई (तरूणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के शिखवापुर गांव में बृहस्पतिवार की सुबह स्नान के लिए मोटर से पानी निकालने गये युवक की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई है। कोतवाली क्षेत्र के शिखवापुर गांव निवासी रूपेश 23 पुत्र मुनेश्वर दाहिने पैर से दिव्यांग ब अविवाहित था। वह अपने घर पर ही गुमटी में परचून की दुकान चलाकर अपना गुजारा करता था। बृहस्पतिवार की सुबह करीब 7 बजे वह स्नान करने के लिए मोटर से पानी निकालने गया था। तभी उसे बिजली का करंट लग गया। आनन फानन परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरपालपुर ले गए। वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक दो भाई व चार बहनों में दूसरे नंबर का था। उसकी मौत से मां मायावती समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### आज होगा दो दिवसीय उर्स का समापन

**मौदहा हमीरपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** कस्बे के चर्च कम्पाउंड के निकट हजरत शेख बाबा रह.का दो दिवसीय सालाना उर्स बड़ी धूमधाम से आज सम्पन्न होगा, जबकि गुरुवार को उर्स में अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। कस्बे के कांशीराम कालोनी मीरातालाब और चर्च कम्पाउंड के निकट स्थित हजरत शेख बाबा का दो दिवसीय सालाना उर्स बड़ी धूमधाम और अकीदत के साथ मनाया जा रहा है उर्स के सिलसिले में गुरुवार सुबह बाद नमाज फजिर मजार पर कुरान ख्वानी, दोपहर बाद लंगर और बाद नमाज असर चादरपोशी हुई।

# महापौर ने बदहाल स्थिति देख जतायी नाराजगी

**शाहजहांपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** नगर निगम की महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा द्वारा वार्ड नं0-22 (एमनजई जलालनगर) में ह्लमहापौर जनता के द्वारह्ल कार्यक्रम में वार्डवासियों की समस्याओं को घर-घर जाकर सुना गया व साथ ही वार्ड का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को देखा गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की बदहाल स्थिति देखकर महापौर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वार्ड की सड़कों व गली की हालत अत्यंत दयनीय है। जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए थे, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। महापौर ने यह भी देखा कि कई स्थानों पर सड़क लाइट्स सुबह के समय भी चालू थीं जिससे बिजली की भारी बबार्दी हो रही है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तुरंत इस संबंध में जांच करें।

इसके अतिरिक्त, फल और सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क किनारे अतिक्रमण कर दुकानों को फैला दिया गया है जिससे राहगीरों को चलने में असुविधा हो रही है और यातायात प्रभावित हो रहा है। महापौर ने नगर निगम की अतिक्रमण निरोधक टीम को निर्देशित किया कि वे जल्द से जल्द ऐसे अस्थायी अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया शुरू करें। महापौर ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक, प्रकाश व्यवस्था प्रभारी, और अतिक्रमण नियंत्रण अधिकारी को तत्काल प्रभाव से सुदृढ़ सफाई व्यवस्था, नालियों की सफाई और अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने वार्ड के पार्षद से भी संवाद कर नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने का भरोसा दिलाया। महापौर ने यह स्पष्ट किया कि नगर निगम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से ले रहा है और सभी वार्डों में नियमित निरीक्षण की प्रक्रिया जारी रहेगी ताकि शहर को साफ, सुंदर और व्यवस्थित बनाया जा सके। स्थलीय निरीक्षण के समय पार्षद जितेंद्र सिंह, नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, सहायक अभियंता जलकल, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षित, प्रकाश अधिक्षक व वार्डवासी मौजूद रहे।

# गांव के ही युवक ने दूसरे युवक के साथ मारपीट कर दी धमकी

**जालौन/उरई, 08 मई (तरूणमित्र)।** पशुओं के लिए खूंटा गाड़ने को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक के साथ मारपीट कर धमकी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा निवासी लाखन ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के पड़ोसी ब्रजेश कुमार पशुओं को बांधने के लिए खूंटा गाड़ने को लेकर विवाद कर रहे थे। जब उसने विवाद करने से मना किया तो उन्होंने लाठी, डंडों से मारपीट शुरू कर दी। वहां मौजूद लोगों ने बचाया तो शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

# इंटर्नशिप योजना के क्रियान्वयन व प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न

**उन्नाव, 08 मई (तरूणमित्र)।** कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में तथा मुख्य विकास अधिकारी कृति राज की उपस्थिति में जनपद उन्नाव में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा संचालित शिक्षुता प्रशिक्षण योजना तथा मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जनपद उन्नाव में अवस्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित अलोकप्रिय व्यवसायों को समाप्त करने एवं उनके स्थान पर स्थानीय उद्योगों की माँग के अनुरूप नये व्यवसाय संचालित किये जाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में आईटीआइ प्रधानाचार्य अवनीन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि जनपद में संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, उनमें संचालित व्यवसायों, प्रशिक्षण, डी0एस0टी0 योजना तथा शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के बारे जानकारी दी गई। उन्होने उद्योगों के प्रतिनिधियों, जिला सेवायोजन अधिकारी, उपायुक्त उद्योग से शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को सुना एवं नोडल प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि वह अन्य विभागों तथा उद्योगों के साथ समन्वय बना कर जनपद को आवंटित लक्ष्य को पूरा करें।

# राजकीय महाविद्यालय में प्रवेश के साथ शैक्षिक सत्र प्रारंभ

**हरदोई, 08 मई (तरूणमित्र)।** जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित राजकीय महाविद्यालय टोंडरपुर, लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध छात्र-छात्राओं की उचित शिक्षा व्यवस्था हेतु एक उत्तम संस्थान है, जहां सत्र 2025 -26 में बीए, बीएससी तथा बीकॉम में प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं।

इसमें बी ए की 420, बीएससी बायो की 120, बीएससी मैथ की 120 और बीकॉम की 120 सीटों का प्रावधान है। महाविद्यालय में आयोग द्वारा चयनित योग्य कुशल प्राध्यापक, लैब, लाइब्रेरी ई-लर्निंग पार्क,साइकिल स्टैंड, वाई-फाई, स्मार्ट क्लासरूम एनएसएस रो'वर रेंजर्स की सुविधा उपलब्ध है। महाविद्यालय में छात्र-छात्रा हेतु छात्रावास की सुविधा जिसमें 60 बालकों तथा 40 बालिकाओं के ठहरने की व्यवस्था की गई है। महाविद्यालय में शासन द्वारा निर्धारित शुल्क पर प्रवेश लिए जाते हैं। प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद कुमार ने बताया कि सत्र 2025 26 हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं।

जिससे छात्र छात्राओं को स्नातक करने के लिए दूर दराज के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा तथा सभी सुविधाओं से लैस महाविद्यालय परिसर में नियमित कक्षाओं का संचालन होता है, जिससे छात्राओं को शिक्षा के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे महाविद्यालय परिवार का यह निरंतर प्रयास रहता है कि शासन के सभी योजनाओं का लाभ महाविद्यालय के छात्र को मिले व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के जरिए उनका शिक्षण उचित वातावरण में हो सके।

# जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत गंभीर

**मौदहा हमीरपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** जहरीला पदार्थ खा लेने से युवक की हालत गंभीर हो गई।यह देख परिजनों ने आनन फानन में मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार कर डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार राजा 30 वर्ष पुत्र शकील अहमद राठ तिराहा निवासी गुरुवार के दिन दोपहर बाद गृह कलह के चलते जहरीला पदार्थ( सल्फास) खा लिया जिससे हालत गंभीर होने लगी यह देख परिजनों ने आनन फानन मे नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार कर डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# भारत परिषद ने किया नाला निर्माण को लेकर विरोध प्रदर्शन



**शाहजहांपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि रामपुर नवदिया से सुराही मौजमपीर को जाने वाले मार्ग पर नाले का पिछले एक साल से निर्माण हो रहा परंतु अभी तक नही हो पाया और इस टाइम रुका हुआ आने वाले कुछ समय बाद बरसात आने को है परंतु अभी तक कोई कार्य नही हो रहा है इसकी बजह से स्कूल आने जाने बाले बच्चों एवं किसानों एवं आदि सभी प्रकार के लोगो को आवा गमन वाधित है जिसका विरोध भारत परिषद राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र भूषण पाण्डेय पूर्व न्यायाधीश हाईकोर्ट एवं विधि सलाहकार राज्यपाल उत्तर प्रदेश सरकार एवं प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह के निदेर्शानुसार के आदेश पर मंडल अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ बरेली सैय्यद अजहर उस्मान के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान सैय्यद अजहर उस्मान मंडल अध्यक्ष बरेली युवा प्रकोष्ठ ने कहा जल्द से जल्द निर्माण शुरू किया जाए और लोगों की परेशानी खत्म हो।

इस दौरान मैथिल भीमसेन शर्मा ने कहा यदि कार्य को 15 दिन में शुरू नहीं किया गया तो भारत परिषद उच्च अधिकारीयों को ज्ञापन देगा इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ता रामगोपाल ने कहा लोगो को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित रहे लोग सैय्यद अजहर उस्मान मंडल अध्यक्ष बरेली युवा प्रकोष्ठ, मैथिल भीमसेन शर्मा मंडल महासचिव, सैफ अली मंडल सोशल मीडिया प्रभारी बरेली, रामगोपाल वर्मा, विवेक वर्मा, फैजीम, फाजिल, अरविंद कुमार शर्मा, महेन्द्र पाल सिंह, हरिपाल कश्यप, गुड्डू कश्यप, बाल सिंह सरदार, जीवन जीत सिंह, गंगा राम, रिंकू कश्यप, पातीराम कश्यप, सिराजुद्दीन, सरफराज खान, राम कृष्ण कश्यप आदि क्षेत्र वासी लोग उपस्थित रहें सबका एक ही कहना था कि जल्द से जल्द कार्य पूरा हो।

# एसडीएम ने पीएचसी का किया निरीक्षण




**कलान/शाहजहांपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** कलान गुरुवार 11 बजे के बाद उप जिलाधिकारी अभिषेक प्रताप सिंह ने कलान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका बारीकी से देखा जिसमें कोई गैर हाजिर नहीं पाया गया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी दिनेश सिंह शाहजहांपुर एक विभाग की मीटिंग में गए बताए गए हैं।

इसके बाद श्री सिंह ने ओपीडी मेडिसिन रूम दवा वितरण कच्छ एवं कुत्ता काटे के इंजेक्शन लगाने वाले रूम को भी देखा बड़ी संख्या में रेबीज इंजेक्शन लगाए गए थे उन्होंने दबाओ की एक्सपायरी डेट भी देखी और आग बुझाने के इस संबंध मेरी सिलेंडर के संबंध में फार्मासिस्ट गोपाल कृष्ण से जानकारी ली उन्होंने प्रसव केंद्र पर पहुंचकर प्रसव करने वाली एएनएम अनुपम त्रिपाठी से डिलीवरी आदि के संबंध में पूछताछ इस मौके पर डॉ. ऋषिकांत बचानी, फार्मासिस्ट गोपाल कृष्ण,एएलटी अर्जुन वर्मा एएनएम अनुपम त्रिपाठी ओमपाल आदि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस पर आरोपियों को जांच से निकालने का आरोप

**खुदागंज/शाहजहांपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** थानाक्षेत्र के ग्राम दतौनिया निवासी 22 वर्षिय मृतक रंजीत के पिता रामासरे ने एक प्रार्थना पत्र दिया था जिसमे उन्होंने बताया था की उनके गाँव के सुनील सिंह, पप्पू सिंह एवं अन्य तीन लोगो ने कमरे मे बंद कर के उनके बेटे को निर्ममता से मारा पीटा था जिसकी इलाज के दौरान बिसलपुर के अस्पताल मे मौत हो गयी थी। खुदागंज पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक आरोपी पप्पू सिंह को पकड़ कर जेल भेज दिया, पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए लगातार टीमे बनाकर तलाश शुरू कर दी थी। एक महीने लगातार दो हत्याओ से नगर मे पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान उठने लगा था, पुलिस द्वारा आरोपी पकड़े जाने से कुछ हद तक लोगो की जुबान पर अंकुश लगा है। पीड़ित परिबार ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर को मिलकर एक शिकायती पत्र देते हुए स्थानीय पुलिस पर आरोप लगाया है। कि आरोपियों को निकालने और मुकदमा खराब करने की जुगत मे है।

# राष्ट्र सेविका समिति का प्रशिक्षण सम्पन्न

**मौदहा, हमीरपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** राष्ट्र सेविका समिति कानपुर प्रान्त का सात दिवसीय प्रारम्भिक वर्ग 1 मई से 7 मई तक गांधी इंटर कालेज में आयोजित हुआ, जिसका नगर में पथ संचलन एवं दीक्षांत के बाद समापन हुआ। वर्ग में कानपुर प्रान्त के सभी जिलों से आई 119 बहनों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन सत्र में प्रशिक्षार्थी बहनों ने अपने अनुभव कथन के माध्यम से प्रशिक्षण में देशभक्ति व समरस होकर जीवन कैसे जिया जा सकता है, एक बडे. परिवार के अनुभूति के भाव व्यक्त किए। वर्ग की वर्गाधिकारी नलिनी दीदी द्वारा वर्ग का वर्ग वृतांत रखा गया। मुख्य वक्ता क्षेत्र प्रचारिका शशि दीदी ने सेविकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग प्रत्येक भूमिका में शिक्षिका, शिक्षार्थी, व्यवस्था, अधिकारी प्रत्येक भूमिका में सेविका बहनें सीखती हैं।

# रेड क्रॉस सोसाइटी के संस्थापक हेनरी डोनेट का मनाया जन्म दिवस



**शाहजहांपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस के सचिव डॉ. विजय जौहरी के नेतृत्व में रेड क्रॉस के कार्यकर्ता रेड क्रॉस के अध्यक्ष जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के कार्यालय एवं निवास पर पहुंचकर जिलाधिकारी से भेट करने पहुंचे जिससे रेड क्रॉस के अग्रिम जनहित कार्यक्रमों की रूप रेखा बनाई जा सके लेकिन जिलाधिकारी के व्यस्त होने के कारण भेट न हो सकी उनके आवासीय कार्यालय द्वारा कल 9 मई को सुबह 11:00 बजे का समय निर्धारित किया गया है। डॉ. विजय जौहरी ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व रेड क्रॉस दिवस प्रथम शांति नोबेल पुरस्कार प्राप्त एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के संस्थापक हेनरी डोनेट के जन्म दिवस के अवसर पर बनाया जाता है।

इनका जन्म 8 मई 1828 मै हुए था और 17 फरवरी 1863 जानेबा स्विट्जरलैंड मै इसकी स्थापना हुई पहला रेड क्रॉस दिवस 8 मई 1948 मै बनाया गया था यह दिन मानवता, करुणा, और सेवा की भावना को समर्पित है रेड क्रॉस सोसाइटी एक ऐसी संस्था है जो आपदा युद्ध महामारी या किसी प्रकार की संकट की स्थिति में सहयोगी भूमिका का निर्वहन करती है इस अवसर पर अग्रज जौहरी, अवनीश सक्सैना, डॉ. इकरार फारूखी, खुटार ब्लॉक प्रमुख नामित दीक्षित, पवन सक्सैना, डॉ. मुजीब, डॉ. उस्मान अली, साजिद हसन खान आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
शुक्रवार, 09 मई 2025
विक्रम संवत्- 2082, बैसाख शुक्ल पक्ष- द्वादशी

## पाकिस्तान की ना'पाक हरकतें

आपरेशन सिन्दूर के बाद भी पाकिस्तान भारत को उकसाने की अपनी पुरानी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है जिससे न सिर्फ उसकी हताशा का ही पता चलता है बल्कि उसकी जिद और नासमझी का खामियाजा भविष्य में निर्दोष पाकिस्तानियों को चुकाना पड़ सकता है। भारत ने आपरेशन सिन्दूर के बाद ही यह स्पष्ट कर दिया था कि उसने आतंकी अड्डों पर अपनी निर्धारित कार्यवाही को अंजाम दे दिया है और वह पाकिस्तान से युद्ध का पक्षधर नहीं है। लेकिन पाकिस्तान निरन्तर न सिर्फ एलओसी पर गोलीबारी कर रहा बल्कि उसने भारत के पंजाब के 15 शहरों में मिसाइलें दागकर इन्हें निशाना बनाने की कोशिश की। भारतीय सेना ने इन मिसाइलों को तो नाकाम किया ही, पाकिस्तान के एयर डिफेन्स सिस्टम को भी खत्म कर दिया। केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई दूसरी सर्वदलीय बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। रक्षा मंत्री के इस बयान से यह संदेश मिलता है कि अगले कुछ दिन बहुत महत्वपूर्ण साबित होने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी तीन देशों की प्रस्तावित यात्रा का कार्यक्रम स्थगित कर यही संदेश दिया है। आपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकवादियों को पाकिस्तान में जिस तरह तरह सम्मानपूर्वक विदाई दी गई, उससे साफ जाहिर है कि पाकिस्तान में उन्हें सेना और सरकार की खुली शह मिली हुई थी। यह भी अचरज की बात है कि आतंकी ठिकानों पर भारत की इतनी सख्त कार्रवाई के बाद भी पाकिस्तान इससे कोई सबक सीखने के लिए तैयार नहीं है और पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा भारत- पाक नियंत्रण रेखा के पार से पिछले कई दिनों से गोलीबारी के साथ 15 भारतीय शहरों पर मिसाइल हमले करने की कोशिश की। इन हमलों में 15- 20 भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है जबकि भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर के दौरान इस बात की पूरी सावधानी बरती थी कि आतंकी ठिकानों पर निशाना साधते वक्त किसी निर्दोष पाकिस्तानी की जान न जाए। यह निःसंदेह भारत की कूटनीतिक विजय है कि पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारत की सशक्त कार्रवाई को दुनिया के अनेक छोटे बड़े देशों ने जायज ठहराया है। पाकिस्तान के पक्ष में केवल चीन और तुर्किए ने खुलकर बयान दिए हैं। आश्चर्य तो इस बात का है कि भारत की इस कार्रवाई को गलत ठहराने वाला पाकिस्तान अभी भी यह मानने के लिए तैयार नहीं है कि उसके यहां प्रशिक्षित आतंकवादियों ने पहलगाम में जो कायराना हरकत की, उसी का भयानक अंजाम भुगतने के लिए भारत ने उसे मजबूर कर दिया है। भारत द्वारा आपरेशन सिन्दूर 1 के तहत 100 से अधिक आतंकवादियों के मारे जाने की खबर है जिनमें कुख्यात आतंकी मसूद अजहर के निकटतम संबंधियों के साथ आतंकी और मसूद का भाई रऊफ भी शामिल हैं। इसमें दो राय नहीं हो सकती कि पहलगाम के आतंकी हमले के बाद सारा देश ऐसी सैन्य कार्रवाई का बेसब्री से इंतजार कर रहा था जो पुलवामा और उरी में हुए आतंकी हमलों के बाद की गई सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक से बड़ी शक्तिशाली हो। सारा देश यह चाहता था कि इस बार की स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान आतंकवादी संगठनों को पनाह देने से हमेशा के लिए तौबा कर ले। अब आपरेशन सिन्दूर के दूसरे चरण में लगभग पूरा पाकिस्तान भारतीय सेनाओं की जद में है। आगे पाकिस्तान के ही ऊपर है कि वह अपने पागलपन और जिद से बाज आता है, या भारतीय सेना को आगे कार्यवाही के लिए मजबूर करता है।

## रहे उसी पर ध्यान !

जो मिला है काम ।
रहे उसी पर ध्यान ।।
इधर उधर भटकाने से ।
है गिरता सम्मान ।।
बन रहा समूह लगता ।
भ्रम का मायाजाल ।।
चेते ना अभी अगर ।
होगा बुरा हाल ।।
देखें अपना क्षेत्र जरा ।
कैसा पड़ा अकाल ।।
हर तरफ से आप पर ।
उठते हैं सवाल ।।
साथ साथ इस जोश के ।
होश को ठुकराया ।।
गुणा भाग ना कर जाए ।
पूरा ही सफाया ।।



कृष्णेन्द्र राय

## सूडोकु नवताल- 7425

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7424 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

# फिर बेनकाब पाकिस्तान



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

**आतंकवाद की प्रत्येक घटना मानवता को शर्मशार करती है। पहलगाम में भी इसका वीभत्स रूप दिखाई दिया था। लेकिन अब नया भारत नए अंदाज में है। आतंक को करारा जवाब दिया जाता है।**

आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक से यह प्रमाणित भी हुआ। भारत के जाबांज सैनिकों ने एक बार फिर अपना पराक्रम दिखाया। इसमें कोई संदेह नहीं कि भरतीय सैनिक जांबाज और सर्वश्रेष्ठ है। मुम्बई हमले के बाद भी हमारे सैनिक आतंकियों को सबक सिखा सकते थे। लेकिन उस समय का भारत अलग था। तब सेना को आतंक के विरुद्ध सर्जिकल स्ट्राइक की अनुमति नहीं थी। सैनिकों पर तो पूरे देश को गर्व है। विश्व शांति सेना में इसीलिए भारतीय सैनिकों को बहुत महत्व दिया जाता है। लेकिन सैनिक अपनी मर्जी से किसी देश की सीमा के पार जा कर सर्जिकल स्ट्राइक या युद्ध नहीं करते। इसके लिए नेतृत्व का निर्देश आवश्यक होता है। सैन्य कमांडर भी उसी के साथ बैठ कर रणनीति बनाते है। ऐसे में सफलता का श्रेय सेना के साथ साथ नेतृत्व को भी दिया जाता है। ऐसा नहीं होता कि अनुमति के बिना सेना उठे और दूसरे देश में सर्जिकल स्ट्राइक करके आ जाये। नेतृत्व इसके लिए रणनीति बनाता है, उसी के अनुरूप कूटनीतिक प्रयास करता है। सत्ता और सेना की शीर्ष बैठकों में रणनीति पर विचार किया जाता है। इनके द्वारा सभी संबंधित मोर्चो पर दिन रात मेहनत से कार्य किया गया। इसी का परिणाम था कि आतंक को संरक्षण देने वाले पाकिस्तान को कहीं से भी समर्थन नहीं मिला। अनेक देशों ने भारत को खुला समर्थन दिया। आतंक के विरुद्ध लड़ाई में सहयोग का वादा किया। पठानकोट के बाद भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य अमेरिका ब्रिटेन,फ्रांस ने आतंकी अजहर मसूद को वैश्विक आतंकी घोषित करने का प्रस्ताव किया था। ऐसे प्रस्तावों से

आतंकी संगठनों को मिलने वाले धन पर रोक लगती है। पाकिस्तान को हथियार देने पर अंकुश लगाना शांति के लिए जरूरी है।



पिछली सर्जिकल के दौरान अमेरिका का एफ सोलह विमान भी ध्वस्त हो गया था। तब पाकिस्तान द्वारा इस विमान के प्रयोग से अमेरिका नाराज नाराज हुआ था। क्योंकि ये विमान अमेरिका ने उसे आतंकवाद पर निगरानी के लिए दिए थे। उस समय भी नरेंद्र मोदी ने कहा था कि वार्ता का समय निकल गया है, अब आतंक के खिलाफ कार्यवाई होगी। भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक की थी। भारतीय सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों ने एक साथ पाकिस्तान को चेतावनी दी। कहा कि भारतीय सेना पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए तैयार है। नेतृत्व का आदेश मिलते ही कार्यवाई शुरू हो जाएगी।

रूस के राष्ट्रपति ने मोदी को फोन करके समर्थन का वादा किया। देश का वीर जवान सीमा पर और सीमा के पार भी अपना पराक्रम दिखा रहा है। पूरा देश एक है और हमारे जवानों के साथ खड़ा है।

दुनिया हमारी इच्छा शक्ति को देख रही है। देश का अभूतपूर्व विश्वास ही हमारी पूंजी है। पहले से मजबूत भारत हमें दिखाई दे रहा है। इसके लिए कोटि कोटि जनों के संवाद और भागीदारी की जरूरत है। नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद पड़ोसी देशों से बेहतर संबंध रखने का विचार व्यक्त किया था। इस दिशा में उन्होंने यथासंभव प्रयास किए थे। उनके इन प्रयासों में पाकिस्तान और चीन भी शामिल थे। यह सच है कि विदेश नीति में विचार के साथ व्यवहार का भी महत्व होता है। संबंधित देशों को नेक नीयत दिखानी होती है, लेकिन पाकिस्तान और चीन की फितरत में यह बात शामिल नहीं है।

पाकिस्तान सीमा पार के आतंकवाद को छोड़ नहीं सका। चीन को सीमा पर तनाव बनाए रखना पसंद है। जाहिर है ऐसे देश भारत के शांति और सौहार्द संबंधी विचारों को समझ ही नहीं सकते। इस लिए भारत को कठोर कदम उठाने पड रहे हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि सीमापार के नौ आतंकी ठिकाने बर्बाद किए गए। अत्यधिक क्रेडिबल इंटेल रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई। जिससे नागरिकों को कोई नुकसान ना हो।

लश्कर और जैश के बेस कैंप्स को सेना ने तबाह कर दिया है। मुजफ्फराबाद कोटली में सेना ने की कार्रवाई की गई। नियंत्रण रेखा के अंदर घुसकर भारत ने आतंकी ठिकाने नष्ट किए है। इनमें

हेडली और कसाब को ट्रेनिंग देने वाले आतंकी कैंप भी शामिल है। पहलगाम आतंकी हमले ने पाकिस्तान के आतंकियों से संबंधों को उजागर कर दिया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री का कहना है कि आतंकियों ने सैलानियों और उनके परिवार को धमकाया गया और उस बर्बरता का संदेश देने को कहा गया। खुद को प्रतिरोधी मोर्चा कहने वाले एक समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है। यह समूह संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित पाकिस्तानी आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा का मोर्चा है। पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच में पाकिस्तान में और पाकिस्तान को भेजे गए आतंकवादियों के संचार नोट सामने आए हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# माइनिंग सेक्टर में आगे बढ़ता राजस्थान



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

माइनिंग सेक्टर में राजस्थान देश दुनिया का प्रमुख केन्द्र बन कर उभर रहा है। वैसे तो राजस्थान में 82 प्रकार के मिनरल के संकेत मिलते हैं वहीं 57 मिनरलों को राजस्थान में प्रमुखता से खोज और खनन का कार्य चल रहा है। अब राजस्थान में रेयर अर्थ एलिमेंट आरईई के संकेत मिलने के साथ राजस्थान तेजी से दुनिया के नक्शे पर उभरा है। राज्य सरकार ने भी माइनिंग सेक्टर को अपनी प्राथमिकता में रखा है। यही कारण है कि पिछले सवा साल में राजस्थान माइनिंग सेक्टर में नित नए आयाम स्थापित करते हुए आगे बढ़ रहा है। माइनिंग सेक्टर की महती भूमिका को देखते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने खान मंत्रालय की जिम्मेदारी अपने पास रखी और कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में पिछले सवा साल में माइनिंग सेक्टर ने खनिज खोज से लेकर माइनर एवं मेजर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन, एमनेस्टी योजना, ड्रोन सर्वे, एकबारीय समाधान योजना, नई और प्रगतिशील खनिज नीति, एम-सेण्ड नीति, माइनिंग सेक्टर में औद्योगिक निवेश और रोजगार के विपुल अवसर सृजित करने के अवसर विकसित कर दिए हैं। इसके साथ ही पारदर्शी व्यवस्था और प्रक्रिया के सरलीकरण की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाये जा रहे है। समय की मांग को देखते हुए ही आरईई और सेरेमिक आधारित एक्सीलेंस सेंटर स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे है तो खनिज एक्सप्लोरेशन को गति देने के लिए राजस्थान मिनरल एक्सप्लोरेशन कारपोरेशन के गठन की बजटीय घोषणा की गई है। राजस्थान माइनिंग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त अथक प्रयासों से धरातल पर ठोस परिणाम प्राप्त करने में जुटे हैं। यही कारण है कि राजस्थान आज देश का माइनिंग सेक्टर में प्रमुख प्रदेश बन गया है। मिनरल एक्सप्लोरेशन से लेकर माइन्स ऑक्शन के क्षेत्र में नित नए आयाम बन रहे हैं तो निवेश, रोजगार और राजस्व की दृष्टि से राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में रेकार्ड राजस्व अर्जन के साथ ही राजस्व अर्जन की विकास दर में भी नया कीर्तिमान बनाया गया है। 2017 में केन्द्र सरकार ने तय किया कि देश में सभी जगह माइनिंग मिनरल्स की खुले ऑक्शन के माध्यम से ही दिए जाएंगे। इससे बहुत हद तक माइनिंग मिनरल्स की बंदर बांट पर रोक लग सकी। केन्द्र सरकार ने मेजर मिनरल्स के ऑक्शन की स्वयं के स्तर पर भी मोनेटरिंग आरंभ कर व्यवस्था को पारदर्शी और खनिज प्रधान प्रमुख राज्यों के बीच स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा की राह प्रशस्त की है। इसे देश के खनिज क्षेत्र का अग्रणी कदम माना जा सकता है। मेजर मिनरल के ऑक्शन में पिछले एक साल में राजस्थान ने तेजी से काम किया है और राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धि हासिल की है।

आज दुनिया के देशों की माइनिग सेक्टर पर अधिक नजर है। खासतौर से अमेरिका तो खनिज बहुल क्षेत्रों में आंखें गड़ाये ही बैठा है वह चाहे यूक्रेन हो, कनाड़ा हो या ग्रीन लैण्ड। तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि रुस यह चाहता है कि अमेरिका और यूक्रेन के बीच खनिज को लेकर कोई समझौता ना हो और इसके लिए वह अपने खनिज क्षेत्रों को लेकर अमेरिका या यों कहें कि ट्रम्प से समझौता तक करने का तैयार है। दूसरी और चीन आज खनिज संपदा के चलते ही समूचे विश्व बाजार पर लगभग एकाधिकार की स्थिति में हैं। दरअसल जिस तरह से दुनिया में नए नए गजेट्स आने लगे हैं, इलेक्ट्रिक वाहन, कार्बन उत्सर्जन के स्तर को कम करने और पर्यावरण को प्रभावित करने वाले उत्पादों के कम उपयोग पर जोर दिया जाने लगा है, उसके कारण खनिज संपदा संपन्न देशों का महत्व और अधिक बढता जा रहा है। चीन के लगभग एकाधिकार के कारण दुनिया के देश त्रस्त भी है। हमारे देश और राजस्थान में भी प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा है। माइनिंग सेक्टर आज उभरता हुआ सेक्टर है। निवेश, रोजगार और राजस्व की दृष्टि से खनिज संपदा का महत्व बढ़ता जा रहा है।

यही कारण है कि भारत सरकार ने क्रिटिकल मिनरल ब्लाकों की नीलामी अपने हाथ में ली है तो मिनरल एक्सप्लोरेशन कार्य में निजी प्लेयर्स की भी भागीदारी तय की जा रही है। समूचे देश में पिछले एक दशक में मिनरल एक्सप्लोरेशन के कार्य में तेजी आई है। हमारे देश में सतत खनन विकास पर जोर दिया जाने लगा है और 2016-17 से मेजर हो या माइनर मिनरल सभी माइंस नीलाम करना अनिवार्य कर दिया गया है। बदली परिस्थितियों में यह भी साफ हो जाना चाहिए कि सरकारों की ईच्छा शक्ति पर बहुत कुछ निर्भर करता है। इसका ताजातरीन उदाहरण राजस्थान सरकार और राजस्थान का खान एवं भूविज्ञान मंत्रालय है। देश-दुनिया में माइनिंग सेक्टर को नई पहचान देने के कारगर प्रयास राजस्थान में भजन लाल शर्मा सरकार ने कर के दिखाया है। केवल एक साल की समयावधी में ही माइनिंग सेक्टर में राजस्थान समूचे देश में लंबी छलांग लगाने लगा है। दिसंबर, 24 में सरकार ने कार्यभार संभालते ही माइनिंग सेक्टर में सरकार ने साफ संदेश दे दिया कि खनिज बहुल क्षेत्रों की एक्सप्लोरेशन रिपोर्ट का अध्ययन करते हुए डेलिनियेशन और प्लॉट व ब्लॉक तैयार करने के कार्य को प्राथमिकता दी जाए और विभाग इन तैयार प्लॉटों व ब्लॉकों की नीलामी का रोडमेप बनाकर पारदर्शी ऑक्शन प्रक्रिया को अमली जामा पहुंचायें। सरकार की मंशा के अनुसार विभागीय अमला भी जुट गया और नई सरकार बनने के तीन माह में ही 15 मेजर मिनरल ब्लॉकों का भारत सरकार के पोर्टल पर ई-नीलामी की गई तो एक साल से कुछ ही अधिक समय में नई सरकार बनने के बाद के जनवरी, 25 तक 15 ब्लॉकों सहित 15 जोड़ 34 ब्लॉक कुल 49 मेजर मिनरल ब्लॉकों की सफल नीलामी कर नया इतिहास रचा गया। राज्य सरकार की उपलब्धि को केन्द्र सरकार द्वारा भी सराहा गया और इसी 20 जनवरी, 25 को ओडिशा के कोणार्क में आयोजित नेशनल मांइस मिनिस्टर्स कॉन्फ्रेंस में वर्ष 2023-24 में देश में सर्वाधिक मेजर मिनरल ब्लॉक के ऑक्शन करने पर राजस्थान को प्रथम पुरस्कार देकर राजस्थान के प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है।

राजस्थान खनिजों की दृष्टि से समृद्ध प्रदेश हैं। राज्य सरकार ने एक बात साफ समझी है कि बेशकीमती खनिजों के अवैध खनन पर अंकुश लगाने का सबसे कारगर तरीका खनिज क्षेत्रों के ब्लॉक या प्लॉट तैयार कर इन्हें पारदर्शी तरीके से ई पोर्टल के माध्यम से नीलाम किया जाए। इससे बहुत हद तक बेशकीमती खनिजों के अवैध खनन को रोका जा सकता है। वैध खननधारक पर भी अवैध खनन गतिविधियों के लिए अब राज्य सरकार ड्रोन से एसेसमेंट अनिवार्य करने जा रही है। इसी तरह के अन्य सुधारात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। माइनर मिनरल और क्वारी लाइसेंसधारी खानों के माइनिंग प्लान और माइनिंग योजनाओं का ऑनलाईन अनुमोदन इस दिशा में बढ़ता नया कदम है। ऐसे में राजस्थान ही नहीं देश के खनिज प्रधान अन्य राज्यों की सरकारों को भी एग्रेसिव कदम उठाने होंगे ताकि देश की खनिज संपदा के अवैध खनन से होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। इसके साथ ही वैध खनन और सस्टेनेबल माइनिंग पर जोर देकर खनिज संपदा का बेहतर दोहन हो सके।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## 'सिंदूर तो सिर्फ झांकी है मेहंदी और हल्दी बाकी है'



डॉ सत्यवान सौरभ

सिर्फ सिंदूर से क्या होगा,
आग अभी सीने में बाकी है।
खून में जो लावा बहता है,
उसमें हल्दी की तासीर बाकी है।

फिर से हवाओं को रुख देना है,
इंकलाब की आंधी बाकी है।
धधकते शोलों में रंग भरना है,
अभी मेंहदी की सरगर्मी बाकी है।

रास्तों पर बिछी हैं दीवारें,
पर हमारे इरादों की ऊँचाई बाकी है।
सिर्फ झांकी दिखी है दुश्मन को,
हमारी असली अंगड़ाई बाकी है।

सिंदूर से कह दो धीरज रखे,
अभी हल्दी का रंग बाकी है।
हम जिंदा हैं तो यह दुनिया है,
हमारे खून में बगावत की रवानी बाकी है।

# खतरों के खिलाड़ी हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

बाल मुकुन्द ओझा

पुलवामा के बाद पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या के बाद ऑपरेशन सिन्दूर ने साबित कर दिया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खतरों के खिलाड़ी है। प्रधानमंत्री मोदी आतंकियों के ठिकानों को मिट्टी में मिलाने के अपने एक एक शब्दों पर कायम रहे और जो कहा उसे पूरा करके दुनिया को दिखा दिया। मोदी का जवाब पाकिस्तान में हाहाकार बनकर गूंज रहा है। भारतीय सेना के पराक्रम और ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है।

मिसाइल स्ट्राइक के बाद भारत ने साफ संदेश दे दिया है हमले का जवाब मुंहतोड़ मिलेगा। आतंकियों को किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जायेगा। नेहरू से लेकर मन मोहन सिंह के शासनकाल पर एक विहंगम दृष्टि डाले तो पाएंगे मोदी में साहस, हिम्मत, जज्बे के साथ कुछ कर गुजरने की अपार शक्ति है। मोदी जो कहते है उस पर दृढ़ता से कायम रहते है। गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री के शासन के कार्यकाल के दौरान जब भी उन्होंने कुछ कहा उस पर न केवल कायम रहे अपितु एक एक शब्द को कार्यरूप में परिणित किया। यह साल देश और मोदी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस साल मोदी जहाँ अपने शासन के 11 साल पूर्ण कर रहे है वहीं 75 साल की आयु भी पूरी करने जा रहे है। मोदी ने 26 मई 2014 को भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और 17 सितम्बर को 75 वर्ष के हो जायेंगे। मोदी भारत के प्रथम प्रधानमंत्री हैं जिनका जन्म आजादी के बाद हुआ है। देश की मीडिया में आजकल मोदी के उत्तराधिकारी को लेकर चर्चाओं और शिगूफों का बाजार गर्म हो रहा है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के संघ से संबंधों, इस साल 75 साल पूरे होने और लोकसभा चुनावों में भाजपा को अकेले पूर्ण बहुमत हासिल नहीं करने को लेकर देश ही नहीं वैश्विक मीडिया में भी लगातार बहस छिड़ी हुई है। लोग तरह तरह के अनुमान लगा रहे है। मोदी के चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर ने एक इंटरव्यू में कहा था ये नियम बनाया तो मोदी जी ने ही है, तो ये उन पर है कि वो इस नियम को मानेंगे या नहीं? हालांकि भाजपा में यह कहने वालों की कोई कमी नहीं है कि हाल फिलहाल भाजपा में मोदी का कोई विकल्प नहीं है और देश के अगले प्रधानमंत्री भी मोदी ही होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार 25 मई 25 को अपने शासन के 11 साल पूरे करने जा रही हैं। इन 11 सालों में मोदी सरकार ने अनेक क्षेत्रों में सफलता के परचम फहराए इसमें कोई दो राय नहीं है। इस अवधि में मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि ये रही कि सरकार के किसी मंत्री पर कोई भी भ्रष्टाचार या घोटाले का आरोप नहीं लगा। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी जनता की आशाओं अपेक्षाओं पर नितांत खरे उतरे। जन विश्वास अर्जित कर मोदी ने देशवासियों का आत्मसम्मान व राष्ट्र का गौरव बढ़ाने का काम किया है। अपने बलबूते पर तीसरी बार देश के प्रधान मंत्री बने नरेंद्र मोदी खतरे के खिलाड़ी है। वे हर समय कुछ नया करने की सोचते है। उनकी मंशा की थाह लेना मुश्किल है। गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान भी उन्होंने वह किया जो हर किसी के लिए संभव नहीं था। प्रधानमंत्री बनने के बाद वे एकाएक ही प्रादेशिक से राष्ट्रीय परिदृश्य पर धूमकेतु की तरह छा गए। राजनीति में ऐसे उद्धरण मिलना कठिन है। बताया जा रहा है राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने 2013 में वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को घर बैठाकर गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को तरजीह दी थी। संघ को अपने इस कार्य में अपेक्षित सफलता मिली और मोदी ने देखते देखते देश की कमान संभाल ली। इस साल उन्होंने तीसरी बार देश के प्रधान मंत्री का पदभार संभाला है। देश और दुनिया में यह मानने वालों की कमी नहीं है कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की जनता से संवाद शक्ति बेमिसाल है। भाजपा को चुनावी विजय दिलाने में मोदी का जनता से सीधा और जीवंत संवाद है। जनता से उनका ऐसा ही जीवंत संवाद तब देखने को मिलता है जब वे चुनावी सभाओं को संबोधित करते है। जनता जनार्दन मोदी मोदी के नारे के साथ उनका करतल ध्वनि से स्वागत करते है। अपनी बेहद अनूठी और मन मोह लेने वाली संवाद कला से लोगों का दिल जीत लेते हैं प्रधानमंत्री मोदी। राजनीतिक समीक्षकों का मानना है आज मोदी जिस शिखर पर हैं, वहां पहुँचने में उनकी संवाद शैली की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने गुजरात के मुख्यमंत्री के कार्यकाल के दौरान मोदी की जन संवाद की इस अनूठी और रोचक विशेषता को पहचान लिया था। संघ को मोदी में भारत का भविष्य दिखाई देने लगा। इसे पहचानकर संघ के शीर्ष नेतृत्व ने तत्काल मोदी को आगे करने का ऐतिहासिक फैसला लिया। और इसमें संघ को सफलता भी मिली। आज एक स्वयंसेवक देश के सत्ता शिखर पर सवार है। यह मोदी की संवाद शैली का असर है कि चुनावी संग्राम में वे सबसे आगे है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## आज का राशिफल

**मेष** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**वृष** : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**मिथुन** : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**कर्क** : किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें।

**सिंह** : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**कन्या** : शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**तुला** : लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**वृश्चिक** : कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**धनु** : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे।

**मकर** : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**कुंभ** : विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी।

**मीन** : कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# ब्लॉक स्तर पर कैंप लगाकर लाभार्थियों को दिलाया जा रहा योजनाओं का लाभ

- डीएम के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग के कर्मचारी एक-एक कर हर ब्लॉक में लगा रहे शिविर
- डीएम की अपील, कैंप में पहुंचकर पात्र लाभार्थी योजना का ज्यादा से ज्यादा उठाएं लाभ

**बरेली, 08 मई (तरूणमित्र)।** सभी गरीबों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे इसको लेकर नए डीएम अविनाश सिंह बेहद गंभीर है।




जनपद के आम आदमी तक हर योजना का लाभ पहुंचे इसके मकसद से पिछले सप्ताह डीएम ने डीपीओ मोनिका राणा को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए ब्लॉक स्तर पर कैंप लगाने के निर्देश दिए थे। अब जनपद के सभी ब्लॉकों में हर महीने प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को बारी-बारी से कैंप लगाया जा रहा है। कैंप लगाने की शुरूआत 7 मई से कर दी गई है। बृहस्पतिवार को ब्लॉक शेरगढ़ के सभागार में 11:00 बजे से महिला कल्याण विभाग द्वारा कैंप लगाया जाएगा। कैंप में मुख्य रूप से पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य आदि योजनाओं के पात्र लाभार्थी योजना का लाभ उठा सकते हैं। डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि विकास खंड शेरगढ़ की समस्त जनता से अपील है की शासन द्वारा चलाई जा रही महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं में लाभ लेने हेतु नियत तिथि, समय एवं स्थान पर पहुंचकर योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## श्रीहरि मंदिर प्रबंध समिति की छबील सेवा जारी

**बरेली, 08 मई (तरूणमित्र)।** श्री हरि मंदिर प्रबंध समिति बरेली एवं महिला मंडल बरेली द्वारा एकादशी के पवन पर्व पर बृहस्पतिवार को अष्टम दिवस शरबत की छबील सेवा मंदिर के मुख्य द्वार पर रवि छाबड़ा के निर्देशन में हुई। मंदिर सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री ठाकुर जी अपार कृपा से भीषण गर्मियों में श्री हरि मंदिर प्रबंध समिति एवं महिला मंडल द्वारा राहगीरों, स्कूली बच्चों व आम जनता के लिए रोज दोपहर 12.30 बजे से शरबत का छबील सेवा श्री हरि मंदिर मुख्य द्वार पर चल रही है जो कि प्रभु इच्छा तक चलेगी। आज शरबत सेवा का अष्टम दिवस है।

मुख्य रूप से मंदिर अध्यक्ष सुशील अरोरा, सचिव रवि छाबड़ा, रंजन कुमार, रेनू छाबड़ा, नेहा आनंद, सोनिका आहूजा, निशा लखयानी, ज्योति, वासवी रंजन आदि उपस्थित रहे।



## छुट्टा गौवंश को पकड़कर वृहद गौशाला भिजवाया



**मीरगंज बरेली, 08 मई (तरूणमित्र)।** गुरुवार को ग्राम पंचायत बल्लिया और ग्राम पंचायत आनंदपुर क्षेत्र से 9 छुट्टा गौवंशो को पकड़कर वृहद गौशाला ग्राम चुरई दलपतपुर भिजवाया। विकास खंड मीरगंज की ग्राम पंचायत बल्लिया और आनंदपुर क्षेत्र से छुट्टा घूमने वाले पशुओं को पकड? और उन्हें गौशाला में पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

गांव बल्लिया में ग्राम प्रधान टीकाराम सचिव गजेंद्र वर्मा और गांव आनंदपुर में प्रधानपति चरन सिंह सहित टीम द्वारा सड़कों और गांव क्षेत्र में घूमने वाले नौ छुट्टा गौवंशो को पकड़ा गया है और गांव चुरई दलपतपुर स्थित वृहद गौशाला में कैटल कैचर द्वारा पहुंचाया गया। खंड विकास अधिकारी भगवानदास ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर ग्राम पंचायतों में आवारा गौवंश को पकड़कर गौशाला में संरक्षित करने का अभियान चलाया जा रहा है। लोगों से अपील है कि जो लोग गाय को पाल रहे हैं वह गाय को खुले में न छोड़ें। ग्राम पंचायत सचिव गजेंद्र वर्मा ने ग्रामीणों से कहा कि वे गौवंशों को दूध निकालकर न छोड़े। उनका पालन पोषण करें। जो भी ग्रामीण गौवंश को पालेंगे उन्हें सरकार से 1500 रुपए प्रति माह प्रति गौवंश की राशि मिलेगी। छुट्टा गौवंश पकड़ने के दौरान पशु विभाग से डॉक्टर एमपी सिंह भी मौजूद रहे।

## लोक अदालत के प्रचार वाहन को जिला जज ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**फिरोजाबाद, 08 मई (तरूणमित्र)।** यातायात विभाग द्वारा जनपद की समस्त तहसीलों एवं ब्लॉकों में आगामी 10 मई को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन उपलब्ध कराया गया है जनपद न्यायाधीश डॉ बब्बू सारंग ने बुधवार को जनपद की समस्त तहसीलों एवं ब्लॉकों में राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु इस वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश, प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ बब्बू सारंग ने बताया कि इस वाहन के द्वारा प्रचार कराने का मुख्य उददेश्य है, कि जनपद फिरोजाबाद की समस्त तहसीलों एवं ब्लॉकों में आगामी 10 मई को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की महत्ता एवं लाभों के बारे में जनमानस को बताया जा सके। प्राधिकरण के सचिव, अपर जिला जज अतुल चौधरी ने बताया कि इस प्रचार वाहन के माध्यम से जन-जन तक राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जागरूकता फैलायी जायेगी।

इस वाहन द्वारा प्रत्येक ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर जन-जन को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बतायेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में दीवानी, फौजदारी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, धारा 138 एन०आई०एक्ट, उत्तराधिकार, वैवाहिक वाद, श्रम, राजस्व, स्टाम्प, चकबंदी, नकल अध्यादेश, बैंक व मोबाइल कम्पनी के बकाया, विद्युत, बांट माप, घरेलु हिंसा, भरण पोषण व अन्य लघु फौजदारी वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौतों के द्वारा किया जायेगा।इस अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं पैरा विधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

### बंदरों का आतंक, राष्ट्रीय पक्षी मोर की हत्या कर रहे हैं बंदर

**फिरोजाबाद, 08 मई (तरूणमित्र)।** थाना एका क्षेत्र में बंदरों ने सैकड़ो राष्ट्रीय पक्षी मोरों को मार डाला 112 डायल कर वन विभाग को सूचना दीगांव प्रेमपुर में नहर के किनारे बढ़ रही बंदरों की संख्या से लोग परेशान है। आते जाते समय कभी भी लोगों पर हमला कर देते हैं, और सामान छीन ले जाते हैं। लेकिन अब तो हद हो गई है। बंदरों ने राष्ट्रीय पक्षी मोरों को मारना शुरू कर दिया है। बन्दरो ने शिवजी के मंदिर के पीछे मातादीन फौजी के घर के पास एक मोर को भागते हुए पकड़ लिया और उसके पंख उखाड़ दिये पटक पटक कर मारते समय चिल्ला रहे, मोर की आवाज सुनकर ग्रामीण बच्चे एकत्रित हुए डंडों से बंदरों को मार कर भगाया और मोर को छुड़ा लिया, घबरा गये मोर ने थोड़ा सा पानी पिया और अपने प्राण छोड़ दिये। बंदरों के आतंक को देखते हुए ग्रामीणों ने 112 पर सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने वन विभाग को सूचित किया बुधवार को वनरक्षक रामबाबू सिंह को ग्रामीणों ने मृत्यु मोर को सोपते हुए बंदरों के आतंक से गांव वालों को मुक्त करने के लिए कहा।

## दुष्यंत पुस्तकालय का डीएम ने किया निरीक्षण

**बिजनौर, 08 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा औचक रूप से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, पॉलिटेक्निक सीतापुर नेत्र चिकित्सालय तथा दुष्यंत पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा बीएसए कार्यालय परिसर में स्थित पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के समय 05 युवा लाइब्रेरी में अध्यन करते हुए पाए गए। पुस्तकालय में बैठने की अपेक्षित जगह न होने के कारण उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि अनावश्यक अलमारी और अनावश्यक पुस्तकों को वहां से हटाए तथा उसके स्थान पर बैठने की व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उन्होंने लाइब्रेरी में पुस्तकों की जानकारी भी प्राप्त की और कंपटीशन आधारित पुस्तकों को भी पुस्तकालय में उपलब्ध करने के निर्देश दिए। तदुपरांत उनके द्वारा जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गंदगी पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि तत्काल सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराते उसे नियमित रखें जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा इंदिरा बालभवन में रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान आयोजित दिव्यांग जनों को निशुल्क उपकरण वितरित करने के लिए आयोजित पंजीकरण कैंप का भी निरीक्षण किया गया।

उन्होंने निर्देश दिए कि पात्रता के आधार पर सभी दिव्यांग जनों को निशुल्क उपकरण उपलब्ध कराने के लिए अधिक से अधिक पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। पॉलिटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण के दौरान सत्र पूरा होने के कारण कॉलेज में बच्चे नहीं पाए गए परंतु सभी व्यवस्थाएं कंप्यूटर कक्ष, कार्यशाला आदि सुव्यवस्थित पाए जाने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।

खाली कक्षाओं में एलईडी पाए जाने पर उन्होंने अपने सामने एलईडी संचालन कराया, जो सुचारू रूप से क्रियाशील पाई गई। उन्होंने कॉलेज के प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ करें और नियमित रूप से कॉलेज एवं परिसर को स्वच्छ रखें। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने दुष्यंत लाइब्रेरी का निरीक्षण करते हुए वहां अध्ययन कर रहे बच्चों से बातचीत की और किताबों की उपलब्धता के बारे में पूछा। पुस्तकालय में पुरानी किताबें पाए जाने पर उन्होंने निर्देश दिए कि उनके स्थान पर नई पुस्तक जिनमें कंपटीशन से संबंधित पुस्तक भी शामिल हों, उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय के तीनों कक्षों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त पाई गई।

## छात्र छात्राओं ने किया बीएसए कार्यालय का शैक्षिक भ्रमण

**बदायूं, 08 मई (तरुणमित्र)।** गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय बदायूँ का शैक्षिक भ्रमण संविलियन विद्यालय उसहैत के छात्र छात्राओं ने किया। बीएसए वीरेन्द्र कुमार सिंह ने बच्चों को सम्पादित होने वाले बेसिक शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा के विभिन्न कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में नामांकित छात्र छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जा रही सुविधाएं निशुल्क ड्रेस, जूता मोजा, पाठ्य-पुस्तक एवं दिव्यांग बच्चों हेतु प्रदान की जा रहीं विभिन्न सुविधाओं से परिचय जानकारी दी। बीएसए ने बच्चों को विभिन्न पटल पर ले जाकर उन्हें समग्र शिक्षा एवं बेसिक शिक्षा में आनलाइन कार्यों के बारे में जानकरी कराई गयी। बीएसए ने कहा कि सही दिशा एवं पूर्ण मनोयोग से शिक्षा को प्राप्त कर देश की विभिन्न सेवाओं में योगदान करेंगे तथा देश को उन्नति के पथ पर अग्रसर करते हुए देश के निर्माण में योगदान करें। बच्चे कार्यालय में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ कार्यालय का भ्रमण कर उत्साहित दिखे।



## संक्षिप्त समाचार

### युवक ने की आत्महत्या

**पीलीभीत, 08 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार रात जहानाबाद क्षेत्र के गौटिया में यूकलिप्टस के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम परेवा वैश्य क्षेत्र के नगरिया सहगवां गौटिया निवासी कमलेश मौर्य पुत्र रामचंद्र ने यूकलिप्टस के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कमलेश अपने साले रवि की शादी से अपनी पत्नी को उसके मायके रूपपुर कृपा में छोड़कर घर लौटा था। घटना के समय वह शराब के नशे में था। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के ससुराल पक्ष के लोग भी पहुंचे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहानाबाद थानाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस आत्महत्या के अन्य कारणों की भी जांच कर रही है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हो सकेगा

### राज्य कर अपर आयुक्त ने की समीक्षा व्यापारियों से किया संवाद

**पीलीभीत, 08 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार को राज्य कर कार्यालय में बरेली के अपर आयुक्त ग्रेड-2 आशीष रंजन की अध्यक्षता में बैठक हुई। समस्त खण्ड अधिकारियों के साथ खण्ड कार्यालय सम्बन्धित विषयों की समीक्षा की गयी। बैठक में प्रमुख रुप से पंजीयन और राजस्व वृद्धि की समीक्षा की गयी। व्यापारियों व अधिवक्ताओं से आ रही समस्याओं व सुझाव प्राप्त किये। अधिकारियों को व्यापारियों व व्यापार मण्डल से समन्वय स्थापित करते हुए पंजीयन कैम्प लगाने का निर्देश दिये गये। सचल दल के अधिकारियों के साथ प्रर्वतन सम्बन्धित विषयों की समीक्षा व संवाद किया। बैठक में विभाग के अन्य अधिकारी संयुक्त आयुक्त नीलम रानी, विजय कुमार गौड़, हिम्मत सिंह, संजीव कुमार ओमर, रिकेश सिंह, सहायक आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद चौहान, प्रेमचन्द्र आदि मौजूद रहे।

### सेना ने देश को गौरवान्वित किया: आबिद रजा

**बदायूं, 08 मई (तरुणमित्र)।** गुरुवार को पूर्व मंत्री आबिद रजा ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने जिस तरह बेगुनाह लोगो को उनके परिवार के सामने हत्या की ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के ठिकानों को खत्म करके हिन्दुस्तान की सेना ने देश को गौरवान्वित किया है। मैं हिंदुस्तान की सेना को सेल्यूट करता हूं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की एयर स्ट्राइक को लीड सोफिया कुरैशी ने किया इससे देश की एकता व अखंडता साबित होती है। यह हिंदुस्तान के लिए गर्व की बात है।

### तिरुपति बालाजी प्रतिमा शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा का स्वागत किया गया



**फिरोजाबाद, 08 मई (तरूणमित्र)।** भूखे को निःशुल्क भोजन कराने वाली प्रमुख समाजसेवी संस्था दिव्य नारायण सेवा संस्थान द्वारा भगवान तिरुपति बालाजी महाराज की एक प्रतिमा दुर्गा नगर गली नंबर तीन स्थित दुर्गा देवी मंदिर में स्थापित की जा रही है, जिसकी शोभायात्रा एवं कलश यात्रा का शुभारंभ आज अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष आनंद मित्तल ने हरी झंडी दिखाकर किया।शोभायात्रा का आरती उतारकर प्रांतीय उपाध्यक्ष मुकेश बंसल, महामंत्री दिनेश अग्रवाल व कोषाध्यक्ष कुलदीप मित्तल एडवोकेट ने स्वागत किया।अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा इस शोभा यात्रा का स्वागत वरिष्ठ सदस्य देव प्रकाश अग्रवाल के प्रतिष्ठान गंगा बेंगल, निकट गौतम कपड़े वाले, सर्कुलर रोड पर पुष्प वर्षा कर, शीतल जल और शिकंजी पिलाकर किया गया। स्वागत समारोह के अवसर पर भोग लगाकर प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर पर देव प्रकाश अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल पटना, अनिल अग्रवाल चॉइस, राकेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, गोविन्द मित्तल, अम्बरीष अग्रवाल, मुकेश, आनंद, दिनेश, कुलदीप आदि उपस्थित रहे।

## नए डीआईजी ने चार्ज संभालते ही रेंज कार्यालय का किया निरीक्षण

**बरेली, 08 मई (तरूणमित्र)।** नए डीआईजी अजय कुमार साहनी ने चार्ज संभालते ही बृहस्पतिवार को परिक्षेत्र कार्यालय की सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी अफसर और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नए डीआईजी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि साइबर क्राइम, कानून व्यवस्था, बीट पुलिसिंग और सामाजिक सौहार्द उनकी प्राथमिकता में शामिल है। इन सभी की जानकारी के लिए उन्होंने स्कूलों में अभियान चलाने की बात कही। कहा कि वह स्वयं भी विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। डीआईजी ने चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी समाज में खलल डालेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के नाम से मशहूर अजय कुमार साहनी 2009 बीच के आईपीएस अधिकारी हैं। इस दौरान एसएसपी अनुराग आर्य साथ रहे।



## एक राष्ट्र-एक चुनाव से समय और धन की होगी बचत : जेपीएस राठौर

**बरेली, 08 मई (तरूणमित्र)।** बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय पर प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन सिद्धि विनायक इंस्टीट्यूट में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर रहे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना है। जिससे प्रशासनिक खर्चों की बचत हो, विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। इस विषय की चर्चा शहर-शहर, गांव-गांव एवं प्रत्येक जन मानस के बीच मे होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की केंद्र की सरकार बिल को पास करवाने के लिए आम जनता जनमानस के बीच में प्रस्ताव लेकर कर आई है, आप सभी की सहमति के आधार पर इस बिल को पास किया जाएगा। उन्होंने कहा वन नेशन वन इलेक्शन से लोकतांत्रिक प्रक्रिया अधिक सशक्त और पारदर्शी बनेगी तथा मतदाताओं में जागरूकता और मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव से समय और धन की बचत होगी।

देश का विकास होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही तीन तलाक, राम मंदिर और धारा 370 हटने जैसे बड़े ऐतिहासिक कार्य हुए है। पहलगाम में आतंकवादियों ने हमारी मां-बहनों के सिंदूर को उजाड़ने का काम किया था और प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में ही हमारी भारतीय सेना ने उन आतंकवादियों और उनके ठिकानों को मिट्टी में मिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा पहले भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ-साथ हुए है। यह एक चुनाव का क्रम कांग्रेस ने बिगाड़ा। जनहित के लिए अब फिर साथ में चुनाव आवश्यक हैं।

उन्होंने कहा कि बार बार चुनाव होने से आचार संहिता के कारण विकास कार्य अधूरे रह जाते है। बार-बार चुनाव होने से देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न होती है। वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन प्रत्येक जन मानस को करना चाहिए।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बरेली सोमपाल शर्मा, आंवला जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, विधायक डॉ डीसी वर्मा, विधायक डॉ० एमपी आर्य, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, अनुपम कपूर, वीरपाल गंगवार, मेघनाथ सिंह कठेरिया, डॉ निर्भय गुर्जर, अजय सक्सेना, चंचल गंगवार, जिला मीडिया प्रभारी अंकित माहेश्वरी, राहुल साहू, अभय चौहान, अंकित शुक्ला, नेहा कन्नौजिया, डॉ हरिशंकर गंगवार, योगेश पटेल, सत्येंद्र यादव, डॉ आशुतोष गंगवार, शिवम शर्मा, मुकेश राजपूत, अजय अरोरा, राम गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीडी रेश्यो कम वाले बैंक विशेष रूप से करें कार्य -जिलाधिकारी

## डीएम ने की जिला सलाहकार व जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक

**बरेली, 08 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को जिला सलाहकार समिति डीडीसी/जिला स्तरीय समीक्षा समिति डीएलआरसी की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में ऋण जमा अनुपात का तुलनात्मक विवरण ( सीडी रेशो )अग्रिम राशियां, वार्षिक ऋण योजना वर्ष 2024-25 में लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, जनसुनवाई आईजीआरएस पोर्टल, गैर निष्पादित परिसंपत्तियों, वित्तीय साक्षरता केन्द्रों एवं ग्रामीण स्वतः रोजगार प्रशिक्षण संस्थान, विभागों द्वारा प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन बैंकों का सीडी रेश्यो 60 प्रतिशत से कम हैं उन्हें विशेष रुप से कार्य करने की आवश्यकता है तथा जिनका सीडी रेश्यो 40 प्रतिशत से कम हैं तो वह अपना एक्शन प्लान बनाए कि माह दर माह किस प्रकार प्रगति करनी है और यह एक्शन प्लान जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक के कार्यालय में भी जमा कराएं। बैठक में उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में जनपद का लक्ष्य 2700 का है, यथाशीघ्र लोन स्वीकृत कर वितरण कराये।



बैठक मे निर्देश दिए गए कि यह गरीब लोगों को रोजगार शुरू करने के लिये सरकार की ओर से एक छोटी आर्थिक मद्द है यह सामाजिक हित का कार्य है। जबकि बैंक को सरकार सीधे ब्याज दे रही है इसलिये कस्टमर आपसे एप्रोच करें यह अपेक्षा ना करें आप स्वयं उनसे सम्पर्क करें। बैठक में अग्रणी बैंक प्रबन्धक द्वारा जानकारी दी गयी कि यदि किसी को बिजनेस बढ़ाने के लिए भी लोन की आवश्यकता है तो स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। तहसील बहेड़ी का ऋण बरेली में और बरेली में बहेड़ी का ऋण स्वीकृति किया जा सकता है, इसमें कोई समस्या नहीं है।

बैठक में अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3984 स्वयं सहायता समूहों में सीसीएल की सुविधा के लक्ष्य के सापेक्ष 3886 समूहों के सीसीएल सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभाग द्वारा 401 लाख लक्ष्य के सापेक्ष 1043.77 लाख मार्जिन मनी की पत्रावलियों को प्रेषित किया गया तथा 477.39 लाख मार्जिन मनी की पत्रावलियां स्वीकृति हुई, 429.99 लाख मार्जिन मनी की पत्रावलियां वितरित की गयी। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में विभाग द्वारा प्रेषित सूचना के अनुसार वार्षिक लक्ष्य पूर्ण/समायोजित हो गए हैं। एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में विभाग द्वारा 322 लाख मार्जिन मनी लक्ष्य के सापेक्ष 947.52 लाख मार्जिन मनी की पत्रावलियों को प्रेषित किया गया तथा 593.75 लाख मार्जिन मनी की पत्रावलियां स्वीकृत हुई, 575.74 लाख मार्जिन मनी की पत्रावलियां वितरित की गयी। बैठक में अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में विभाग द्वारा 3000 लक्ष्य के सापेक्ष 5585 पत्रावलियों को प्रेषित किया गया तथा 1257 पत्रावलियां स्वीकृत हुईं। खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में विभाग द्वारा प्रेषित सूचना के अनुसार वार्षिक लक्ष्य पूर्ण/समायोजित हो गए हैं।

# रक्तदान शिविर का डीएम ने किया शुभारंभ



- रक्तदानियों को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित
- रेडक्रास चेयरमैन ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को बांटी पठन-पाठन सामग्री

**फतेहपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** विश्व रेडक्रास दिवस व विश्व थैलेसीमिया दिवस पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में इस वर्ष की थीम मानवता के पक्ष में के भाव को हृदय में रखकर चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला अस्पताल में फल वितरण, प्राथमिक विद्यालय महाजरी के बच्चों को पठनपाठन सामग्री वितरण व रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल रक्तकेंद्र में किया गया।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ आरपी सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजीव नयन गिरि, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रभाकांत सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को डॉ अनुराग व उनके साथियों द्वारा बैज अलंकृत, शाल व पुष्प के पौधे भेंटकर सम्मानित किया। रेडक्रास के संस्थापक सर जॉन हेनरी ड्यूनेंट की प्रतिमा में जिलाधिकारी सहित सभी विशिष्ट अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया सभी सदस्यों ने प्रतिमा में पुष्पांजलि दी तत्पश्चात सभी रक्तदानियों को जिलाधिकारी व सभी अधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रक्तदानियों में प्रदीप कुमार रमन उपजिलाधिकारी सदर, डॉ निशात शहाबुद्दीन जिला क्षय रोग अधिकारी, अजीत सिंह सचिव, संगीता देवी, श्रवण मिश्रा, केके सिंह, नाजिम, शहनूर आलम, नितिन कुमार, वागीश शुक्ल, नरेश कुमार, रावेंद्र कुमार द्विवेदी, हिमांशु शुक्ल, प्रशांत तिवारी, गोवर्धन लोधी, इमरान, कृष्ण चंद्र मौर्य, सुभाष सिंह, प्रवीण कुमार, लाल सिंह सहित 20 लोग रहे। साथ ही प्रातः सात बजे चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा जिला अस्पताल महिला वार्ड में भर्ती सभी महिलाओं तथा पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती सभी बच्चों को फल व बिस्कुट का वितरण किया गया। तत्पश्चात प्राथमिक विद्यालय महाजरी कांशीराम कालोनी महर्षि विद्या मंदिर के पीछे जहाँ अतिजरूरतमंद बच्चों को कापी, पेंसिल, रबर, कटर, टॉफी इत्यादि का वितरण किया। बच्चों को चिकनपॉक्स के संक्रमण को कम करने व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि भी प्रदान की।

# डीएम अभिषेक पाण्डेय ने ली (डी०सी०डी०सी०) की बैठक




**हापुड़, 8 मई (तरुण मित्र)।** आज डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलपमेन्ट कमेटी (डी०सी०डी०सी०) की बैठक जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित की गई। बैठक में उप दुग्धशाला विकास अधिकारी के प्रतिनिधि द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि जनपद में 112 दुग्ध समिति पंजिकृत है जिनमें से 27 समिति निष्क्रिय है, बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा दुग्ध विभाग को लक्ष्य के अनुसार 14 दुग्ध समिति नयी बनाने एवं निष्क्रिय समितियों को सक्रिय करने के निर्देश दिये गये।

सहायक निदेशक, मत्स्य द्वारा बताया गया कि जनपद में 04 मत्स्य सहकारी समिति पंजीकृत है तथा मत्स्य सहकारी समिति वैट में पीर नगर ग्राम में पट्टा आबंटन उपरान्त स्वीकृति पत्र नहीं मिला है। जिलाधिकारी द्वारा सहायक निदेशक, मत्स्य हापुड़ को निर्देश दिये गये कि उपजिलाधिकारी गढ़मुक्तेश्वर को उनकी ओर से पत्र प्रेषण हेतु पत्र प्रस्तुत करें। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता द्वारा बताया गया कि जनपद में 36 बी-पैक्स संचालित है तथा भारत सरकार द्वारा 15 नयी बी-पैक्स बनाने का लक्ष्य दिया गया है। जनपद में लक्ष्य के सापेक्ष 07 नयी बी-पैक्स का निबन्धन / पंजीकरण हो गया है तथा शेष 08 नयी समितियों का गठन इस वर्ष हो जायेगा। नवगठित समितियों हेतु उनके भवन/गोदाम हेतु भूमि उपलब्ध कराने तथा पूर्व से स्थापित सहकारी समितियों की भूमि को समिति के नाम अभिलेखों में दर्ज कराने पर चर्चा की गयी। सहकारी समितियों द्वारा त्रैमासिक आधार पर किसी प्राईवेट ऑडिटर से ऑडिट कराने पर भी चर्चा की गयी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, (राजस्व), जिला कृषि अधिकारी, हापुड़, जिला खाद्य एवं विपणन अधि अधिकारी हापुड़, उप दुग्धशाला विकास अधिकारी, के प्रतिनिधि, जिला सूचना अधिकारी हापुड़, राज्य भण्डारण निगम के प्रतिनिधि, मैनेजिंग डायरेक्टर, जिला दुग्ध संघ के प्रतिनिधि, सचिव/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जिला सहकारी बैंक गाजियाबाद, डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेन्ट मैनेजर (डी०डी०एम०) नाबार्ड, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता हापुड़, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, जिला पूर्ति अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, हापुड़, सहायक निदेशक, मत्स्य हापुड़, भारतीय खाद्य निगम के प्रतिनिधि, जिला उद्यान अधिकारी, हापुड, जिला गन्ना अधिकारी के प्रतिनिधि के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**फतेहपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** थरियांव थाना क्षेत्र के रसूलाबाद रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आ जाने से 35 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं मृतक के परिजनो की शिनाख्त पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के भोजपुर टेक्सारी बुजुर्ग गांव निवासी गुलाब सिंह का पुत्र विमल सिंह रसूलाबाद रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गयी। वहीं मृतक की जेब से मिले आईडी के अनुसार पुलिस ने परिजनो को सूचना दे दी। घटनास्थल आये घर वालो ने मृतक की शिनाख्त किया। जिस पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# जिला कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ की 27 सदस्यीय कमेटी गठित



**फतेहपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष आदित्य श्रीवास्तव ने अपनी 25 सदस्यीय कमेटी का गठन कर दीवानी स्थित बार हाल में सभी पदाधिकारियों का स्वागत कर मुंह मीठा कराया। साथ ही सभी को निष्ठा के साथ कांग्रेस की नीतियों पर चलने का संकल्प कराया।

नवनियुक्त कमेटी में तीन उपाध्यक्ष चंद्रेश श्रीवास्तव, नरसिंह चंद्रा, अजय कुमार के साथ नौ महासचिव शिव मोहन शुक्ला, सिद्धार्थ सिंह, शिवम सिंह, रवि प्रताप सिंह, आशुतोष तिवारी, सिद्धार्थ सिंह-2, अंबेश मिश्रा, प्रदीप सिंह, विनोद श्रीवास्तव को रखा गया है। साथ ही तेरह सचिव हिमांशु पांडेय, पप्पी राजपूत, शतीश शर्मा, मोइन अहमद, संदीप कुमार, प्रदीप कुमार, बीरसेन, आशीष कुमार गुप्ता, मो. अब्बास, विकाश यादव, ब्रजेश सिंह, अनु तिवारी, ममता अवस्थी को लेते हुए आशीष कुमार मिश्र को कोषाध्यक्ष एवं आशीष सिंह चौहान को मीडिया प्रभारी बनाया गया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि किसी भी संगठन में वकीलों का होना बहुत महत्व रखता है। उन्होंने महात्मा गांधी का हवाला देते हुए कहा कि वह भी एक बड़े वकील थे परन्तु देश प्रेम के वशीभूत होते हुए सब कुछ त्याग कर मात्र एक लंगोटी में रहते हुए अपनी काबिलियत के बल पर देश को आजादी के मुकाम तक पहुंचाया। समारोह में उपस्थित तमाम वरिष्ठ अधिवक्ता, सूर्य बलि निषाद, श्रवण कुमार गौड़, आफताब अहमद, संतोष कुमारी शुक्ला, मणि प्रकाश दुबे आदि ने भी अपने संबोधन में किसी संगठन में विधि प्रकोष्ठ का महत्व बताया। समारोह में शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा, शिवाकांत तिवारी, आशीष गौड़, ब्रजेश मिश्रा, सुरेश तिवारी, देवी प्रकाश दुबे, अनुराग मिश्र, अमरनाथ कैथल, आनंद सिंह, सहाब अली, ओम प्रकाश कोरी, पूनम द्विवेदी, अरुण जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**अमरोहा, 08 मई (तरूणमित्र)।** कलेक्ट्रेट सभागार में आज जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने ग्राम लुहारी भूड़ व मीरपुर में चक सीमांकन एवं कब्जा परिवर्तन कार्य को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा कि सभी कार्य हर हाल में 15 जून तक पूर्ण कर लिए जाएं।

बैठक में जनपद के चार ग्रामों में अंतिम अभिलेख निर्माण कार्य की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगामी बैठक तक कार्य में सुधार नहीं दिखा, तो संबंधित सहायक चकबंदी अधिकारियों (एसीओ) के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। चकबंदी विरोध वाले ग्रामों में कृषकों से संवाद स्थापित कर कार्य को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने तीन वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन 10 ग्रामों में चक निर्माण प्रस्तावित है, वहां 'उड़ान चक' न बनाएं और पारदर्शिता के साथ कृषकों की सहमति प्राप्त कर चक निर्माण कार्य किया जाए।

# रामचरित मानस गायन एवं वाचन कार्यशाला का शुभारंभ




- अभिव्यक्ति संग संस्कारों की शिक्षा, रामचरित मानस कार्यशाला प्रारंभ

**एटा, 08 मई (तरूणमित्र)।** एचआर पब्लिक स्कूल, आनंदपुरी पुलिस लाइन, एटा में 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन रामचरित मानस गायन एवं वाचन कार्यशाला का शुभारंभ 7 मई से हुआ। यह कार्यशाला संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश, संस्कार भारती एवं एडूलीडर्स यूपी के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश के 75 जनपदों में आयोजित की जा रही है।

कार्यशाला का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधक इंद्रजीत सिंह ने प्रभु श्रीराम एवं मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। जनपद समन्वयक मुकेश यादव के मार्गदर्शन में कवि सर्जन शीतल, रामकृष्ण मिश्र एवं विनोद कुमार ने प्रशिक्षण कार्य प्रारंभ किया।

विद्यालय के 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर वेद मर्मज्ञ रामौतार, आर्य समाज सेवीगण एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यशाला में श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों की चर्चा की गई, जिससे वातावरण राममय हो गया। कार्यशाला 16 मई 2025 तक आयोजित की जाएगी, जिसमें छात्रों को गायन एवं वाचन की पारंपरिक विधाओं से जोड़ा जाएगा।

## अनियंत्रित बाइक गिरी, मासूम घायल

**फतेहपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम लकडी मथैयापुर के समीप गुरूवार की सुबह साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से चार वर्षीय मासूम बच्चा घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार हथगाम थाना क्षेत्र के जमोरा गांव निवासी मोहसिन का पुत्र रेहान गुरूवार की सुबह अपने मामू शमशाद व मामी के साथ बाइक से ननिहाल हुसैनगंज थाने के मकनपुर गांव आ रहे थे। जैसे ही यह लोग लकडी मथैयापुर के पास पहुंचे तभी अचानक सामने से साइकिल सवार आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर बाइक गिर गयी। जिससे मासूम बच्चा घायल हो गया और उसका एक पैर टूट गया।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर फिजियोथेरेपी सेंटर का शुभारंभ




**मुजफ्फरनगर, 08 मई (तरूणमित्र)।** रेडक्रास दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस भवन में एक शानदार समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर संजय वर्मा सहित अनेक आधिकारिगण एवं गणमान्य व्यक्ति व रेड क्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रेड क्रॉस संचालन समिति के चेयरमैन डॉ अशोक अरोड़ा ने बताया कि विश्व स्तर पर रेड क्रॉस की स्थापना वर्ष 1862 में हुई थी और इसके जनक हैं सर हेनरी डोनेट जी जिन्होंने पहला शांति पुरस्कार प्राप्त किया था। भारत में संसद द्वारा पारित अधिनियम के अंतर्गत पूरे देश में यह संस्था कार्यरत है संसार के 163 देश इसके सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि मुजफ्फरनगर जनपद में भी इस समय लगभग 250 आजीवन सदस्य हैं जिनकी संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने जानकारी दी की रेड क्रॉस के माध्यम से शीघ्र ही जनपद में ऑक्सीजन बैंक की भी स्थापना होगी इस अवसर पर लाभार्थियों एवं सदस्यों को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉक्टर सुनील तेवतिया ने कहा कि आगामी कुछ दिनों में रेड क्रॉस सोसाइटी के गठन का कार्य पूर्ण कर सभी को परिचय पत्र आदि दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि रेड क्रॉस की स्वास्थ्य जगत में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका है। खास तौर पर जब देश या विदेश में युद्ध के बादल मंडरा रहे हो और ऐसे में घायल सैनिकों की मदद के लिए रेड क्रॉस ही सर्वोत्तम माध्यम है। सीएमओ ने आम जनमानस से इस कार्य में सहयोग देने की अपील की। उन्होंने रेडक्रॉस भवन में फिजियोथैरेपी सैन्टर का शुभारम्भ करते हुए कहा कि इसकी सेवाएं आम जनमानस के लिए निःशुल्क रहेगी। इसके अतिरिक्त संस्था के वाइस चेयरमैन डॉ राजीव कुमार ने भी अपने-अपने विचार प्रकट किये। रोहिताश वर्मा ने भी रेड क्रॉस सोसाइटी के संचालन के संदर्भ में बहु उपयोगी सुझाव प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में महिलाओं को स्वच्छता किट प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर सुभाष चंद्र शर्मा, सभासद अमित पटपटिया, उद्योगपति नीलकमलपुरी, डॉक्टर विवेक, मणि पटपटिया, ईश जुनेजा, डॉक्टर शिवांश, डॉक्टर विभांशु, डॉक्टर संजय अग्रवाल के अलावा शिवराज सिंह, दीन बहादुर आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा डॉक्टर एस.के.जैन, डा. मुकेश भी कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

## बहन से झगड़ा कर खाया जहर

**फतेहपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चुरियानी ईट भट्ठा में गुरूवार की सुबह बहन से लड़ने के बाद 18 वर्षीय युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी इद्रीश अपने पूरे परिवार सहित चुरियानी स्थित ईट भट्ठा में काम करता है। बताते है कि गुरूवार की सुबह इदरीस की पुत्री वाहिदा व उसकी बहन के बीच घरेलू काम करने को लेकर कहासुनी हो गयी। जिससे क्षुब्ध होकर वाहिदा ने जहर खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजन उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# खागा में पाकिस्तान का पुतला दहन कर पीएम को भेजा ज्ञापन



**फतेहपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल फाउंडेशन ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत गुरूवार को खागा कस्बे में पाकिस्तान का पुतला दहन कर नारेबाजी की तत्पश्चात एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में पाकिस्तान के साथ सभी समझौतों को समाप्त कर पीओके को भारत में विलय कराने की भी मांग की गई।

फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष जनसेवक राजेश सिंह की अगुवई में पदाधिकारी खागा पहुंचे। जहां पाकिस्तान का पुतला दहन कर भारत माता की जय के नारे लगाए। तत्पश्चात उप जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि पहलगाम की घटना ने नागरिकों को विचलित कर दिया है। मांग किया कि पाकिस्तान से आर्थिक व्यापारिक संबंधों को तत्काल बंद कर पूर्व में की गई सभी संधियों को स्थगित किया जाए। नेहरू लियाकत समझौता, सिमला समझौता को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए। धार्मिक स्थलों की यात्रा पर प्रोटोकाल को भी समाप्त किया जाए। एलओसी पर युद्ध विराम समझौते का पाकिस्तान द्वारा किए गए उल्लंघन पर इसे समाप्त किए जाने की भी मांग की। फाउंडेशन ने पीएम से मांग किया कि पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देते हुए संपूर्ण कश्मीर पीओके को भारत में विलय कराकर वृहद कश्मीर का सपना साकार किया जाए। इस मौके पर बाबा रामसनेही, राम सिंह, कौशल मिश्रा, रोहित कुमार, सुन्दरलाल, राहुल सिंह, मोहित कुमार, राजेश कुमार, रोहित कुमार आदि थे।

## एएसपी ने महिला सुरक्षा व साइबर अपराध पर छात्रों को किया जागरूक

**एटा, 08 मई (तरूणमित्र)।** ऑपरेशन जागृति फेज-4.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक एटा राजकुमार सिंह ने श्री गोविंद हायर सेकेंड्री स्कूल व सोनम देवी इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं के प्रति अपराध, साइबर सुरक्षा, नशे के दुष्परिणामों और झूठे मुकदमों की प्रवृत्ति पर रोक लगाना था।

एएसपी ने कहा कि एक झूठा मुकदमा किसी परिवार को बर्बाद कर सकता है, कानून का दुरुपयोग न करें। छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने और सही निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया गया। गोष्ठियों में महिलाओं व युवाओं को नशे, लव अफेयर, साइबर बुलिंग और फर्जी मामलों से बचाव की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि वास्तविक पीड़िताओं को कैसे सहायता, परामर्श और पुनर्वास मिल सकता है। पुलिस ने सभी थानों में जागरूकता कार्यक्रम कर समाज को सचेत रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का संदेश दिया।

## एनटीपीसी विंध्याचल की टीम ने पार्षदों के साथ की परामर्श बैठक

**सोनभद्र, 08 मई (तरूणमित्र)।** एनटीपीसी विंध्याचल की नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व टीम ने स्थानीय वार्ड पार्षदों के साथ एक परामर्श बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य वर्तमान सीएसआर पहलों की समीक्षा करना तथा समुदाय की आवश्यकताओं के आधार पर प्रस्तावित विकास कार्यों पर चर्चा करना था। इस बैठक में वार्ड पार्षदों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को सामने रखा। साथ ही, आवश्यक वस्तुओं के लिए एनटीपीसी से सहयोग की मांग की। इस अवसर पर राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल), मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), प्रणव वर्मा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), कुंदन किशोर, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), निखिल जायसवाल, कार्यपालक, सीएसआर तथा पार्षदगण उपस्थित रहे।


## कार्यालयः नगर पालिका परिषद, रायबरेली

पत्रांक : 456/न.पा.परि.राय./ज.क.-ई.ओ.-ई-निविदा/2025-26 दिनांक -08-05-2025

### ई-निविदा

नगर पालिका परिषद रायबरेली में कूड़ा स्थल पर एकत्रित कूड़े का निस्तारण का कार्य (लिगेसी वेस्ट) हेतु आन-लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक फर्मों/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि लिगेसी वेस्ट निस्तारण कार्य हेतु निविदा दिनांक 29-05-25 को अपरान्ह 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई- प्रक्योरमेंट की वेबसाइट http://etender-up-nic-in पर उपलब्ध है। छायाप्रतियां स्वप्रमाणित कर दिनांक 29-05-25 को 05:00 बजे तक बंद लिफाफे में कार्यालय नगर पालिका परिषद रायबरेली में जमा कराना होगा तदोपरान्त प्राप्त निविदायें निविदा समिति द्वारा दिनांक 30-05-25 को अपरान्ह 11:00 बजे खोली जाएगी। निविदा के साथ-साथ 2% जमानत धनराशि तथा निविदा शुल्क जमा कराना अनिवार्य होगा। उक्त की अनुपस्थिति में फर्मों/ठेकेदारों की निविदा अवैध मानी जाएगी। अधिशाषी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पालिका परिषद रायबरेली बिना कारण बताए किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदायें अगले कार्य दिवस में खोली जाएगी।

**टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in)**

| क्र.सं. | नगर पालिका परिषद | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | | 08-05-2025 | |
| 2 | | Tender Download | 09-05-2025 11.00 AM | 29-05-2025 05.00 PM |
| 3 | | Bid Submission | 09-05-2025 11.00 AM | 29-05-2025 05.00 PM |
| | Bid Opening | | 30-05-2025 11.00 AM | |

**कार्य का विवरण**

| क्रमांक | कार्य का नाम | कुल लिगेसी वेस्ट (MT) में | अनुमानित धनराशि | धरोहर धनराशि 2% | निविदा प्रपत्र मूल्य (जी.एस.टी. सहित) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पालिका परिषद रायबरेली में कूड़ा स्थल पर एकत्रित कूड़े का निस्तारण का कार्य (लिगेसी वेस्ट) सम्पूर्ण कार्य | 14000 MT | 72.38 लाख | 144760.00 | 7238.00 | 06 माह |

**(स्वण सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, रायबरेली**

**(शत्रोहन सोनकर)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, रायबरेली**


# नगर पंचायत ने ध्वस्त कराए अवैध नवनिर्मित भवन



**हथगाम, फतेहपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** नगर पंचायत हथगाम ने उप जिलाधिकारी खागा एवं भारी पुलिस बल की मौजूदगी में नगर में नवनिर्मित तालाबी नंबरों पर अवैध बनाए गए भवनों को जेसीबी से ध्वस्त कराया गया और चेतावनी दी गई कि भविष्य में कोई भी व्यक्ति अवैध निर्माण करेगा तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

नगर पंचायत हथगाम में तालाबी नंबरों में अवैध नवनिर्मित भवन कुछ लोगों द्वारा बनवाए गए। जिनके संबंध में नगर पंचायत एवं राजस्व विभाग द्वारा कई बार नोटिस देने के बावजूद भी अवैध निर्माणकर्ताओं ने तालाबी नंबरों को खाली नहीं किया। गुरुवार को उप जिलाधिकारी अभिजीत कुमार, नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी की मौजूदगी में कुंवर गौरव अधिशासी अधिकारी द्वारा नवनिर्मित अवैध भवनों को जेसीबी द्वारा ध्वस्त कराया गया। जिसमें वार्ड नंबर 9 तेहीपारा में स्थित देवदास तालाब के तालाबी नंबर 1456 और 1449 में नवनिर्मित भवन निर्माणकर्ता अनिल सिंह पुत्र राम शंकर, मुन्नीलाल पुत्र शिव बालक, वीरेंद्र पुत्र रामकुमार निवासीगण राजापुर के अवैध नवनिर्मित भवनों को ध्वस्त किया गया।राकेश कुमार अग्निहोत्री पुत्र गिरजा शंकर अग्निहोत्री निवासी तेहीपारा के अवैध निर्मित भवन तक जेसीबी न पहुंच पाने के कारण अवैध निर्माणकर्ता ने स्वयं भवन तोड़ा। नायब तहसीलदार ने बताया कि इन लोगों को मार्च में नोटिस दी गई थी और स्वयं मौके पर पहुंचकर इन्हें अवगत कराया था।

**विद्यालय की बिल्डिंग भी की गई ध्वस्त**

**हथगाम, फतेहपुर।** नगर पंचायत स्थित मौलाना हसरत मोहानी मुस्लिम हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा शिक्षण कक्षों का निर्माण कराया गया था। जो कि वर्ष 2000-2001 में विधायक निधि योजना के अंतर्गत निर्मित किया गया था। जिसका उद्घाटन स्वर्गीय पूर्व राज्यमंत्री मुन्ना लाल मौर्य द्वारा किया गया था। तालाबी नंबर में होने के कारण कोर्ट के आदेशानुसार एसडीएम खागा की मौजूदगी में ध्वस्त कराया गया। विद्यालय के पास ही निर्मित भवन रईस अहमद पुत्र रसूल, मोहम्मद अहमद उर्फ मोहसिन हसन, छुट्टन पुत्र मस्सू के मकानों में बढ़कर अवैध निर्मित भाग को भी गिराया गया। कुछ लोग स्वयं अपने अवैध निर्मित मकानों को गिरा भी रहे हैं। अवैध नवनिर्मित भवनों को गिराते समय थानाध्यक्ष अनिरुद्ध द्विवेदी भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## पेड़ों में अज्ञात ने लगाई आग, लाखों का नुकसान

**खागा, फतेहपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के हुसैनगंज-कड़ा मार्ग पर स्थित पीडब्ल्यूडी सड़क के किनारे लगाए गए सैकड़ों पेड़ों में अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। इस घटना में पेड़ बुरी तरह झुलस गए और वन विभाग को भारी नुकसान हुआ है। घटना गौती पुल के आगे अफोई पेट्रोल पंप के पास की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार आग अचानक फैली और देखते ही देखते कई पेड़ जलकर नष्ट हो गए।

# निर्माण कार्यों के प्रति उदासीन कार्यदायी संस्थाओं को चिन्हित किया जाए: डीएम



बहराइच , 08 मई (तरुणमित्र)। जनपद में आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण एवं उच्चीकरण कार्य की समीक्षा के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी क्षेत्रान्तर्गत हो रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करके फोटोग्राफ्स के साथ विस्तृत आख्या उपलब्ध कराएं। डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य स्थलों का नियमित रूप से भ्रमण करें और निर्माण कार्यों को निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। डीएम ने कहा कि समस्त अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री अनुबन्ध में उल्लिखित गुणवत्ता व मानक के अनुरूप ही हो। किसी भी निर्माण कार्य में अधोमानक सामग्री का उपयोग नहीं होना चाहिए। निर्माण कार्यों में लापरवाही व उदासीनता बरतने वाली कार्यदायी संस्थाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाय। डीएम मोनिका रानी ने समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिया कि पोषण ट्रैकर एप पर समस्त बिन्दुओं वजन, गृह भ्रमण, पोषाहार, ,आधार सीडिंग, सीबीई/वीएचएसएनडी गतिविधि इत्यादि की शत प्रतिशत फीडिंग प्रतिमाह कराना सुनिश्चित करें तथा विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति में सुधार लायें। डीएम ने डीपीओ व सीडीपीओ हुजूरपुर को निर्देश दिया कि आकांक्षी जनपद व ब्लाक के सभी इण्डिकेटरों की वेबसाइड पर सीडीपीएसओ से समन्वय कर फीडिंग करायें तथा नियमित मानिटरिंग करना सुनिश्चित करें। डीएम ने समस्त सीडीपीओ को निर्देश दिया कि नियमित रूप से आंगनबाड़ी केन्द्रों को निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्र क्रियाशील रहें तथा सभी लक्षित गर्भवती व धात्री महिलाओं एवं बच्चों को मानक के अनुसार वितरण सुनिश्चित किया जाय मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत के लिए प्रेरित करें। श्री चन्द्र ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 5 से 10 लाख रुपए तक के लोन पर 50 प्रतिशत सब्सिडी तथा चार वर्ष तक ब्याज मुक्त ऋण देय है। 8वीं पास से लेक ग्रेजुएशन तक के किसान अथवा व्यक्ति इस योजना में आवेदन कर सकते हैं। सीडीओ ने बीडीओ को निर्देश दिया कि ग्राम स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के माध्यम से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं ताकि अधिकाधिक लाभ लाभान्वित हो सकें जीरो पावर्टी लाइन सर्वे कार्य की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने निर्देश दिया कि सर्वे के दौरान ग्राम के सभी मजरों को शामिल करें। सर्वे में पात्र पाये गये लोगों को सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे मनरेगा जाबकार्ड, स्वच्छ शौचालय, आयुष्मान कार्ड, अन्त्योदय कार्ड, विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं से भी आच्छादित किया जाय।

सीडीओ ने कहा कि जीरो पावर्टी लाइन सर्वे का मुख्य उद्देश्य यही है कि पात्र व्यक्तियों के सर पर छत के साथ उन्हें अन्य योजनाओं का भी लाभ प्राप्त हो ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शत-प्रतिशत स्वच्छ शौचालयों का सत्यापन कराएं तथा यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति पेंशन योजना से वंचित न रहने पाये।

# डीएम की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय पोषण समिति की बैठक संपन्न

बाराबंकी , 08 मई (तरुणमित्र)। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय पोषण समिति की मासिक समीक्षा एवं कन्वर्जेंस बैठक आयोजित की गई। पोषण ट्रैकर ऐप पर गर्भवती महिलाओं का वजन फीडिंग, मैम और सैम बच्चों से संबंधित एन.आर.सी. प्रगति विवरण, हॉट कुक्ड फूड योजना का संचालन, समुदाय आधारित गतिविधियां, खाद्यान्न वितरण संबंधी सूचना संबंधित विषयों पर चर्चा की गई जिलाधिकारी ने कहा कि बेबी वेट मशीन सहित ग्रोथ ट्रैकिंग हेतु जरूरी उपकरणों को ब्लॉक टास्क फोर्स गठित कर तत्काल क्रय कर लिया जाए साथ ही क्रय किये जाने वाले उपकरणों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने पोषण ट्रैकर पर समस्त इंडिकेटर की फीडिंग निर्धारित तिथि तक शतप्रतिशत पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मुख्य सेविका, बाल विकास परियोजना अधिकारी को मैम और सैम बच्चों के गृह भ्रमण कर पोषण परामर्श प्रदान करने से संबंधित निर्देश दिए गए। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि हॉट कुक्ड फूड योजना से समस्त लाभार्थियों को शत प्रतिशत आच्छादित किया जाए। गर्भवती, धात्री महिलाएं और छोटे बच्चों की शतप्रतिशत मॉनिटरिंग की जाए तथा सभी केंद्रों पर यूरिन किट उपलब्धता के थ एब्डोमिनल एग्जामिनेशन पर बल दिया जाए। और उन्हें स्वास्थ्यवर्धक न्यूट्रिशन की जानकारी देते हुए जागरूक किया जाए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, डीडीओ भूषण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डी के श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहित स्वास्थ्य विभाग एवं सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रेडक्रॉस दिवस पर लगा रक्तदान शिविर जरूरतमंदों को मिले सहायक उपकरण

श्रावस्ती, 08 मई, (तरुणमित्र)। जनपद की रेडक्रॉस शाखा द्वारा आज रेडक्रॉस दिवस धूमधाम से मनाया गया, इस अवसर पर रेडक्रॉस अध्यक्ष/जिलाधिकारी द्वारा जिला दिव्यांग पोषण पुनर्वास केंद्र में रक्तदान शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया गया तथा जरूरत मंद लोगों को सहायक उपकरण प्रदान किये गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद श्रावस्ती की रेडक्रॉस शाखा द्वारा सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर कार्य किया जा रहा है। विभिन्न आपदाओं, टीवी मुक्त अभियान, दिव्यांग जनों की सहायता तथा वृद्ध जनों की सहायता के क्षेत्र में रेडक्रॉस के कार्य बहुत सराहनीय है। हम आज रेडक्रॉस दिवस पर रेडक्रॉस की गतिविधियों से जुड़े सभी स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हैं और अपेक्षा करते हैं की रेडक्रॉस इसी तरह जनपद वासियों की सेवा करती रहेगी।रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर सचिव अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि रेडक्रॉस दिवस विश्व में शान्ति के क्षेत्र में पहले नोबेल पुरस्कार विजेता जीन हेनरी ड्यूनेट के जन्मदिवस 8 मई को मनाया जाता है। रेडक्रॉस दिवस पूरे विश्व में रेडक्रॉस से जुड़े लोगों के लिए उत्सव के समान है। इस अवसर पर रेडक्रॉस शाखा ने रक्तदान कर व 26 जरूरतमंद दिव्यांग जनों को कृत्रिम उपकरण प्रदान किये हैं। रेडक्रॉस शीघ्र ही एल्मिको के सहयोग से दिव्यांग जनों को 50 लाख के सहायक उपकरण वितरित करेगी।इस अवसर पर रेडक्रॉस के पैटर्न सदस्य शैलेन्द्र त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष रवि मिश्र, प्रबंधन समिति के सदस्य राहुल पाठक, बलविंदर सिंह, आपदा मित्र विवेक श्रीवास्तव, ब्लड बैंक संयोजक प्रियंका शुक्ला, अरविंद पाठक, वामिक सउद, हितेश सिंह सहित 12 स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया।

# 9 पीआरवी दो पहिया वाहन डायल 112 के बेड़े में शामिल

श्रावस्ती, 08 मई, (तरुणमित्र)। ऑपरेशन सिन्दूर के अंतर्गत भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर उत्पन्न विशेष परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद श्रावस्ती को 09 नवीन दो-पहिया पीआरवी वाहन आवंटित किए गए हैं, जिनका उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस गश्त को सुदृढ़ बनाना एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया एवं नोडल 112 अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव द्वारा इन 09 दो-पहिया पीआरवी वाहनों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त वाहन थाना सिरसिया एवं थाना मल्हीपुर क्षेत्र के इंडो-नेपाल बॉर्डर पर निरंतर गश्त, त्वरित पुलिस सहायता एवं सतर्क निगरानी के उद्देश्य से संचालित किए जा रहे हैं। ये पीआरवी वाहन जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, वायरलेस संचार व्यवस्था, बॉडी वॉर्न कैमरा, मोबाइल डाटा टर्मिनल, सीयूजी मोबाइल फोन जैसी आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित हैं, जिससे पुलिस बल की प्रतिक्रिया क्षमता एवं पारदर्शिता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। साथ ही मेडिकल किट, हेलमेट सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं,।

# बैंक के बड़े बकाएदारों पर कार्यवाही

(फखरपुर) बहराइच , 08 मई (तरुणमित्र)। उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद के निर्देश पर नायब तहसीलदार फखरपुर सचिन कुमार श्रीवास्तव ने गजाधरपुर क्षेत्र में जमीन कुर्की की कार्यवाही की मामला उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक फखरपुर व गजाधरपुर का है जहां पर गजाधरपुर शाखा की बकायदार ज्ञानवती पत्नी सत्यनारायण निवासी टेंडवा अल्पी मिश्र की बकाया धन राशि 633411 प्लस ब्याज बैंक की बड़ी बकायदा थी जिसके क्रम में नायब तहसीलदार के द्वारा उनके कृषि भूमि गट नंबर 1058 वी 772 ए पर झड़ी लगाकर कुर्की की कार्यवाही की गई इसी गांव की वैभव लक्ष्मी नारायण बकाया धनराशि 361 248 के क्रम में उनकी गाटा संख्या 772 बा पर भी झंडा लगाकर कार्रवाई की गई इसके बाद उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा फखरपुर की बकायदार दिलीप कुमार पुत्र बाबूराम निवासी अराईकला जिनका बकाया 324331 प्लस ब्याज जिनकी कृषि योग्य भूमि गाटा 254 पर लाल झंडा लगाकर कुर्की के कार्यवाही की गई नायब तहसीलदार फखरपुर ने बताया कि तुर्की के बाद बकायेदार के पास 14 दिन का समय होता है 14 दिन के अंदर अगर किसान अपना बकाया जमा कर देता है तो उसे उसकी जमीन वापस कर दी जाती है नहीं जमा करने पर आगे नीलामी की कार्यवाही की जा सकती कुर्की अभियान टीम में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रमेश चौधरी वरिष्ठ प्रबंधक प्रमोद कुमार अनिरुद्ध चौधरी शाखा प्रबंधक फखरपुर अभिनव श्रीवास्तव शाखा प्रबंधक गजाधरपुर राजन पांडे लेखपाल महावीर राय अमीन भीमसेन सिंह सुनीता सिंह विश्वनाथ कुमार हेमेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### देसी शराब की दुकान के सेल्स मैन ने लगाई फांसी

(फखरपुर) बहराइच, 08 मई (तरूणमित्र)। थाना क्षेत्र के मरौचा स्थित देसी शराब की दुकान के सेल मेन ने दुकान के अंदर पंखे से लटक कर फांसी लगाकर जान दे दी है थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय ने बताया प्रेम सिंह यादव उम्र लगभग 42 वर्ष पुत्र सूबेदार यादव निवासी नगला बामियां,पटियाली कासगंज की संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे में फांसी लगने के कारण देसी शराब की दुकान के अंदर मरौचा अलादादपुर फखरपुर में मृत्यु हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला मौत

आजमगढ़ , 08 मई (तरूणमित्र)। जिले के पवई थाना क्षेत्र के डेहरी गांव में बीती रात एक दुखद घटना में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 45 वर्षीय सरिता गौड़ की मौत हो गई। सरिता, पति प्यारे राम के साथ अपने घर के बरामदे में सो रही थीं, जब 7-8 मई की रात करीब 1 से 2 बजे के बीच अचानक मौसम खराब हुआ। तेज आंधी-पानी के साथ आकाशीय बिजली कड़कने लगी, और इसी दौरान सरिता बिजली की चपेट में आ गईं।परिजनों ने तत्काल उन्हें निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने सरिता को मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति ने पवई थाने में घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पवई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से गांव में शोक की लहर है।

### डीएम के निरीक्षण में 17कार्मिक अनुपस्थित, एक दिन का वेतन बाधित करने के निर्देश

बाराबंकी, 08 मई (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी बाराबंकी शशांक त्रिपाठी का निरीक्षण अभियान लगातार जारी है। बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी ने प्रातः 10:20 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न अनुभागों(कार्यालयों) की उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया जिसमें 17 कार्मिक अनुपस्थित मिले। जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी अनुपस्थित कार्मिकों का एक दिन का वेतन काटने के साथ स्पष्टीकरण जारी करने का आदेश दिया है।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निरीक्षण में संयुक्त कार्यालय से 09 कार्मिक, सदर नजारत कार्यालय से 01 कार्मिक,खाद्य एवम औषधि प्रशाधन कार्यालय के 03, न्यायालय बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी(न्यायिक) के 01, कार्यालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी के 01,न्यायालय चकबन्दी अधिकारी सदर प्रथम व द्वितीय कार्यालय के 01-01 कार्मिक अनुपस्थित रहे। इससे पूर्व भी जिलाधिकारी ने 03 बार निरीक्षण किया था और सभी कार्मिकों को ससमय कार्यालय आने की चेतावनी दी थी उसके बाद भी कई कार्मिकों में सुधार न आने पर आज वेतन काटने व स्पष्टीकरण जारी करने की कार्यवाही की गई।

### हीटवेव से बचने के लिए दिये सुझाव

बहराइच , 08 मई (तरूणमित्र)। सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी ने बताया कि हीट वेव के दुषप्रभाव विशेष रूप से खुले क्षेत्रों में कार्य करने वाले श्रमिकों पर पडता है और हीटवेव से जनहानि होने पर परिवार प्रभावित होता है इसका मुआवजा देकर भरपाई नहीं की जा जा सकती है। हीट वेव के कारण होने वाली जनहानि न हो ऐसी व्यवस्था सूनिश्चित की जाए। आगामी हीट-वेव की तैयारी किया जाना अति आवश्यक होने के क्रम में निम्नवत कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये जाते है। औद्योगिक एवं अन्य श्रमिकों के लिए गर्मी सम्बन्धित बीमारियों हेतु जागरूकता कैम्प का आयोजन किया जाय। वाह्य कार्यों हेतु कार्य घण्टों में परिवर्तन किया जाय। स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए श्रमिकों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाय। कार्यस्थल पर ठण्डे एवं स्वच्छ पीने के पानी की समुचित व्यवस्था, उपलब्धता तथा निर्माण कामगारों के सम्बन्ध में अन्य अनिवार्य मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाय।उन्होनें बताया कि कार्मिकों, कर्मचारियों, मजदूरों को सूर्य के सीधे सम्पर्क से बचने हेतु सावधान किया जाय। श्रम साध्य कार्यों को ठण्डे समय में करने का प्रयास किया जाय। दोपहर 12 से 03 बजे के मध्य सूर्य की तेज रोशनी में कार्य कराये जाने से बचा जाय। मौसम विभाग के पोर्टल का नियमित अनुश्रवण करें तथा यदि सम्भव हो तो प्रत्येक कामगारों को मौसम ऐप डाउनलोड करने के लिये प्रेरित करें, जिससे मौसम के पूवार्नुमान की जानकारी हो सके। अतः आपको यह पत्र इस आशय से प्रेषित है।

### लम्बित वादों के निस्तारण में जनपद को प्रदेश में मिला 10वां स्थान

बहराइच , 08 मई (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि राजस्व न्यायालय कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के पोर्टल पर माह अप्रैल 2025 की समीक्षा में जनपद बहराइच को लम्बित वादों के निस्तारण में प्रदेश्ज्ञ में 10वां स्थान प्राप्त हुआ है। डीएम मोनिका रानी ने सभी पीठासीन अधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भू-राजस्व सम्बन्धी वादों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी पीठीसीन अधिकारियों से अपेक्षा की है कि अधिकाधिक वादों का निस्तारण करे ताकि आमजन को त्वरित न्याय मिल सके।

# दो मोटरसाइकिल में आपस में भिड़ंत,दो लोग घायल

(फखरपुर) बहराइच, 08 मई (तरूणमित्र)। बुधवार देर रात लगभग 8:30 बजे के आसपास थाना क्षेत्र के लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कुण्डासर चौराहे के पास फखरपुर की तरफ से जा रहे चाचा भतीजे को कैसरगंज की तरफ से आ रही अज्ञात बाइक ने ठोकर मार दिया जिससे चाचा भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रदीप गुप्ता उम्र करीब 45 वर्ष व संदीप गुप्ता उम्र करीब 35 वर्ष निवासी देवलखा थाना कैसरगंज गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को कैसरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने हालात गंभीर देखकर लखनऊ रेफर कर दिया।थाना अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली तहरीर मिलने पर आगे कार्रवाई की जाएगी।फखरपुर क्षेत्र के अंतर्गत स्वताली कुंडासर में बीते 7:30 बजे एक बाइक और ई रिक्शा में टक्कर हो गई जिसमें बाइक पर सवार दिलीप कुमार पुत्र राम अवतार निवासी सिदर्खी गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे थाना फखरपुर के कुंडासर चौकी में तैनात आरक्षी राहुल सिंह ने मानवता की मिसाल पेश की तत्काल एंबुलेंस को बुलवाकर घायल को स्वयं उठाकर एंबुलेस में लेटाया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज भेजवाकर परिजनों को सूचना पहुंचाई।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर सीएमओ कार्यालय पर संगोष्ठी आयोजित

बहराइच, 08 मई (तरूणमित्र)। विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन कर पीड़ित मानवता की सेवा का सामुहिक संकल्प लिया गया तथा नशा को मानव समाज के लिए अभिशाप बताते हुए नशा मुक्त जनपद अभियान से आम जन को जोड़ने के लिए जन जागरण अभियान चलाए जाने की बात तय की गई। आयोजित संगोष्ठी में चिकित्सक, चिकित्साकर्मी, रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी व तमाम समाजसेवी उपस्थित रहे। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी बहराइच की ओर से आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉ एम०एम० पाण्डेय ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा के



लिए ही रेड क्रॉस सोसाइटी का गठन हुआ था हम सबका दायित्व बनता है कि रेड क्रॉस से जुड़कर संचालित गतिविधियों में प्रभावी सहभाग करे ताकि आपातकाल में भी लोग स्वस्थ रहकर समाज व देश के लिए प्रभावी कार्य सम्पन्न कर सके। वरिष्ठ पदाधिकारी रूल ऑफ लॉ सोसाइटी अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने नशा को मानव समाज के लिए घातक बताते हुए अवैध नशा कारोबार क्रय-विक्रय उपभोग व उत्पादन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए रेड क्रॉस से जुड़े समस्त पदाधिकारियों से जन जागरण अभियान में प्रभावी सहभाग का आवाहन किया। रेड क्रॉस अभियान को और अधिक गतिशील बनाने की बात कही।संविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी एडवोकेट ने रेड क्रॉस सोसाइटी को विश्व का प्रभावी एन.जी.ओ. बताते हुए कहा कि रेड क्रॉस मानव मात्र के लिए लाभप्रद एवं कल्याणकारी संगठन है जिसके माध्यम से हम शोषित दलित व वंचित पीड़ित समाज के सेवा का सतत प्रभावी कार्य कर सकते है।संचालन करते हुए स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी का गठन पीड़ित, शोषित, वंचित समाज की सेवा के लिए हुआ है जिसके माध्यम से बहराईच में ब्लड बैंक की स्थापना, वृद्ध आश्रम व कुष्ठ आश्रम बाढ़ तथा अग्निकांड तथा आपदा में भी अधिकतम सेवा का कार्य किया जा रहा है।धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी सरदार परमिंदर सिंह सम्मी ने किया। आयोजित संगोष्ठी में प्रमुख रूप से पर्यावरणविद अनुज श्रीवास्तव, फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उपाध्यक्ष प्रमोद त्रिपाठी, समाज सेवी डॉ पंकज श्रीवास्तव, संघ चिंतक अशोक कुमार,समाजसेवी राजीव शर्मा,प्रबंधक रिजवान अहमद, अजय शर्मा, अधिवक्ता राकेश श्रीवास्तव सहित तमाम पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। समापन अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी अभियान से जन जन को जोड़ने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

# जमीन दिखाई कोई और कर दिया किसी और का बैनामा

आजमगढ़, 08 मई (तरूणमित्र)। जनपद आजमगढ़ के थाना देवगांव क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें 62 वर्षीय देवनरायन पुत्र सुरसाती ने तीन लोगों पर जमीन के सौदे में धोखाधड़ी, जाली दस्तावेज तैयार करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज न होने पर ए.सी.जे.एम. कोर्ट नंबर 10, आजमगढ़ में प्रार्थना पत्र दाखिल किया है।प्रार्थना पत्र के माध्यम से देवनरायन ने बताया कि वे ग्राम सरैया, थाना देवगांव के निवासी हैं। उनके अनुसार, उनके बेटे शिवकुमार, जो कतर में रहते हैं, कुछ समय पहले घर आए थे। इस दौरान गांव के विनोद कुमार पुत्र गोवर्धन ने उन्हें पड़ना गांव पवनीकला में बंदना पत्नी महेंद्र की जमीन बिक्री के लिए सुझाव दिया। विनोद, बंदना और महेंद्र ने मिलकर चक सत्तावन मौजा की एक मूल्यवान चकरोड किनारे की जमीन दिखाई। विश्वास में आकर देवनरायन और उनके बेटे ने 26 अप्रैल 2024 को 6 लाख 40 हजार रुपये में बैनामा करा लिया।हालांकि, दाखिल-खारिज की नोटिस आने पर पता चला कि दिखाई गई जमीन के बजाय रायपुर, सालवाहन गांव की गाटा संख्या 23 की नदी किनारे की कम मूल्य की जमीन (रकबा 259.34 कड़ी) का बैनामा कराया गया। पीड़ित का आरोप है कि विनोद, बंदना और महेंद्र ने मिलकर कातिब के साथ साजिश रचकर जाली दस्तावेज तैयार किए और धोखाधड़ी की। जब देवनरायन ने इसकी शिकायत की, तो विपक्षीगण ने पहले बैनामा रद्द कर पैसे वापस करने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में टालमटोल करते रहे। 10 अगस्त 2024 को सरैया प्राइमरी स्कूल में पंचायत बुलाई गई, जिसमें विनोद, बंदना और महेंद्र ने साफ इंकार कर दिया और कहा कि उन्होंने जानबूझकर धोखाधड़ी की है। आरोपियों ने देवनरायन को हत्या की धमकी दी, गाली-गलौज की और मारने के लिए दौड़ाए। पंचायत में मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर उनकी जान बचाई। देवनरायन ने घटना की शिकायत थाना देवगांव में दी, लेकिन पुलिस ने न तो एफआईआर दर्ज की और न ही कोई कार्रवाई की। कई बार थाने जाने और पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भेजने के बावजूद कोई सुनवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। कार्रवाई करने की मांग की है।

### मण्डलायुक्त व डीएम ने पेयजल योजना का किया आकस्मिक निरीक्षण

बस्ती, 08 मई (तरूणमित्र)। मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह एवं जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने जनपद के विकास खण्ड कुदरहा में स्थित लालगंज ग्राम पंचायत पेयजल योजना का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होने पाया कि परियोजना वर्ष 2019-20 में स्वीकृत की गयी थी तथा परियोजना का कार्य पूर्ण है व सड़क रेस्टोरेशन का कार्य किया गया है। पानी टंकी के समीप लगे दो नलों को चेक किया गया, जिसमें पानी आ रहा है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित गामीणों द्वारा भी बताया गया कि नल से बराबर पानी आता है। कोई समस्या नहीं है।निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने देखा कि कुआनों नदी के बगल वृक्षारोपण हेतु गड्?ढे की खुदाई की जा रही है। मौके पर उपस्थित प्रधान द्वारा बताया गया ।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कल

बहराइच , 08 मई (तरूणमित्र)। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश के निदेर्शानुसार 10 मई, 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव/अपर जिला जज विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें।श्री शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन हेतु धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम (एनआईएक्ट), बैंक वसूली एवं टेलीफोन बिल्स से सम्बन्धित प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (अशमनीय वादों को छोड़कर), अन्य आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक व अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा तथा सुलह-समझौते के आधार पर जनपद न्यायालय में लम्बित वाद में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद सहित किन्तु अशमनीय विवादों को छोड़कर), सर्विस विवाद से सम्बन्धित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद एवं अन्य सिविल वादों (किरायेदारी,सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि का निस्तारण किया जायेगा।

# हर घर जल योजना की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

अंबेडकरनगर, 08 मई (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल योजना के कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ओवरहेड टैंकों के निर्माण कार्यों की प्रगति, पाइपलाइन का कार्य, घर-घर कनेक्शन, रोड रेस्टोरेशन, जलापूर्ति की स्थिति आदि बिंदुओं पर प्रगति की ब्लॉकवार एवं कार्यदाई संस्थावार समीक्षा की। उन्होंने निमार्णाधीन ओवरहेड टैंकों ,पाइपलाइन बिछाने एवं घर-घर कनेक्शन के अवशेष कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की तथा प्रत्येक परियोजना में अधिक से अधिक मानव संसाधन लगाकर तीव्र गति से कार्य कराने के निर्देश दिए।उन्होंने कौशल विकास मिशन को कार्यदाई संस्था की मांग के अनुरूप स्किल्ड कार्मिकों/ मजदूरों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने



पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़े गए/ क्षतिग्रस्त मार्गो/ सड़कों के पूर्वावस्था (रेस्टोरेशन) कार्य की स्थिति एवं गुणवत्ता का जिला पंचायती राज अधिकारी/ खंड विकास अधिकारी द्वारा स्वयं और अपने-अपने अधीनस्थ कार्मिकों द्वारा कराए जा रहे सत्यापन के कार्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया। उन्होंने आगामी एक सप्ताह में जनपद के समस्त ग्रामों में पाइपलाइन बिछाने के दौरान खोदे गए मार्गों की लंबाई के सापेक्ष रेस्टोरेशन किए गए मार्गों की सत्यापन रिपोर्ट ग्रामवार /ब्लॉकवार उपलब्ध कराने हेतु समस्त खंड विकास अधिकारियों एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया। इसी के साथ ही उन्होंने जनपद में कुल ओवरहेड टैंक के सापेक्ष अब तक पूर्ण हो चुके टैंकों की संख्या एवं निमार्णाधीन टैंकों के प्रगति की स्थिति, पाइपलाइन बिछाने के कार्य के प्रगति की स्थिति, घर-घर कनेक्शन की स्थिति( कितने कनेक्शन घर के अंदर हुए, कितने घर के बाहर हुए, जो घर के बाहर हुए उन लाभार्थियों के संतुष्ट/ असंतुष्ट स्थिति के साथ) तथा जलापूर्ति की स्थिति का सत्यापन रिपोर्ट उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों एवं एडीओ पंचायत को स्वयं भी प्रतिदिन एक-एक गांव भौतिक निरीक्षण करने और अगली बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करने की निर्देश दिए। सभी खंड विकास अधिकारियों को संबंधित जे०ई० जल जीवन मिशन और कंपनी के पदाधिकारी के साथ बैठक कर प्रगति की समीक्षा करने और समस्याओं को जानकर उन्हें दूर करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन हेतु लगाई गई कंपनी का एग्रीमेंट के अनुरूप कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर अधिशाषी अभियंता जल जीवन मिशन को संबंधित कंपनी पर कार्रवाई तथा उनके कार्मिकों का वेतन भुगतान रोकने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### 3 पुलिस कर्मियों की पदोन्नति, पुलिस अधीक्षक ने पद चिन्ह लगाकर दी बधाई

श्रावस्ती, 08 मई, (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने रिजर्व पुलिस लाइन में नियुक्त आरक्षी रवि जायसवाल, थाना मल्हीपुर पर नियुक्त आरक्षी कमलेश को मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नति दी गई। थाना सोनवा पर नियुक्त मुख्य आरक्षी सदाशिव यादव को उपनिरीक्षक के पद पर पदचिन्ह लगाकर पदोन्नति दी गई तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नति पाये कर्मचारियों से नियुक्त स्थान के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि पदोन्नति कर्मचारी की मेहनत व कर्तव्यनिष्ठ से प्राप्त होती है। आप सभी पदोन्नत हुए है वह आप सभी की मेहनत व लगन से कार्य करने पर मिली उपलब्धि है । पुलिस अधीक्षक ने सभी को नसीहत दी।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

अंबेडकरनगर, 08 मई (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान 2025,26 में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग ने बताया कि शासन द्वारा जनपद में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना अंतर्गत वर्ष 2025- 26 में कुल निर्धारित लक्ष्य 2200 के सापेक्ष अब तक 1071आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 1063 आवेदन संबंधित बैंकों को प्रेषित कर दिया गया। इसमें से बैंकर्स द्वारा 261 आवेदनों की स्वीकृति एवं 109 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति एवं ऋण वितरण का कार्य त्वरित गति से करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आईटीआई, कौशल विकास मिशन, सेवायोजन विभाग, समाज कल्याण विभाग, डूडा आदि विभागों जन सामान्य को जागरुक एवं प्रेरित कर उक्त योजना से लाभान्वित कराने हेतु निर्धारित किए गए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की विभागवार समीक्षा की तथा शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना से अधिक से अधिक युवाओं को जागरुक एवं प्रेरित कर उन्हें अपना स्वरोजगार करने एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ाने हेतु योजना से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, उपायुक्त उद्योग, अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज करन नैय्यर ने एसएसपी का पदभार संभाला

## 2012 बैच के आईपीएस राजकरन नैय्यर का गोरखपुर आने से पुलिस प्रशासन में एक नई ऊर्जा व अनुशासन की उम्मीद जगी

गोरखपुर, 08 मई (तरुणमित्र)। नवागत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर कार्यभार किए ग्रहण नवागत एसएसपी कैंप कार्यालय पहुंचकर निवर्तमान एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर से गोरखपुर के एसएसपी का पदभार ग्रहणकर लिया राज करन नैय्यर 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं हरियाणा के फरीदाबाद के रहने वाले श्री नैय्यर की शैक्षिक पृष्ठभूमि भी प्रभावशाली है उन्होंने बायोटेक्नोलॉजी में बीई और नैनोटेक्नोलॉजी में एमटेक की डिग्री हासिल की है। अपनी तकनीकी पृष्ठभूमि के बावजूद, उन्होंने पुलिस सेवा में आकर कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में अपनी विशेष पहचान बनाई नैय्यर जून 2023 से अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनात थे। उनके



कार्यकाल में अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह (जनवरी 2024) जैसे बड़े आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस दौरान उन्होंने लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने, सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने, और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी रणनीतिक योजना और नेतृत्व की वजह से अयोध्या में किसी भी बड़ी अप्रिय घटना से बचा जा सका। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद होने के साथ-साथ एक प्रमुख औद्योगिक और सांस्कृतिक केंद्र भी है।

गोरखपुर में बढ़ते शहरीकरण और अपराध की चुनौतियों को देखते हुए, नैय्यर की नियुक्ति को एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है राजकरन नैय्यर की कार्यशैली बेहद सख्त और आम जनता तक पहुंचने वाली रही है।

राजकरन नैय्यर का गोरखपुर आना पुलिस प्रशासन में एक नई ऊर्जा और अनुशासन की उम्मीद जगा रहा है।

# विश्व रेडक्रास दिवस पर 26 लोगों ने किया रक्तदान

बस्ती, 08 मई (तरुणमित्र)। विश्व रेडक्रास दिवस पर मालवीय रोड स्थित नवयुग मेडिकल सेण्टर में गोष्ठी और स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आई.एम.ए. अध्यक्ष व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा रेडक्रास का महत्व पूरी दुनिया जानती है। प्रतिवर्ष 8 मई को रेडक्रॉस के संस्थापक जीन हेनरी ड्यूनेंट के जन्मदिन को विश्व रेडक्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है डा. अनिल ने आगे कहा कि वर्ष 1901 में जीन हेनरी ड्यूनेंट को इसके लिए शांति का सबसे पहला नोबेल पुरस्कार मिला था। हेनरी ड्यूनेन्ट ने 9 फरवरी 1863 को स्विट्जरलैंड के जेनेवा में पांच लोगों की कमिटी बनाकर इस संस्था की स्थापना की थी। उसी वर्ष जेनेवा में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हुआ, जिसमें 18 देशों ने इस संस्था में हिस्सा लिया, जिसमें रेडक्रॉस सोसायटी को कानूनी रूप प्रदान किया गया। इस संस्था के गठन का उद्देश्य युद्ध और आपातकालीन परिस्थितियों में पीड़ितों की मदद करना है। सोसायटी के चेयरमैन डा. प्रमोद कुमार चौधरी ने कहा कि नई कार्यकारणी के गठन के बाद पदाधिकारियों के प्रथम प्रयास में 52



यूनिट ब्लड एकत्र किया गया था जो अपने आप में एक रिकार्ड है उन्होंने कहा जिस प्रकार सोसायटी से निरन्तर अच्छे आर्य सामाजिक सोच के लोगों के जुड़ने का क्रम जारी है यह भरोसे के साथ कहा जा सकता है कि रेडक्रास सोसायटी के बस्ती शाखा उत्तर प्रदेश में सबसे बेहतर परिणाम देगी। उन्होंने स्थापना दिवस पर पदाधिकारियों को बधाइयां व शुभकामनायें दिया गोष्ठी का संचालन करते हुये वायस चेयरमैन डा. एलके पाण्डेय ने रेडक्रास सोसायटी की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विश्व रेडक्रास दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कुल 26 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया गया।

# एसओ छावनी व विवेचक ने किया बाल अधिनियम का उल्लंघन, सीडब्लूसी ने किया तलब, माँगा स्पष्टीकरण

बस्ती, 08 मई (तरुणमित्र)। बाल अधिनियम का उल्लंघन करने और न्याय पीठ बाल कल्याण समिति के द्वारा पारित आदेश की अवहेलना कर न्याय पीठ को गुमराह करने के मामले मे सी डब्लू सी के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा ने एस ओ छावनी और मामले के विवेचक को 9 मई को तलब कर स्पष्टीकरण माँगा है, स्पष्टीकरण संतोष जनक नहीं होने पर उक्त पर विधिक कार्यवाही की जायेगी। बताते चले की उक्त थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी पीड़ित बालिका को बरामद करने के बाद मामले के विवेचक ने बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा के आवास पर 30 अप्रैल की रात्रि मे बालिका को माता पिताके साथ प्रस्तुत किया था, और बालिका को उचित संरक्षण मे देने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था, बालिका ने वार्ता के दौरान अपने माता पिता के साथ घर जाने से मना कर दिया, ऐसी स्थिति मे अध्यक्ष के द्वारा बालिका को चाइल्ड लाइन मे आवसित कराने तथा 1 मई को न्याय पीठ के समक्ष पुनः प्रस्तुत करने का आदेश थानाध्यक्ष / विवेचक को दिया गया था। दूसरे दिन विवेचक के द्वारा बालिका को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत तो किया गया पर इस बात का उल्लेख नहीं किया गया की बालिका बीती रात्रि कहा थी, पूछने पर विवेचक के द्वारा स्पष्ट जवाब नही दिए जाने पर, चाइल्ड लाइन से पता कराया गया, चाइल्ड लाइन के द्वारा बताया गया की बीती रात्रि मे छावनी थाना की कोई बालिका चाइल्ड लाइन मे आवसित नही करायी गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए न्याय पीठ के अध्यक्ष, सदस्य अजय कुमार श्रीवास्तव, डॉ संतोष श्रीवास्तव, मंजू त्रिपाठी ने जिम्मेदार थानाध्यक्ष और विवेचक को तलब कर स्पष्टीकरण माँगा है, इस संबंध मे अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा ने कहा की बालिका को रात्रि भर कहा और क्यों रखा गया, इसकी जानकारी की जा रही है, बाल अधिनियम में लापरवाही के साथ ही बालिका के सर्वोच्च हित के प्रतिकूल कार्य वर्दास्त नहीं किये जायेंगे स्थिति स्पष्ट होने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# युद्ध जैसे हालात के दौरान जनजागरूकता से आकस्मिक हालत से निपटने को मॉक ड्रिल

## किसी भी हालात में न हो पैनिक, समझदारी से सभी मिलकर करे हालात का सामना - डीएम

बलरामपुर, 08 मई (तरुणमित्र)। जनपद में युद्ध जैसे हालात के दौरान उत्पन्न आकस्मिक हालात से निपटने के लिए जनपद में मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ। सबसे पहले संयुक्त जिला चिकित्सालय में आयोजित मॉकड्रिल में हमले के दौरान मरीजों को अस्पताल से निकालने, आग को बुझाने का अभ्यास किया गया। इसके बाद पुलिस लाइन में आयोजित मॉकड्रिल में एनसीसी के कैडेट्स, पुलिस, अग्निशमन विभाग, आपदा मित्र द्वारा बचाव के संबंध में मॉकड्रिल किया गया। इस दौरान मेडिकल टीम द्वारा सीपीआर का डेमोंस्ट्रेशन दिया गया एवं फर्स्ट ऐड किट में किन दवाइयों को रखे जाना है इसकी जानकारी प्रदान कीइस दौरान विभिन्न इमरजेंसी नंबर के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर डीएम श्री पवन अग्रवाल ने कहा कि जनपद बलरामपुर नेपाल सीमा से जुड़े होने के कारण



संवेदनशील है, सभी मॉकड्रिल में दी गई जानकारियों का व्यापक प्रचार प्रसार करें उन्होंने कहा कि सभी किसी भी स्थिति में पैनिक न हो, समझदारी एवं सतर्कता के साथ स्थिति के साथ निपटे। सभी मिलकर किसी भी स्थिति का सामना करेंगे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### धरना 161वें दिन जारी

देवरिया, 08 मई (तरुणमित्र)। बैतालपुर चीनी मिल चलाने के लिए चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में चलाया जा रहा धरना आज 161 वें दिन जारी रहा। सभा को संबोधित करते हुए क्रांतिकारी किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास दूबे ने कहा कि मुख्यमंत्री ने देवरिया जिले में आमसभा में बैतालपुर चीनी मिल चलाने के लिए चार-चार बार घोषणा की और आंदोलन के नवे वर्ष भी किसानों की मांग और मुख्यमंत्री की घोषणा दोनों पूरी नहीं हो सकी जिससे किसानों में आक्रोश है। धरने पर समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी, रामप्रकाश सिंह, राजू चौहान, बकरीदन, विजय शंकर कर्मयोगी, दीनदयाल शर्मा, संजीव शुक्ला, वृद्धि चंद यादव, विवेक कुमार गुप्ता, विजय कुमार सिंह, मंटू, श्री कृष्णा शाही, ब्रह्मानंद चौहान, श्रीकांत, दीपक, रामलाल गुप्ता, राम इकबाल चौहान, जवाहर चौहान, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### एएसपी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

बस्ती, 08 मई (तरुणमित्र)। अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती ओम प्रकाश सिंह द्वारा थाना कलवारी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, मेस, मालखाना, उत्पादन कार्यालय, बैरक, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क व परिसर की साफ-सफाई एवं अभिलेखों के उचित रख-रखाव हेतु संबंधित को आवश्यकता दिशा-निर्देश दिया गया तथा लंबित विवेचनाओं को पूर्ण कर अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु समीक्षा की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### केक काटकर मनाया रेडक्रास दिवस

बस्ती, 08 मई (तरुणमित्र)। अन्तर्राष्ट्रीय रेडक्रास दिवस के अवसर पर गुरुवार को मालवीय रोड स्थित बादशाही अखाड़ा पर रेडक्रास के पूर्व सचिव कुलवेन्द्र सिंह के संयोजन में केक काटकर खुशियों को साझा को साझा किया गया। विश्व शांति, सेवा के क्षेत्र में रेड क्रास के महत्व पर चर्चा की गई। इस परम्परा को और समृद्ध बनाये जाने पर रेडक्रास सदस्यों ने जोर दिया रेडक्रास के पूर्व सचिव कुलवेन्द्र सिंह ने बताया कि जीन हेनरी ड्यूनेंट स्विस मानवतावादी, व्यापारी और सामाजिक कार्यकर्ता थे, हेनरी ड्यूनेंट का जन्म 8 मई 1828 को स्विट्जरलैंड के जिनेवा शहर में हुआ था, उन्हें 1901 में दुनिया का पहला नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया था। उन्होंने 1863 में इंटरनेशनल ऑफ द रेड क्रॉस की स्थापना की थी। रेडक्रास के वरिष्ठ सदस्य डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि रेडक्रास हमें सेवा और मानवता की रक्षा के क्षेत्र में अवसर प्रदान करता है।

### शादी समारोह से लौट रहे युवक का सामान छीनकर बदमाश फरार, केस दर्ज

गोरखपुर (मेडिकल कॉलेज), 08 मई (तरुणमित्र)। गुलरिहा क्षेत्र के हरसेवकपुर नंबर दो में सोमवार की रात लगभग दो बजे शादी समारोह से फोटो शूट कर लौट रहे युवक का नकाबपोश बदमाशों झपट्टा मारकर कैमरा समेत बैग लेकर फरार हो गए। गुलरिहा पुलिस मंगलवार को दो अज्ञात के खिलाफ छिनैती का केस दर्ज कर तलाश कर रही है। महराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र के सोनबरसा निवासी अंकित गुप्ता सोमवार की शाम शाहपुर के बिछिया में एक शादी समारोह में फोटो शूट करने गया था। आरोप है रात करीब दो बजे अपने सहयोगी मुकेश के साथ बातचीत करते हुए बाइक से घर जा रहा था कि गुलरिहा क्षेत्र के हरसेवकपुर नंबर दो टोला नरिया के पास दो अज्ञात युवक मुंह बांधे हुए आए और बैग छीनकर भाग निकले। बैग में कैमरा, फ्लैश, दो लेंस, एलईडी, मेमोरी कार्ड समेत एक मोबाइल था। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा जितेन्द्र कुमार सिंह का कहना है कि आरोपित की तलाश की जा रही है।

### मोटर दुर्घटना से सम्बंधित मामलों का राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण- पीठासीन अधिकारी

संतकबीरनगर, 08 मई (तरुणमित्र)। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 10 मई 2025 के तैयारियों के बावत मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी विश्वनाथ ने प्राधिकरण के सचिव देवेंद्र नाथ गोस्वामी के साथ बैठक आहूत किया। पीठासीन अधिकारी विश्वनाथ द्वारा बताया गया कि मोटर दुर्घटना वादों के ऐसे मामले जो सुलह समझौते के आधार निस्तारित हो सकते हैं उनको चिन्हित करके आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में लगाया जा रहा है। अधिक से अधिक निस्तारण हेतु पक्षकारों को 10 मई 2025 को उपस्थित होने के बावत नोटिस तामिला कराई जा रही है। पीठासीन अधिकारी ने पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं से अपील किया की राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण करवाने का प्रयास करें। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण समाधान का सबसे बेहतर विकल्प माना जाता है। इस अवसर पर बीमा कंपनियों के अधिवक्तागण भी मौजूद रहे।

# नियुक्ति पत्र पाकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के खिले चेहरे

उतरौला /बलरामपुर, 08 मई (तरुणमित्र)। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम उतरौला तहसील सभागार में संपन्न हुआ। जहां आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी राजेंद्र बहादुर व ब्लाक प्रमुख महिपाल चौधरी प्रतिनिधि नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के पदों को भरने का कार्य सभी नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्री लगन एवं मेहनत से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। ब्लाक प्रमुख महिपाल चौधरी प्रतिनिधि ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जनमानस की सुविधा के लिए बड़ा कदम उठाते हुए खाली पड़े आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के पदों को भरने का कार्य किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती पूरी पारदर्शिता सुचिता एवं मेरिट के आधार पर संपन्न हुई है, आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों को भरे जाने से ग्रामों में सुपोषण का स्तर और बेहतर होगा। उपजिलाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के सुपोषण में महत्वपूर्ण रोल होता है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री यह सुनिश्चित करें कि ग्राम में सभी गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण हो तथा जननी सुरक्षा योजना, मातृत्व सुरक्षित अभियान आदि योजना का लाभ पात्रों को मिले। उन्होंने कहा बच्चे देश का भविष्य है। सभी बच्चे सुपोषित हो। सभी नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्री इस क्षेत्र में विशेष रूप से कार्य करें। इस अवसर पर सीडीपीओ रेहरा डाक्टर संदीप कुमार, सीडीपीओ उतरौला अशोक चौहान, गेंडास बुर्जुग श्रीदत्तगंज राकेश मिश्रा सुपरवाइजर ममता देवी, प्रधान सुधीर यादव, कुर्बान अली, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# महायोजना-2031 स्वीकृति, अब शहर का हो सकेगा सुनियोजित विकास

देवीपाटन मण्डल गोंडा, 08 मई (तरुणमित्र)। शहर के सुनियोजित विकास को लेकर शासन ने गोंडा महायोजना - 2031 को स्वीकृति दे दी है, ये गोंडा शहर को स्मार्ट सिटी बनाने की योजना का हिस्सा है। शहर में पार्किंग, जाम की समस्या का समाधान कराने के साथ ही नई कालोनियों को विकसित करने के साथ ही सुविधाओं का विकास किया जाएगा। जिला प्रशासन ने जीआइएस (जियोग्राफिकल इन्फारमेशन सिस्टम) आधारित महायोजना लागू कर दी है। महायोजना-2031 की विस्तृत जानकारी गोंडा जिले की आधिकारिक वेबसाइट गोंडा एनआइसी डाट इन पर की जा सकती है। आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार की अमृत योजना के तहत देश के 500 शहरों को शामिल किया गया है। इनमें गोंडा समेत उत्तर प्रदेश राज्य के 59 महायोजनायें शामिल हैं। शहर में आबादी व क्षेत्रफल बढ़ने के साथ ही नागरिक सुविधाओं की मांग बढ़ती जा रही है। नई-नई कालोनियां बन रही है, संसाधनों को बढ़ाने की दरकार के बीच अब नगर के विकास को लेकर महायोजना 2031 तैयार किया गया है। यह पहला अवसर है जब बेस मैप बनाने के लिए सेटेलाइट इमेज का प्रयोग किया गया इसमें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का भी सहयोग लिया गया है।

महायोजना में नगर का विकास सुनियोजित तरीके से कैसे हो। निर्धारित स्थल पर कालोनियां हो, अस्पताल, स्कूल सहित अन्य स्थल हों। बाजार से लेकर सरकारी दफ्तरों तक की स्थिति पर फोकस किया गया है। विनियमित क्षेत्र गोंडा की अध्यक्ष जिलाधिकारी ने बताया कि जीआईएस बेस्ड गोंडा महायोजना 2031 तैयार किए, जाने हेतु नगर के वर्तमान विकास का सर्वेक्षण एवं विश्लेषण किया गया है। महायोजना के प्रस्ताव को क्रियान्वित करने हेतु नीतियों का निर्धारण किया गया है। गोंडा महायोजना पर जन सामान्य, शासकीय, अर्ध शासकीय विभागों संस्थाओं तथा जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों पर विस्तृत विचार विमर्श के उपरांत संशोधन करते हुए गोंडा महायोजना 2021 तैयार की गई है।

महायोजना में ये गांव शामिल:खेड़ा, रानीजोट, सेमटा दामन, दुल्लापुर खालसा, विमोर, रुद्रपुर विसाहन, केशवपुर कड़वा, पटवलिया, पराई हेमराज, कलन्दपुर, कसीपुर, राजापुर, हरिपुर, मथुरा चौबे, परइत सरकार, जानकी नगर, इमलिया गुरुदयाल, बरगांव, भूरा देवर, भामनी कानूनगो, देवरिया चुरामन, सोनी कपूर, गिराद गोंडा, पूरैशिया मकटवार, छावनी सरकार, काठा माफी, छांजरी, खिरमा, उम्मेदपुर जोट, लक्ष्मण पुर, मंझवा, सेनी हटलाल, उम्दापुर पाड़ा गांव शामिल है।

# ऑपरेशन सिंदूर के दृष्टिगत डीएम व पुलिस अधीक्षक ने की गोष्ठी

संतकबीरनगर, 08 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी संतकबीरनगर आलोक कुमार* व पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना* द्वारा संयुक्तरुप से जनपद के अधिकारीगणों के साथ सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में गोष्ठी आयोजित की गयी। महोदय द्वारा गोष्ठी के दौरान महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा, समस्त सुरक्षा इकाइयों द्वारा भागीदारी करते हुए आंतरिक सुरक्षा अभ्यास आयोजित करने, समस्त पुलिस परिसरों यथा पुलिस लाइन, कार्यालय, डिपो, पुलिस यूनिट व नियंत्रण कक्ष को सुरक्षित रखने के साथ साथ पुलिस बेबसाइट व पुलिस सर्वर की साइबर हमलों से सुरक्षा सुदृढ़




करने, महत्वपूर्ण स्थानों पर पहचान पत्रों के सत्यापन के साथ प्रवेश की नियंत्रित व्यवस्था करने, देश की विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करने, सामरिक आवागमन की मूवमेंट को गोपनीय रखने, सांप्रदायिक रुप से संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने, खुफिया तंत्र को सक्रिय करने, सोशल मीडिया की निगरानी करने, डायल 112 के आपातकालीन वाहनों को सतर्क रखने आदि विषयों पर विभिन्न आदेश निर्देश सम्बन्धित को प्रदान किए गए। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्वदमन सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पुलिस ने चलाया मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान

देवरिया, 08 मई (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना बनाये रखने हेतु जनपद के समस्त सर्किल के क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक द्वारा टीम बनाकर 6 से 8 बजे तक मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान के तहत चेकिंग की गयी इस चेकिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य चोरी की गाड़ी पकड़ना, तीन सवारी के खिलाफ कार्रवाई करना, मोडिफाइड साइलेंसर वाले दुपहिया वाहनों का चालान, नाबालिकों द्वारा दो पहिया तीन पहिया सवारी चलने के खिलाफ कार्यवाही, महिलाओं-बच्चियों पर फब्तियां करने वालो के खिलाफ कार्यवाई करना, तेज आवाज पर बजने वाले लाउडस्पीकर के खिलाफ कार्यवाही करना, अवैध असलहा तथा अवैध मादक पदार्थ पकड़ना आदि रहा। जनपदीय पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान जनपद में कुल 30 स्थानों पर चेकिंग करते हुए 516 व्यक्तियों व 311 वाहनों की चेकिंग की गयी।

# गो आश्रय स्थल बन रहे आजीविका के केंद्र

गोण्डा, 08 मई (तरुणमित्र)। जनपद में गो संरक्षण अब केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि नवाचार और सतत आजीविका का माध्यम बन रहा है। जिला प्रशासन द्वारा अपने विशेष अभियान के तहत अब गो आश्रय स्थलों को उपयोगी उत्पादों के निर्माण केंद्रों में बदला जा रहा है, जिससे न केवल पर्यावरण लाभ हो रहा है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा मिल रही है। बदलेपुर: गोबर से लट्ठे, और लट्ठों से आमदनीजनपद के बदलेपुर स्थित अस्थायी गो आश्रय स्थल पर एक अभिनव प्रयोग शुरू किया गया है। यहां गोबर से लट्ठे (ईंधन के विकल्प) बनाने की स्वचालित मशीन स्थापित की गई है। इन लट्ठों की स्थानीय बाजार में मांग तेजी से बढ़ रही है। गांवों में जहां परंपरागत लकड़ी का उपयोग अब भी जारी है, वहां यह गोबर लट्ठा एक सस्ता और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प बनकर उभरा है। इस परियोजना से प्राप्त आय न केवल आश्रय स्थल के संचालन में सहयोगी बन रही है, बल्कि इसके जरिए स्थानीय महिलाओं और युवाओं को भी रोजगार मिल रहा है। इसी तरह, इस गो आश्रय स्थल में वर्मीकम्पोस्ट यूनिट्स की स्थापना भी की गई है। यह केंचुआ खाद, जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए अत्यंत प्रभावशाली उपाय है। प्रशासन की योजना है कि इस खाद का उपयोग प्राकृतिक खेती में किया जाए, जिससे किसानों की लागत घटे और उत्पाद की गुणवत्ता बढ़े। इससे गोबर जैसे परंपरागत रूप से अनुपयोगी माने जाने वाले पदार्थ को मूल्यवान कृषि संसाधन में बदला जा रहा है। प्रशासन गोंडा की यह पहल गो संरक्षण को आत्मनिर्भरता, महिला सशक्तिकरण, जैविक खेती और स्वच्छता से जोड़ती है।

# श्री हनुमान जी, राधा कृष्ण की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिये निकाली शोभा यात्रा

बस्ती, 08 मई (तरुणमित्र)। नगर बाजार में श्री हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में श्री हनुमान मंदिर जीर्णोद्वार के बाद श्री हनुमान जी, राधा कृष्ण की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त आयोजित 9 दिवसीय श्रीराम कथा के क्रम में गुरुवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। श्रीराम दरबार की झांकी, हाथी घोड़ा ढोल नगाड़ो के साथ श्री हनुमान जी, राधा कृष्ण की मूर्तियों को राजकोट दुर्गा मंदिर, बड़े हनुमान जी शिवाला, मा पाटेश्वरी माता मंदिर, दुर्गा शक्तिपीठ मंदिर, इच्छा बाबा मंदिर और दुर्गा मंदिर नगर बाजार से घुमाकर हनुमान गढ़ी तक लाया गया। प्राण प्रतिष्ठा के लिये विधि विधान से वैदिक मंत्रों के बीच पूजन अर्चन की प्रक्रिया आचार्य गण सम्पन्न करा रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त निकली शोभा यात्रा के बाद स्वामी रामेश्वर नारायण जी महाराज ने नगर बाजार के श्री हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान कराया। महात्मा जी ने प्रभु श्रीरामचन्द्र के बाल लीला का वर्णन करते हुये कहा कि कौशल्याजी कभी उन्हें गोद में लेकर हिलाती-डुलाती और कभी पालने में लिटाकर झुलाती थीं। श्रीरामकथा मनमोहक, भवभयतारक व मर्यादपूर्वक मानव जीवन जीने का प्रधान साधन है।

श्रीराम बाल्यावस्था से ही बड़े ही तेजस्वी थे। वे बाललीला से वे सबको आनंदित करते रहते थे। महात्मा जी ने कहा कि रामजी का यज्ञोपवीत संस्कार हुआ। इसके बाद गुरु आश्रम में उन्होंने अल्प समय में ही सभी कलाओं का ज्ञान प्राप्त कर लिया। उन्होंने नामकरण के बाद प्रभु के मनोहर बाल रूप का वर्णन किया।

# मण्डलायुक्त ने बैठक में नये प्रस्तावों का किया अनुमोदन

गोरखपुर, 08 मई (तरुणमित्र)। गीडा प्राधिकारी बोर्ड की 63वीं बैठक अध्यक्ष, गीडा/मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष, गीडा/मण्डलायुक्त के समक्ष प्रस्तुत नये प्रस्तावों का अनुमोदन प्रदान किया गया, जिसमें गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ विकसित औद्योगिक गलियारा के विस्तार में 2 अधिसूचित ग्रामों ग्राम-सियर व सरजूपार को सम्मिलित किये जाने, धुरियापार क्षेत्र में 2 ग्रामों हेतु संस्तुत दरों का अनुमोदन, रख-रखाव शुल्क का 03 वर्षों के लिए वृद्धि का अनुमोदन, गीडा सेक्टर-26 में औद्योगिक योजना के ले-आऊट का संशोधन, गीडा सेक्टर-27 एवं 28 के विस्तार के ले-आऊट का अनुमोदन, गीडा अधिसूचित क्षेत्र धुरियापार के अन्तर्गत औद्योगिक प्रयोजन हेतु तैयार किये गये सेक्टर के ले-आऊट का अनुमोदन, उद्यमियों हेतु एक्सपो सेन्टर/प्रदर्शनी हाल के निर्माण एवं कतिपय संशोधनों के साथ बजट




व कार्य-योजना 2025-26 आदि शामिल है। धुरियापार औद्योगिक क्षेत्र हेतु प्रस्तावित लैंड बैंक की समीक्षा करते हुये निर्देश दिया कि भूमि क्रय करने की प्रक्रिया को तीव्र किया जाय। गीडा के लैंड बैंक की समीक्षा करते हुये निर्देश दिया कि वर्तमान में गीडा के लैंड बैंक लगभग 1000 एकड की उपलब्धता को और बढ़ाया जाय तथा नये अधिग्रहण के वार्षिक लक्ष्य को 600 एकड़ से 700 एकड़ करते हुये लक्ष्य प्राप्त किया जाय। गीडा द्वारा मानचित्रों की स्वीकृति आनलाइन ही की जाय। किसी भी दशा में आफलाइन मानचित्र को स्वीकृति न किया जाय। गीडा के सेक्टर 5 में स्थित 33/11 विद्युत उपकेंद्र तथा संबंधित लाइनों के शिफ्टिंग के संबंध में बताए जाने पर बैठक में उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्युत उपकेंद्र को शिफ्ट करने के साथ ही विद्युत लाइन को अंडरग्राउंड किया जाय। बैठक में अन्य प्रस्तावित प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर अग्रिम कार्यवाही किये जाने एवं प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा करते हुये समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिये गये। बैठक का संचालन गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी/सचिव प्राधिकारी बोर्ड, अनुज मलिक द्वारा किया गया।

# मधुपुर शरीफ में हजरत गुलाम आशी पिया का सालाना उर्स शुरू

उतरौला (बलरामपुर), 08 मई (तरुणमित्र)। हर साल की तरह इस साल भी मधुपुर शरीफ में हजरत गुलाम आशी पिया का 23 वां सालाना उर्स अकीदत के साथ शुरू हुआ, उर्स में हिन्दुस्तान के कोने कोने से जायरीनों का जमावड़ा रहा। उर्स के तीसरे दिन गुरुवार को बाद नमाज फजर कुर आन ख्वानी हुआ और 10 बजे कुल शरीफ का कार्यक्रम किया गया जोहर नमाज के बाद लंगर ख्वानी का प्रोग्राम शुरू किया गया जिसमें गरीबों को भोजन तकसीम किया गया। इसी तरह ईशा नमाज के बाद के बाद मुशायरे का कार्यक्रम प्रायोजित है जिसमें देश के नामी गिरामी शायरों द्वारा कलाम पेश किया जायेगा। उर्स फैजुल आरेफीन हजरत अल्लामा सूफी गुलाम आसी पिया हसनी के उर्स की जिम्मेदारी हजरत मौलाना सूफी जियाउल लतीफ आसवी ने बखूबी निभाया। उर्स में बच्चों के लिए झूले व किस्म किस्म की दुकानें व रोशनी आकर्षण का केंद्र रहा।

# गाजे-बाजे के साथ निकली खाटू श्यामजी की पैदल यात्रा

- हर महीने की एकादशी को बड़े धूमधाम से शोभायात्रा
- गर्मी में भी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया



**बांदा, 08 मई (तरूणमित्र)।** गुरूवार को शहर में बाबा खाटू श्याम सेवा मंडल द्वारा हर माह एकादशी पैदल निशान यात्रा निकाली जाती है इस बार एकादशी विशाल शोभा यात्रा निकाली गई यात्रा में भारी संख्या में खाटू श्याम भक्तगण उपस्थित रहे यात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत जलपान की ब्यबस्था भक्तों द्वारा की गयी और यात्रा में खाटू श्याम सेवा मंडल के अध्यक्ष मोंटू गुप्ता ने बताया कि यह यात्रा लगातार 16वी यात्रा निकली गयी सिर्फ हिंदू समाज एकजुट करने का आवाहन किया गया और उन्होंने आगे बताया कि खाटू श्याम सेवा मंडल भक्त बाबा को निशान चढ़ा कर अपनी अपनी मनोकामना को पूरी करते खाटू श्याम सेवा मंडल के अध्यक्ष मोंटू गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार कलयुग की मीरा कुमारी जिनका नाम आरती टॉक जो बाबा को प्रतिदिन विगत 5 वर्षों बाबा श्याम को निशान चढ़ती हैं 13551 अब तक चढ़ाई उनकी मृत्यु कार एक्सीडेंट में निशान चढ़ाते समय हो गई जिनकी आज श्रद्धांजलि मंदिर में दी गई बाबा उनको चरणों में स्थान दें।

आप लोगो बहुत स्नेह प्यार मिला बाबा सभी भक्तो सदैव आशीर्वाद बनाए रखें।

इस यात्रा में महिलाएं बच्चे भी शामिल होते हैं जो बड़ी आनंदमय से यात्रा निकल जाती है इस यात्रा में भक्ति में देखने को मिलता है यात्रा मे उपस्थित खाटू श्याम के पदाधिकारी अध्यक्ष मोंटू गुप्ता महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता कोषाध्याय जीतू गुप्ता उपाध्यक्ष अमित गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता और रामभोरी पप्पू भइया, पप्पू गुप्ता गुड्डू विष्णु चौरसिया, हरीशंकर ,विनोद मनोज शिवहरे ,सुधीर तिवारी, केके गुप्ता मोहित चौरसिया रामबहोरी पप्पू शिवहरे सोहन कुशवाहा, संतोष यादव धीरज साहू, महिला अध्यक्ष विमला यादव, महामंत्री शैल गुप्ता रूबी गुप्ता संगीता शिवहरे नंदनी यादव उपाध्यक्ष सुमन यादवआदि भक्त उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना : निर्धारित लक्ष्य को समय से पूरा करें-सीडीओ



**ललितपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** सीडीओ के.के.पाण्डेय की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की समीक्षा बैंकवार की गयी, जिसमें प्राप्त आवेदन पत्रों पर जल्द से जल्द ऋण स्वीकृत एवं वितरण की कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया।

भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक को प्राप्त आवेदन पत्रों में त्वरित कार्यवाही करने एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबन्धक को प्राप्त आवेदन पत्रों में त्वरित कार्यवाही करने को कहा। इस दौरान एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ बडौदा, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, आईडीबीआई बैंक, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, उ.प्र.ग्रामीण बैंक, पंजाब एण्ड सिन्ध बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, अग्रणी जिला प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, यूको बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया आदि समस्त शाखा प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त आवेदन पत्रों पर शीघ्र ऋण स्वीकृत एवं वितरण की कार्यवाही करे जिससे लक्ष्यों को समय से पूर्ण कराया जा सके।

# सीरोनकलॉ और सिलगन में चारागाह भूमि होगी कब्जामुक्त, लगेंगे फलदार पौधे : डीएम



**ललितपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत सीरोनकलॉ विकास खण्ड जखौरा में भ्रमण कर ग्राम सभा में उपलब्ध चारागाह की जमीन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बताया गया कि सीरोनकलॉ की 30 एकड़ भूमि का चिन्हांकन किया जा चुका है, ग्राम पंचायत सीरोनकलॉ का राजस्व ग्राम सेवर में शेष 30 एकड़. की भूमि का चिन्हांकन प्रक्रिया में है। उक्त भूमि पर चारागाह, मियावाकी एवं फलदार पौधों का रोपण किया जायेगा।

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत सिलगन में मनरेगा योजनांतर्गत चल रहे बिजौरिया नाले का गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया, यहां पर बताया गया कि यह नाला ग्राम पंचायत गनगौरा से निकलकर ग्राम पंचायत महरों के अमरपुर मण्डी से होता हुआ शहजाद नदी में विलय हो जाता है। इसकी लम्बाई लगभग 9 किमी है।

मौके पर 33 श्रमिक कार्य करते हुये पाये गये।मौके पर जिलाधिकारी महोदय के साथ उपायुक्त श्रम-रोजगार रमेश कुमार यादव, खण्ड विकास अधिकारी जखौरा सौरभ वर्नवाल, ग्राम पंचायत अधिकारी प्रकाश वर्मा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सीरोनकलॉ, ग्राम प्रधान सिलगन ग्राम सचिव हिमाशु एवं एपीओ जखौरा उमेश चन्द्र झॉं इत्यादि उपस्थित रहे।

## पंखा लगाते समय किशोरी को लगा करेंट

**बबेरू/बांदा, 08 मई (तरूणमित्र)।** बबेरू तहसील क्षेत्र के जलालपुर गांव में पंखा लगाते समय किशोरी को करेंट लग गया। जिससे हाथ में गंभीर रूप से झुलस गई जिसको परिजनों के द्वारा सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया गया है। मामला बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत जलालपुर गांव का है। जहां की रहने वाली किशोरी रोशनी देवी पुत्री पिंटू तिवारी उम्र करीब 15 वर्ष, यह अपने घर पर पंखा लगा रही थी, तभी विद्युत लाइन कटी होने के कारण रोशनी देवी के हाथ में करेंट लग गया। जिससे हाथ में गंभीर रूप से झुलस गई। और बेसुध हालत पर गिर पड़ी, जिसको परिजनों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में रात्रि को भर्ती कराया। जहां पर डाक्टर द्वारा उपचार किया गया है।

# यातायात प्रभारी ने कैडेट्स के साथ मिलकर चलाया जागरूकता अभियान

## हाई-वे पर अवैध रूप से खड़े वाहनों पर की गई प्रवर्तन कार्यवाही



**ललितपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से एनसीसी कैडेट्स के साथ शहर के वर्णी चौराहे पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान मुख्य रूप से दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाना, सड़क पर स्टंट बाजी न करना, ओवरस्पीडिंग न करना, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना और दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल चिकित्सीय सहायता हेतु जागरूक किया गया। प्रभारी यातायात द्वारा एनएच-44 हाइवे और अन्य स्टेट हाइवे पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए चालक/परिचालक को सड़क किनारे खड़े वाहनों से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के बारे में जागरूक किया गया।

प्रभारी यातायात द्वारा शहर के व्यस्तम मार्ग पानी की टंकी से लेकर सावरकर चौक तक अवैध अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया गया जिससे आम जनमानस को निर्बाध यातायात प्रदान किया जा सके और शहर में कहीं जाम की समस्या न उत्पन्न हो। इसके अलावा यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों, तिराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चलाते हुये प्रवर्तन की कार्यवाही की, जिसमें 97 वाहनों का चालान करते हुए 02 वाहनों को सीज किया गया।

# सात दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

## सीओ ने बांटे प्रमाण पत्र




**चित्रकूट, 08 मई (तरूणमित्र)।** पुलिस कार्यालय में सात दिवसीय सीसीटीएनएस कैप्सूल कोर्स का क्षेत्राधिकारी लाइन्स फहद अली ने समापन कर प्रशिक्षित आरक्षियो को प्रमाण पत्र बांटे। सात दिवसीय प्रशिक्षण में डिस्ट्रिक कॉआर्डिनेटर मनीष वर्मा व आरक्षी धर्मेन्द्र प्रजापति के द्वारा कोर्स में नामित 12 पुलिस कर्मियों को सीसीटीएनएस के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

जिसमें सीसीटीएनएस के सभी फार्मो की फीडिंग, ई-साक्ष्य एप, ई-सम्मन पोर्टल, साइबर सेल टीम द्वारा साइबर क्राइम एवं आईजीआरएस टीम द्वारा आईजीआरएस के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। आरक्षी मनीष यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## जनपद में बाल अधिकारों पर कार्य कर रही समिति-शंकरदयाल

**चित्रकूट, 08 मई (तरूणमित्र)।** जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक भुवन ऋभु बने वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय अधिवक्ता सहयोगी संगठन जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति के साथ मिलकर जनपद में बाल अधिकारों की सुरक्षा में निभा रहे प्रमुख भूमिका निभा रहे है। जनकल्याण शिक्षण प्रसार समिति के शंकरदयाल पयासी ने बताया कि भुवन ऋभु जनपद में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के काम से करीब से जुड़े हैं जहां जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन बाल विवाह व बच्चों की ट्रैफिकिंग की रोकथाम के लिए स्थानीय स्तर पर जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति का सहयोग व मार्गदर्शन कर रहा है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) बाल अधिकारों की सुरक्षा के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा कानूनी हस्तक्षेप नेटवर्क है जिसके सहयोगी नागरिक समाज संगठन देश के 416 जिलों में काम कर रहे हैं जिले को बच्चों के लिए सुरक्षित बनाने व 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए संस्था जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति भुवन ऋभु के कानूनी व रणनीतिक दिशानिर्देशों पर अमल कर रहा है।

## महाविद्यालय में नकल करते तीन छात्र पकड़े

**नरैनी/बांदा, 08 मई (तरूणमित्र)।** महाविद्यालय में नकल करते तीन छात्र पकड़े गए जिनका रिस्टीकेट कर दिया गया ।जानकारी के अनुसार सीताराम समर्पण महाविद्यालय में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर की परिक्षाओं में महाविद्यालय द्वारा गठित उड़ाका दल में सम्मिलित सुबह पाली में वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष डा. डीसी गुप्ता नोडल प्रभारी डा. रमा कान्त द्विवेदी के साथ सहायक प्राध्यापक अरविंद शुक्ला रामेश तिवारी ने दो छात्रों की ओमआर सीट एक साथ पाई जिससे प्रथम पाली में दोनों छात्रों का प्राचार्य द्वारा रिस्टीकेट कर दिया गया इसी परीक्षा की तृतीय पाली में एमए के तीन छात्रों के बीच मोबाइल पकड़ा गया प्राचार्य द्वारा तीनों छात्रों को सामूहिक में रिस्टीकेट किया गया तीनों के प्रश्नपुस्तिका पर टिक किये हुये भी पाये गये।

# ट्रेनों के संचालन में रेल अधिकारी रखें कड़ी निगाह

## भारत -पाक के बीच युद्ध के माहौल में सतर्कता बरतने के निर्देश

**झांसी, 08 मई (तरूणमित्र)।** पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की ओर से ए?रस्ट्राइक किए जाने के बाद रेलवे बोर्ड ने अपने कर्मचारियों को हिदायत दी है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियां सैन्य ट्रेनों की आवाजाही की जानकारी हासिल करने की कोशिश कर सकती है। इसको लेकर रेलवे स्टॉफ सक्रिय हो गया है।

रेलवे बोर्ड ने सभी जोनों के प्रिंसिपल चीफ ऑपरेशन मैनेजर्स को भेजे संदेश में कहा पाकिस्तान खुफिया ऑपरेटिव रेलवे अफसरों को फोन कर सैन्य स्पेशल ट्रेनों की आवाजाही की गोपनीय जानकारी मांग सकते हैं। बोर्ड ने सख्ती से कहा कि ऐसी जानकारी को सिर्फ मिलिट्री रेल (रेलवे की सैन्य शाखा) के कर्मचारियों के अलावा किसी और को देना देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा होगा। मिलिट्री रेल भारतीय रेलवे की एक खास शाका है जो फौज को लॉजिस्टिक सपोर्ट देती है। रेलवे ने कहा कि ऐसी जानकारी का लीक होना ने सिर्फ सिक्योरिटी का मसला है, बल्कि यह देश की सुरक्षा को भी नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए, रेलवे ने अपने अफसरों और कर्मचारियों को हिदायत दी है कि वे सैन्य ट्रेनों की एक्टिविटी की जानकारी की संवेदनशीलता को समझें और इसे गंभीरता से लें।

### संदिग्धों पर रखी जाए कड़ी नजर

प्रदेश के पुलिस प्रमुख ने आतंरिक सुरक्षा प्रबंधों को लेकर पूरी सावधानी बरतने को कहा है। संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश भी दिया गया है। पुलिस पूरी तरह सतर्क व संसाधनों से लैस है। पुलिस प्रमुख ने पुलिस की सभी फील्ड इकाइयों को केंद्रीय बलों से समन्वय बनाकर चेकिंग करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में एसएसपी बीबीजीटीसी मूर्थि ने संदिग्ध लोगों पर नजर रखने, उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए है।

# झाँसी सहित 13 रेलवे स्टेशनों पर लगे ऊर्जा सोलर पैनल

**झांसी, 08 मई (तरूणमित्र)।** रेलवे स्टेशन परिसर, स्टेशन और क्रासिंग अब सौर उर्जा से रोशन होंगे। स्टेशनों के आसपास की खाली जमीन पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इसके अलावा गेटमैन के केबिन पर भी सोलर पैनल लगेंगे। झांसी रेल मंडल प्रशासन ने सोलर पैन लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। उत्तर मध्य रेलवे के झांसी रेल मंडल ने उर्जा संरक्षण के क्षेत्र में तेजी से कदम बढ़ाया है. सभी स्टेशन और समपार फाटक अब सौर उर्जा से रोशन होंगे। इसके लिए रेलवे के सभी भवनों और प्लेटफार्म की छत के अलावा खाली पड़ी जमीनों को चिन्हित कर लिया गया है।

झांसी रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) नितिन गुप्ता के निर्देशन में झांसी रेल मंडल के स्टेशन सौर उर्जा से जगमगा रहे हैं। झांसी रेल मंडल के तेरह स्टेशनों पर दस-दस केडब्ल्यूपी क्षमता के सोलर प्लांट लगाए गए हैं।

रेलवे ने एक योजना तैयार की है, जिसके तहत झांसी रेलवे मंडल के तेरह स्टेशन सोलर एनर्जी पर चलेंगे। यह कदम रेलवे को आर्थिक रुप से भी मजबूत बनाएगा और पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार साबित होगा।झांसी रेल मंडल के चिरगांव, मुस्तरा, सोनागिर, एट जंक्शन, मोंठ, गढ़मऊ, रगौल, कुलपहाड़, अतर्रा, तालबेहट, धौर्रा, निवाड़ी व भरुआसुमेरपुर शामिल है। इस तरह मंडल के 145 रेलवे क्रासिंग पर सोलर पैनल लगाने की प्रक्रिया शुरू हो रही है। इस संबंध में पीआरओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि झांसी रेल मंडल प्रगति की ओर है।

# पास्को प्रकरणों को प्राथमिकता पर करें निस्तारित : जिलाधिकारी

## अभियोजन समिति की बैठक में डीएम के निर्देश



**झांसी, 08 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में अभियोजन समिति की बैठक में वादों के निस्तारण के सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उपस्थित शासकीय अधिवक्ताओं से एक-एक वाद के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए प्रभावी पैरवी कर शासन के पक्ष में निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि पैरवी और अधिक संवेदनशील होकर की जाए ताकि दोषियों को अपने द्वारा किए गए अपराध की सजा दिलाई जा सके।

उन्होंने कहा पास्को एक्ट व महिला उत्पीड़न के सहित अन्य मुकदमों में प्रभावी ढंग से पैरवी करते हुए दोषियों को सजा दिलाएं। उन्होने जनपद न्यायालयों या अन्य दूसरे न्यायालयों में लम्बित वादो को सूचीबद्ध करते हुए अधिक से अधिक वादो का निस्तारण कराए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने अभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि गैंगस्टर, महिलाओं और बच्चों से संबंधित आपराधिक मामलों का निर्धारित समयावधि के अंतर्गत निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करें, हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए कि हम न्याय समय से दिला सकें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वरुण कुमार पाण्डेय, एसपी सिटी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर देवयानी, संयुक्त निदेशक अभियोजन देशराज सिंह, विजय सिंह कुशवाहा डीजीसी, मृदुलकांत श्रीवास्तव डीजीसी, दीपक तिवारी विशेष लोक अभियोजक, एडीजीसी संजय पाण्डेय, अतुलेश कुमार सक्सेना, रवि प्रकाश गोस्वामी, तेज सिंह गौर, देवेन्द्र पांचाल, ज्ञान स्वरूप राजपूत एपीओ आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

**झांसी, 08 मई (तरूणमित्र)।** अपर जिला जज/सचिव ने बताया कि 10 मई को जनपद न्यायालय, वाद न्यायालय एवं जनपद की समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अन्य वादों के अतिरिक्त विशेष रूप से शमनीय आपराधिक वाद, धारा 138 एन०आई०एक्ट, मनी रिकवरी, मोटर एक्सीडेन्ट क्लेम, वैवाहिक वाद श्रमिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली बिल एवं जलकर विवाद, राजस्व, एंव किरायेदारी, इत्यादि वादों का विशिष्ट रूप से निस्तारण किया जाएगा। अपर जिला जज/सचिव ने समस्त जन समुदाय, समस्त विद्वान अधिवक्ता बन्धुओं एवं वादकारियों से अपील की है कि आप अपने-अपने उपरोक्त सम्बन्धित वादों को दिनांक 10 मई को आयोजित की जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को नियत कराते हुए जरिये सुलह समझौता निस्तारित कराकर इसका लाभ उठायें।

## अपर आयुक्त जीएसटी से व्यापारियों ने की मुलाकात



**ललितपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** जीएसटी कार्यालय में झांसी मंडल से आए अपर आयुक्त ग्रेड 1 के साथ जीएसटी कार्यालय में व्यापारी नेताओं के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में व्यापारी नेताओं ने जीएसटी कर की समस्याएं पटल पर रखी। इस दौरान आयुक्त ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना और शीघ्र ही समाधान करने का आश्वासन दिया। यह भी कहा व्यापारियों का कभी उत्पीड ? नहीं होने दिया जाएगा जिला उद्योग व्यापार मंडल ने प्रमुख रूप से दो समस्याएं रखी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, मंडल महामंत्री अनिल जैन, महामंत्री अनिल जैन, प्रदेश मंत्री नवीन सिंघई, प्रदेश संगठन मंत्री अशोक अनौरा, अभय जैन एड., नगर अध्यक्ष महेश जैन आदि ने व्यापारियों की समस्याओं पर अधिकारियों से चर्चा की और समाधान की मांग की।

## नवीन पर्यटन नीति संबंधित कैम्प का आयोजन 13 मई को

**ललितपुर, 08 मई (तरूणमित्र)।** जिला पर्यटक अधिकारी हेमलता ने अवगत कराया है कि पर्यटन नीति 2022 के सम्बन्ध में एक कैम्प का आयोजन जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में 13 मई को सुबह 11.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में किया जा रहा है, जिसमें पर्यटन नीति 2022 के बारे में उद्यमी/होटेलीयर्स आदि को विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा नवीन पर्यटन नीति 2022 प्रख्यापित की गई है, जो 5 साल की अवधि या प्रतिस्थापित होने तक लागू रहेगी। इसके अंतर्गत पर्यटन के क्षेत्र में चिन्हित कतिपय गतिविधियों जैसे होटल, बजट होटल, रिजार्ट, हेरिटेज होटल, वेलनेस सेंटर, फार्म स्टे, साहसिक पर्यटन परियोजना, ढाबे, मेरिज गार्डन, थीम पार्क/मनोरंजन पार्क, वाटर पार्क इत्यादि क्षेत्रों में निवेश करने पर प्रोत्साहन, अनुदान, छूट दिए जाने का प्रविधान है।

# जलभराव से जूझ रहे सांडा गांव के लोग, स्कूल जाने वाला रास्ता डूबा



**बबेरू (बांदा), 08 मई (तरूणमित्र)।** बबेरू तहसील के ग्राम पंचायत सांडा में जल निकासी की समस्या से लोग बुरी तरह परेशान हैं। गांव के प्राथमिक विद्यालय को जाने वाला मुख्य रास्ता जलभराव के कारण पूरी तरह से डूब जाता है, जिससे स्कूली बच्चों, अध्यापकों और स्थानीय निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निकासी के लिए बनी नाली की सफाई पिछले साल की बरसात के बाद से अब तक नहीं की गई है, जिससे पानी जमा हो रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार ग्राम प्रधान मंजू देवी के पति मनोज वर्मा से शिकायत की गई, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला और कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वही बताया ग्रामीणों ने जो भी विकास कार्य गांव में कराए जाते हैं उसमें खाना पूर्ति की जाती है और सरकारी धन का बंदर बाँट प्रधान व सचिव मिलकर करते हैं।

गांववासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नाली की सफाई कराई जाए और रास्ते से पानी निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो और आम जनजीवन सामान्य हो सके।

## पहली ही बारिश में सड़क पर हुआ जल भराव

**बबेरू/बांदा।** बबेरू तहसील परिसर बीती रात्रि तेज बारिश के चलते तहसील की सड़कों पर जल भराव की स्थिति पैदा हो गई है। जिससे आवागमन करने में लोगों को दिक्कत हो रही है, वही अधिवक्ताओं ने बताया कि पहले ही बारिश में सड़क पर पानी भर गया है। जिससे आवागमन करने में फरियादियों को दिक्कत हो रही है। और अधिवक्ताओं को भी निकलने में परेशानी हो रही है, अधिवक्ताओं ने बताया की जल निकासी की व्यवस्था सही न होने पर जल का भरा हो जाता है। और अगर हल्की सी भी बारिश हो गई तो हमारे बस्ते के सामने सड़क पर पानी भर जाता है। हम चाहते हैं कि इस सड़क को ऊंचा कारण किया जाए, और जल की निकासी के लिए नालियों में पाइप लगाकर जोड़ा जाए, ताकि जो बरसात का पानी हो वह नालियों से बहकर निकल जाए। वही अधिवक्तओ ने यह भी बताया, कि कई बार तहसील दिवस,एसडीएम व उच्च अधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से बताया जा चुका है। लेकिन आज भी व्यवस्था जस का तस बनी हुई है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 10 को

**बांदा, 08 मई (तरूणमित्र)।** शनिवार 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना हैं। जिसका उद्घाटन नवांगतुक जिला जज देवेन्द्र सिंह के द्वारा प्रातः 08 बजे से किया जायेगा। इस परिप्रेक्ष्य में उक्त तिथि पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने एवं अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण किये जाने हेतु आज से देवेन्द्र सिंह, जनपद न्यायाधीश-बांदा की अध्यक्षता में प्रारम्भिक वार्ता बैठक का आयोजन उनके विश्राम कक्ष में किया गया। इस बैठक में राजस्व सम्बंधी मामलों, विद्युत अधिनियम के मामलों, मोटर वाहन एक्ट के मामलों, चेक बाउन्स, चकबन्दी, श्रम वाद व चालानी आदि के मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण पर विचार किया गया। जिससे कि आम जनता अथवा वादकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत का सम्पूर्ण लाभ प्राप्त हो सकें।

# लकड़ी लदा ट्रक पाइप लदे ट्रक में घुसा, तीन की मौत

जालौन/उरई, 08 मई (तरुणमित्र)। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर गुरुवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। जहां सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे आ रहा लकड़ी लदा ट्रक जा घुसा। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। वहीं मृतको के परिजनों को सूचना देकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



मामला जालौन कोतवाली क्षेत्र के बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का है। जहां बुधवार की शाम झांसी से पाइप लादकर बुलंदशहर जा रहा ट्रक बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 188 के पास खराब हो गया था। ट्रक चालक ट्रक ठीक कराने का प्रयास किया। लेकिन ट्रक ठीक नहीं हो सका। जिसके बाद लोकेंद्र निवासी परसौरा थाना गरौठा, रिशू निवासी नगेपुरा थाना कोंच व पाटू निवासी पटगवा थाना कटेरा जिला झांसी रात में ट्रक के आगे सो गए। देर रात झांसी की ओर से लकड़ी लादकर आ रहा ट्रक पाइप लदे खड़े ट्रक में जा घुसा। जिससे ट्रक आगे बढ़ गया और उसके आगे सो रहे तीनों लोगों पर ट्रक चढ़ने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि दूसरे ट्रक पर सवार विक्की निवासी बिहार, लोकेश निवासी ग्राम जमालपुर थाना कंचनपुर, जिला धौलपुर भी घायल हो गए। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान लोकेंद्र, रिशू व पाटू की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के परिजनों को सूचना देकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# अवैध तमंचा संग पकड़े गए अभियुक्त

कोंच/उरई, 08 मई (तरुणमित्र)। थाना कैलिया पुलिस ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ दुर्गेश कुमार द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 08 मई 2025 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा व पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष अतुल कुमार के कुशल निर्देशन में थाने में पंजीकृत मुकदमा आर्म्स एक्ट से सम्बंधित अभियुक्तगणों में शिवम उर्फ पठा पुत्र अरविंद कौरव उम्र करीब 22 वर्ष को एक अदद देशी पिस्टल 32 वॉर व 2 अदद व दो अदद जिंदा कारतूस व दो अदद खोखा कारतूस 32 वॉर व योगेंद्र सिंह उर्फ योगी पुत्र दयाल सिंह कौरव निवासीगण सलैया बुजुर्ग को एक अदद तमंचा 315 वॉर व दो अदद जिंदा कारतूस 315 वॉर व नन्हे राजा पुत्र साहब सिंह कौरव निवासी ग्राम करधर थाना आलमपुर को एक अदद तमंचा12 वॉर व 03 अदद जिंदा कारतूस 12 वॉर व अमन सिंह परिहार पुत्र शिशुपाल सिंह निवासी ग्राम करौला थाना भगुआ रामपुरा व सुनील जाटव पुत्र जसवंत जाटव निवासी ग्राम लोटमपुरा थाना असवार और मानवेन्द्र सिंह पुत्र रामधर सिंह कौरव निवासी ग्राम कुरथर थाना आलमपुर को गिरफ्तार किया गया और विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा जा रहा है। पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष कैलिया अतुल कुमार, उपनिरीक्षक अरविंद कुमार, उपनिरीक्षक मोहित यादव, हेड कांस्टेबिल श्रीराम प्रजापति, हेड कांस्टेबिल अजीत सिंह, कांस्टेबिल रण विजय सिंह, कांस्टेबिल कृष्ण कांत और सचिन परमार मौजूद रहे। वहीं पुलिस पकड़े गए अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी मध्य प्रदेश के सीमावर्ती थाने से की जा रही है।

# मिलावटी खाद्य पदार्थो के भरे नमूने

उरई, 08 मई (तरुणमित्र)। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ उ.प्र. व जिलाधिकारी के निर्देशानुसार, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद के अभिहित अधिकारी डॉ. जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपद की समस्त तहसीलों में आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने हेतु विभिन्न स्थानो पर छापामार कर निम्नलिखित कार्यवाही करते हुये दूध एवं दुग्ध पदार्थो के नमूनें संग्रहीत किये गये। पटेल नगर बम्बी रोड़ स्थित खोया भट्टी प्रो. सुमित कुमार पुत्र श्री केशव सिंह के परिसर से खाद्य पदार्थ खोआ का नमूना संग्रहित किया गया। माधौगढ़ तहसील के ग्राम लिड़ऊपुर मे स्थित खोआ भट्टी से खाद्य पदार्थ खोआ का नमूना संग्रहित किया गया।



झांसी रोड़ उरई स्थित तड़का रेस्टोरेन्ट प्रो. विशाल गुप्ता के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ धनिया पाउडर का नमूना। कोंच बस स्टैण्ड उरई में उपेन्द्र छोले भटूरे के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ मैदा का नमूना। कुईया रोड़ उरई से दूध फेरी भरत कुमार से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना। कुईया रोड़ उरई से दूध फेरी राज किशोर राजपूत से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना। कुईया रोड़ उरई से दूध फेरी वीरू से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना। फूड सेफ्टी वैन (एफ.एस.डब्ल्यू.) के माध्यम से जालौन चैराहा उरई में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। तथा मौके पर खाद्य पदार्थों की जॉचकर खाद्य कारोबारकर्ताओं व आम जनमानस को मिलावटी खाद्य पदार्थों की पहचान कर अवगत कराया गया। कार्यक्रम में 52 खाद्य कारोबारकर्ताओं व आम जनमानस द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### जाम से निजात दिलाने को प्रशासन सक्रिय डीएम-एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

उरई, 08 मई (तरुणमित्र)। यातायात व्यवस्था को सुधारने और शहर को जाम से मुक्त कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार द्वारा आज उरई में संभावित पार्किंग स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान राजकीय इंटर कॉलेज परिसर की भूमि का अवलोकन किया, जिसे भविष्य में पार्किंग स्थल के रूप में विकसित किए जाने की संभावना पर विचार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, इकलासपुरा चैराहे के समीप नगर पालिका की खाली भूमि पर प्रस्तावित सब्जी मंडी स्थल का भी निरीक्षण किया गया, जिससे वर्तमान में व्याप्त असंगठित फुटपाथ व्यापार को नियोजित ढंग से स्थानांतरित किया जा सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थानों की उपयोगिता एवं जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्र रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत की जाए।

### स्वीकृत मानचित्र के विरुद्ध निर्माण पर प्रशासन की सख्ती, अवैध भवन सील

उरई, 08 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में उरई विकास प्राधिकरण की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए, चुर्खी क्रॉसिंग से मेडिकल कॉलेज रोड पर स्थित एक अवैध भवन निर्माण को सील कर दिया। प्राधिकरण की जांच में यह पाया गया कि रणजीत सिंह पुत्र राम भरोसे द्वारा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण कार्य किया जा रहा था। इस पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए भवन को सील कर दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी नियमों के उल्लंघन पर इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई की जाएगी।





### महिला जन-सुनवाई 14 मई को

उरई, 08 मई (तरुणमित्र)। जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ० अमरेन्द्र कुमार पौत्स्यायन ने उ०प्र० राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल के दिनांक 14.05.2025 को जनपद जालौन में महिला जन-सुनवाई/निरीक्षण के सम्बन्ध में बताया कि सदस्य सचिव उ०प्र० राज्य महिला आयोग, मानव अधिकार भवन (तृतीय तल) गोमतीनगर, लखनऊ के पत्र दिनांक 08.05.2025 के द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल द्वारा दिनांक 14.05.2025 को जनपद जालौन में महिला जन सुनवाई का कार्यक्रम निर्धारित है। सदस्य के जनपद में महिला जन-सुनवाई के दौरान महिला थानाध्यक्षों एवं संबंधित क्षेत्राधिकारियों से विगत तीन माह तक की महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा करेंगी व महिला बंदी गृहों, बालिका/महिला गृहों व आगंनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करेंगी।

### चिंगारी से खेत में खड़ी पराली में लगी आग, 55 पाइप व सबमर्सिबल राख

जालौन/उरई, 08 मई (तरुणमित्र)। बिजली के तार से निकली चिंगारी से खेत में खड़ी पराली में आग लग गई। आग लगने के कारण खेत में खड़ी पराली के साथ पानी लगाने के लिए रखे 55 प्लास्टिक के पाइप व सबमर्सिबल जल गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुरा निवासी विजय सिंह वर्मा ने अपने चार एकड़ के खेत में गेहूं की फसल बोयी थी। गेहूं की फसल की कटाई के बाद खेत में पराली खड़ी थी। पास में ही उन्होंने दूसरे खेत में मूंग की फसल बोयी थी। उसमें पानी लगाने के लिए उन्होंने सबमर्सिबल के पास ही प्लास्टिक के लगभग 55 पाइपलाइन रखे थे। खेत में सबमर्सिबल के लिए आई लाइन अथवा बिजली के तार से निकली चिंगारी से पराली में आग लग गई। पराली में आग लगने के कारण पराली जल गई। साथ ही खेत में रखे 55 प्लास्टिक के पाइप के साथ सबमर्सिबल भी जल गई। पीड़ित किसान ने प्रशासन से आर्थिक मदद दिलाए जाने की मांग की है।

# विकास भवन सभागार में डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

उन्नाव, 08 मई (तरुणमित्र)। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में बाढ़ से पूर्व तैयारियों के संबंध में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।





बैठक में बताया गया कि जनपद उन्नाव में दो नदियां क्रमशः गंगा एवं सई नदी में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है, जिसमें गंगा के अन्तर्गत तहसील बांगरऊ, सफीपुर, उन्नाव एवं बीघापुर के गांव व क्षेत्र प्रभावित होते हैं। इसी प्रकार सई नदी से प्रभावित होने वाली तहसीलों में हसनगंज एवं पुरवा आते है। इस मौके पर डीएम ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नाविकों एवं ग्रामों का चिन्हांकन करते हुए बाढ़ कैम्प एवं चौकियों का चिन्हांकन कर लें। बाढ़ की स्थिति में भूसा, पानी, राशन किट, दवाईयां आदि की बाढ़ से पूर्व समुचित व्यवस्था कर ली जाए। इसके अतिरिक्त 10 जून से समस्त तहसीलों व जिला मुख्यालय पर कन्ट्रोल रूम 24 घण्टे के लिए क्रियाशील किए जाए। प्रत्येक तहसील स्तर पर बाढ़ से संबंधित व्हाट्स एप ग्रुप क्रियाशील कर लिए जाए। जिसमें प्रशासन, स्वास्थ्य, पुलिस, प्रधानों, नाविकों, बाढ़ आपदा मित्रों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों को जोड़ा जाए। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में चेतावनी की स्थिति में एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने की पूरी कार्य योजना तैयार कर ली जाए। उन्होंने बाढ़ से संबंधित तहसीलवार समीक्षा करते हुए कहा कि जिन तहसीलों में जो भी कमियां हो उन्हें बाढ़ से पूर्व पूर्ण करा ली जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृति राज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरी नन्दन प्रसाद, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) सुशील कुमार गोंड, परियोजना निदेशक तेजवन्त सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर, अधिशासी अभियन्ता शारदा नहर शैलेश कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. महावीर प्रसाद सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

**● बाढ़ से पूर्व तैयारियों पर अधिकारियों के साथ डीएम गौरांग राठी ने की चर्चा**

# नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण आज से

उरई, 08 मई (तरुणमित्र)। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र., जवाहर भवन लखनऊ के कार्यालय पत्र दिनांक 06.05.2025 के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय/पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को माह मई 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न, खाद्य ज्वार व बाजरा का वितरण माह मई कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश निर्देश दिये गये है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 में अन्त्योदय अन्न योजना के अन्तर्गत माह अप्रैल 2025 के वितरण के उचित दर दुकान स्तर पर उपलब्ध अवशेष बाजरा की मात्रा को सम्मिलित करते हुए, जनपद में अन्त्योदय पश्चात उचित दर दुकान परिवारों को प्रति कार्डधारक 14 किग्रा० गेंहू, 20 किग्रा० चावल एवं 01 किग्रा० बाजरा (उपलब्धतानुसार) का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। प्रत्येक दशा में चावल एवं बाजरा को मिलाकर वितरण स्केल को यथावत (21 किग्रा. प्रति कार्ड) रखा जायेगा। बाजरा की मात्रा समाप्त होने पर शेष अन्त्योदय कार्ड धारकों के मध्य प्रति कार्ड 14 किग्रा. गेंहू, 21 किग्रा० चावल (कुल 35 किग्रा. खद्यान्न) का वितरण कराया जायेगा तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 में जनपद में पात्रगृहस्थी लाभार्थियों को माह अप्रैल 2025 के वितरण के पश्चात उचित दर दुकान स्तर पर उपलब्ध अवशेष बाजरा व ज्वार का वितरण कराया जायेगा।

# देवी भागवत पुराण भक्ति, शक्ति और मोक्ष का कराता दर्शन: मिश्रा

जालौन/उरई, 08 मई (तरुणमित्र)। शिव शंभू धाम पर आयोजित नौ कुंडी शिवशक्ति महायज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के साथ रात्रिकालीन रामलीला का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में जारी है। कार्यक्रम के चैथे दिन भव्य आयोजन के बीच भागवताचार्य अरविंद मिश्रा ने देवी भागवत महापुराण की रसपूर्ण चैथे दिन की कथा सुनाई, वहीं रात्रि में रामलीला मंचन में राम अध्ययन और सीता विवाह की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई। कथा के दौरान भगवताचार्य अरविंद मिश्रा ने बताया कि देवी भागवत पुराण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि एक ऐसा मार्गदर्शक है जो भक्ति, शक्ति और मोक्ष का दर्शन कराता है। उन्होंने चैथे दिन की कथा में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों, उनके अवतारों और धर्म की स्थापना के लिए किए गए प्रयासों को विस्तार से समझाया। उन्होंने यह भी कहा कि जब-जब अधर्म बढ़ता है, देवी शक्ति विभिन्न रूपों में प्रकट होकर धर्म की रक्षा करती हैं। कथा में सती से पार्वती बनने की यात्रा, हिमालय की तपस्या और शिव-पार्वती विवाह की कथाएं सुनाई गईं, जिसे श्रद्धालुओं ने ध्यानपूर्वक सुना और भाव-विभोर हो गए। वहीं, यज्ञ का संचालन डॉ. मिथलेश त्रिपाठी के निर्देशन में विधिवत रूप से चल रहा है। यज्ञ में आहुतियाँ दी जा रही हैं, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया है। रात्रिकालीन रामलीला में मंचित श्रीराम के बचपन की लीलाओं, गुरु वशिष्ठ के सान्निध्य में उनके अध्ययन और ब्रह्मचर्य जीवन के सुंदर दृश्य प्रस्तुत किए गए।

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना युवक को पड़ा भारी

जालौन/उरई, 08 मई (तरुणमित्र)। संविधान निर्मातां डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना एक युवक को भारी पड़ गया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भिटारा निवासी आशीष कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डॉ. अंबेडकर के खिलाफ आपत्तिजनक और अशोभनीय भाषा में पोस्ट की थी। जैसे ही यह पोस्ट सामने आई, तो लोगों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत मामले को संज्ञान में लिया और आशीष कुमार की पोस्ट की जांच की गई। जिसमें आरोप की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

# एनसीसी कैडेट्स को दिया गया मॉकड्रिल का प्रशिक्षण

कोंच/उरई, 08 मई (तरुणमित्र)। उरई रोड स्थित शैक्षणिक संस्था मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में 58 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी के निर्देश पर लेफ्टिनेंट हरिश्चंद्र तिवारी के द्वारा एनसीसी कैडेट्स व पूर्व एनसीसी कैडेट्स को बुलाकर मॉक ड्रिल का प्रशिक्षण कराया गया। कैडिट को एयर स्ट्राइक से किस प्रकार बचा जाए, ब्लैक आउट की तैयारी कैसे की जाती है व आपदा की स्थिति में हमें किस तरीके से अपने को तैयार रखना है, आदि बातों का प्रशिक्षण दिया गया कैडट्स को बताया गया कि ब्लैक आउट एक ऐसी स्थिति है। जिसमें रात्रि में यदि कोई तेज सायरन बजाता है तो ऐसे में हमें अपने को सुरक्षित रखने के लिए अपने घर की सारी लाइटें बंद कर देनी है, पर्दे लगा लेने हैं और किसी प्रकार की कोई भी रोशनी हमारे घर के बाहर ना जा पाए। इसके लिए घर के सारे पर्दे लगा लेने हैं खिड़कियां बंद रखनी है स्वयं को व अपने परिवार को यदि आपके घर में कोई तलघर जैसी जगह है तो उसमें सपरिवार आप ठहराव ले सकते हैं। या फिर अपने मकान में जो सबसे मजबूत और दबा हुआ कमरा हो उसमें आप लोग ठहराव ले सकते हैं। अपने एक-एक पिट्ठू बैग भी तैयार रख सकते हैं जिनमें अपनी मूल्यवान वस्तुएं जैसे रुपए मोबाइल आदि रख सकते हैं। इसके अलावा आपको शासन के द्वारा टीवी रेडियो आदि पर जो भी सूचनाएं प्रसारित की जा रही है। उन पर पूरा ध्यान रखना है, क्योंकि इस समय पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारत के द्वारा आक्रमण किया जा चुका है और उन्हें नेस्तनाबूद कर दिया गया है। ऐसे में हो सकता है कि पाकिस्तान भी रात्रि में या कभी भी अटैक करें, ऐसे में स्वयं को सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है और दुश्मन देश की रणनीति को विफल करना है। समाज को सुरक्षा का भाव पैदा करने के लिए उनको बराबर स्थितियों से अवगत कराते रहना है, व अफवाहों से बचाना है।





# धनराशि उपलब्ध होने पर गांव में लाइब्रेरी की करायी जाएगी स्थापना

जालौन/उरई, 08 मई (तरुणमित्र)। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कराने और उन्हें समसामयिक जानकारी से अपडेट रखने के उद्देश्य से गांव में लाइब्रेरी की स्थापना कराने की मांग ग्रामीण ने आईजीआरएस पोर्टल पर की थी। जिसके जवाब में जिला पंचायत राज अधिकारी ने ग्रामीण को अवगत कराया कि कार्रवाई की जा रही है। धनराशि उपलब्ध होने पर लाइब्रेरी की स्थापना करा दी जाएगी। कुठौंदा बुजुर्ग निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए मांग की थी कि गांवों में शिक्षा की स्थिति में सुधार की अत्यधिक आवश्यकता है। आज के समय में प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे यूपीएससी, पीसीएस, बैंक, रेलवे, एसएससी तथा और अन्य सरकारी नौकरियों की तैयारी के लिए छात्रों को महंगे कोचिंग संस्थानों का सहारा लेना पड़ता है, जो गांव के अधिकांश छात्रों की पहुंच से बाहर है। ऐसे में अगर गांव में एक सुसज्जित लाइब्रेरी की स्थापना हो जाए, तो छात्र बिना किसी खर्च के अध्ययन कर सकते हैं। कहा कि पुस्तकालय में पाठ्य सामग्री के साथ-साथ समसामयिक घटनाओं पर आधारित समाचार-पत्र, पत्रिकाएं, और सामान्य ज्ञान की पुस्तकें भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इससे न केवल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को लाभ मिलेगा, बल्कि अन्य ग्रामीण भी ज्ञानवर्धन कर सकेंगे। पंचायत भवन या अन्य सार्वजनिक स्थान पर इस लाइब्रेरी को स्थापित किया जा सकता है, जहां नियमित समय पर छात्र अध्ययन कर सकें। यदि गांव में यह लाइब्रेरी बनती है, तो यह गांव के विकास और शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम साबित होगा। उनके शिकायत का निस्तारण करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी ने ग्रामीण को लिखित रूप से बताया कि इस शिकायत की जांच एडीओ पंचायत द्वारा की गई थी। जिसमें उन्होंने अवगत कराया है कि उनकी मांग को जिला स्तर पर प्रेषित किया गया है। धनराशि उपलब्ध होने पर गांव में लाइब्रेरी की स्थापना करा दी जाएगी।

### स्वरोजगार को करें आवेदन

उन्नाव, 08 मई (तरुणमित्र)। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया है कि उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10 मोटराइज्ड दोना मेकिंग मशीन, परम्परागत स्वरोजगार में रुचि रखने वाले कारीगरों एवं दोना बनाने वाले कारीगरों को निःशुल्क वितरित की जायेगी। पात्र उद्यमियों/लाभार्थियों का चयन निर्धारित चयन कमेटी द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया है कि सभी इच्छुक कारीगर अपना समस्त ब्यौरा जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड अथवा परिवार आई.डी. संख्या, अनुभव प्रमाण-पत्र (तकनीकी/व्यवसायिक), दो फोटो व मोबाइल नं. 15 मई तक पंजीकरण करते हुये पंजीकृत आवेदन की एक प्रति जिला ग्रामोद्योग कार्यालय उन्नाव में जमा कर सकते है।

# विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

महोबा, 08 मई (तरुणमित्र)। विश्व रेड क्रॉस दिवस के दिन पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। रेड क्रॉस के राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा इस वर्ष की थीम मानवता के पक्ष में निर्धारित की गई थी। इस मौके पर सभापति डॉ अभिषेक सक्सेना ने बताया कि रेड क्रॉस के जनक जीन हेनरी ड्यूनॉट के जन्म दिवस 8 को मई पूरे विश्व में हर्षोल्लास के साथ विश्व रेड क्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि रेड क्रॉस के मौलिक सिद्धांत निष्पक्षता, तटस्थता, मानवता, सार्वभौमिकता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक सेवा एवं एकता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से उक्त संस्था का सदस्य बनने का आग्रह किया। रोड क्रॉस दिवस के अवसर पर बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने वाली छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर रेड क्रॉस समिति के पदाधिकारी, प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य, आजीवन सदस्य, प्रधानाचार्या, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं तथा छात्राएं उपस्थित रहीं।



# रेडक्रॉस सोसाइटी सेवा, समर्पण और मानवता का प्रतीक: राजेश

उरई, 08 मई (तरुणमित्र)। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल परिसर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य समारोह में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने अध्यक्षता की, जबकि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी मुख्य अतिथि और पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उपसभापति डॉ. ममता स्वर्णकार ने किया, जबकि आयोजन की रूपरेखा लक्ष्मण दास बाबानी (पूर्व सचिव व प्रदेशीय सदस्य) ने प्रस्तुत की।

इस अवसर पर 5 टीबी रोगियों को पोषण किट वितरित की गईं और ब्लड बैंक में कई स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के उपरांत नव-निर्मित रेडक्रॉस भवन का उद्घाटन जिलाधिकारी व जिला पंचायत अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से किया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने अपने संबोधन में कहा, रेडक्रॉस सोसाइटी सेवा, समर्पण और मानवता का प्रतीक है। यह दिन संस्था की गौरवशाली विरासत और उसके मूल्यों को याद करने का अवसर है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा, 1920 में स्थापित यह संस्था आपदा राहत, स्वास्थ्य सेवाओं, रक्तदान और आपातकालीन सहायता के क्षेत्रों में देशभर में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। इसकी निस्वार्थ सेवा भावना ने इसे आमजन के बीच विश्वास का प्रतीक बना दिया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने रेडक्रॉस को सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा, पुलिस विभाग हर कदम पर रेडक्रॉस के साथ है। हम मिलकर समाज में सुरक्षा, सेवा और सौहार्द का वातावरण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रेडक्रॉस सभापति डॉ. नरेश कुमार वर्मा ने कहा, रेडक्रॉस कोई संस्था मात्र नहीं, बल्कि यह मानवता की सजीव मिसाल है। हमें गर्व है कि हम सेवा, समर्पण और संवेदना की परंपरा के वाहक हैं। अंत अतिथियों को स्मृति चिन्ह दिए गए। नये सदस्यों को सदस्यता ग्रहण की। वहीं जिलाधिकारी ने रेडक्रॉस भवन के लिए जगह की घोषणा की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बनवाने की घोषणा की। इस अवसर पर सीएमएस डॉ. आनंद उपाध्याय, लक्ष्मण दास बाबानी, के पी सिंह वरिष्ठ पत्रकार, रामकांत द्विवेदी, डॉ. दिलीप सेठ, युद्धवीर सिंह कंथरिया, रामशरण जाटव, ई. अजय इटोदिया, महेंद्र सिंह भाटिया, डॉ. नितिन मित्तल, अलीम सर, चैधरी जयकरण सिंह, रमेशचंद्र, संजय गुप्ता, नागेंद्र गुप्ता, डॉ. सलिल तिवारी, संतोष प्रजापति दद्दा, बलवीर सिंह, संतोष गुप्ता, कुंवर ब्रजेन्द्र सिंह, दीपक अग्निहोत्री, संजीव सिपोलिया, आकाश गहोई, अयुब अंसारी, नीरज कुमार, शशि सोमेन्द्र सिंह, डॉ. ममता स्वर्णकार, गरिमा द्विवेदी, पूजा सेंगर, श्रद्धा सेंगर, प्रीति बंसल, रजनी सिंह समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, डॉक्टर, स्वयंसेवक और नव सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ समाजसेवी महावीर तरसीलिया ने सभी अतिथियों, स्वयंसेवकों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।





**● निस्वार्थ सेवा भावना ने इसे आमजन के बीच विश्वास का बनाया प्रतीक: अनुरागी**

**● रेडक्रॉस स्थापना दिवस पर सेवा और समर्पण का संदेश**

**● नव-निर्मित रेडक्रॉस भवन का डीएम व जिला पंचायत अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन**

# नगर के लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

जालौन/ उरई, 08 मई (तरुणमित्र)। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय व भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर नगर के लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय द्वारा लगाए गए शिविर का शुभारंभ प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पूजा सिंह राजपूत एवं भारत विकास परिषद के संरक्षक व सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश सिंह सेंगर, महिला संयोजिका ऊषा गुप्ता एवं अनीता माहेश्वरी द्वारा मां सरस्वती, भगवान धन्वंतरि व स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में उपस्थित डॉक्टर पूजा सिंह राजपूत, प्रशिक्षु डॉ. आयुष आदि ने वात व्याधि, चर्म रोग, विषम ज्वर, उदररोग, गृहणी, अतिसार, शिराशूल, पथरी, प्रदर आदि रोगों से ग्रस्त 310 रोगियों का उपचार किया गया। डॉ. पूजा राजपूत ने कहा कि गर्मी अधिक पड़ रही है इसलिए पानी अधिक से अधिक पिएं। धूप से आने के बाद तुरंत एसी, कूलर में न बैठें। कुछ देर पंखे की हवा में बैठे जब शरीर का तापमान सामान्य हो जाए इसके बाद कूलर या एसी चलाएं। लू बचने के लिए अपने शरीर को ढक कर रखें। इन उपायों को अपनाकर आप हीट स्ट्रोक आदि से बच सकते है। शिविर में चीफ फार्मासिस्ट सुरेशचंद्र वर्मा, स्टाफ नर्स प्रियंका सिंह राहुल पाठक, अजीत सिंह, शानू आदि ने रोगियों को दवा वितरण की। भारत इस मौके पर प्रेम कुमार गुप्ता कल्लू, अरविंद श्रीवास्तव, पवन अग्रवाल, संतोष सोनी, विष्णु अग्रवाल, सुनील गुप्ता, अनिल माहेश्वरी, मनोज बाथम, गौरव गुप्ता, पंकज अग्रवाल, श्यामजी गुप्ता आदि मौजूद रहे।



**● धूप से आने के बाद तुरंत एसी, कूलर में न बैठें: डा. पूजा राजपूत**

# ब्रज रज में बढ़ रही प्लास्टिक की मात्रा

**मथुरा, 08 मई (तरूणमित्र)।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के लक्ष्यों को को हासिल करने के लिएं जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने 495 ग्राम पंचायतों के प्रधानों एवं 129 ग्राम पंचायत सचिवों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला के साथ लास्टिक मुक्त बृज की रज अभियान की शुरूआत की गई।



जिलाधिकारी ने प्रधानों कहा कि आपको ग्राम सरकार का मुखिया बनने का राजयोग मिला था, जिसको पूर्ण होने में एक वर्ष शेष है। अपने बचे हुए कार्यकाल में ग्राम पंचायत को सिंगल यूज प्लास्टिक कूड़े से मुक्त करें। बृज में पूरे विश्व से दर्शनार्थी जब बृज की रज में परिक्रमा करते हैं, तो उनके पांवों के नीचे प्लास्टिक व कूड़ा आता है। परिक्रमा व भ्रमण का उद्देश्य बृज की रज में समाहित होना है जिसके होने में प्लास्टिक कूड़ा बाधक है। ग्राम पंचायत में निकलने वाले कूड़े में 50 प्रतिशत से अधिक मात्रा प्लास्टिक की होती है। ग्रामीणों की सहभागिता से ही बृज की रज को प्लास्टिक मुक्त होगी। जिलाधिकारी ने प्रधानों को निर्देशित किया कि अपने ग्राम पंचायत में ग्रामीणों की खुली बैठक करें, जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलायें, ग्राम पंचायत सदस्य, आशा, आंगनबाड़ी, कोटेदार, केयर टेकर, पंचायत सहायक एवं सफाई कर्मी को ग्राम के मोहल्ले गलियों का दायित्व देकर प्रत्येक घर में मेरी प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी की भावना से एक बोरी लगाई जाए, जिसमें ग्रामीण प्लास्टिक को बोरी में

### ❑ लास्टिक मुक्त बृज की रज अभियान से मिलेगी प्लास्टिक से मुक्ति

डालें। खुले में, नाली में या कूड़े के ढेर में पन्नी न फेंकी जाए और न ही घर का कूड़ा प्लास्टिक की थैली में भरकर फेका जाए। सचिव द्वारा बनाए गए रूट चार्ट व रोस्टर के अनुसार सफाई कर्मी द्वारा प्रत्येक घर से एकत्रित प्लास्टिक को कूड़ा गाड़ी में संग्रहित किया जाए।

कार्यशाला में जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस अभियान अन्तर्गत प्रथम चयनित 50 ग्राम पंचायत में 9 व 13 मई 2025 को खुली बैठकें करते हुए सहभागिता सुनिश्चित कराई जायेगी तथा बैठक के बाद दो दिवसीय प्लास्टिक एकत्रीकरण अभियान इन ग्राम पंचायतों में चलाने के साथ आशा, आंगनबाड़ी, कोटेदार, केयर टेकर, पंचायत सहायक, सफाई कर्मी को मोहल्लों एवं गलियों की जिम्मेदारी देकर हर घर बोरी प्लास्टिक एकत्रित करने हेतु लगायी जायेगी। 15 व 16 मई 2025 को 74 अन्य ग्राम पंचायत जो मुख्य मार्गों पर स्थित हैं में बैठक होगी। कार्यशाला में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरूस्कार वर्ष 2024-25 की ग्राम तरौली सुमाली, अडींग, कंजौलीघाट, भदावल, महावन बांगर को चैक दिये गये। ग्राम पंचायत कारब, हाथिया एवं नगला काशी में जन सेवा केन्द्र से सर्वाधिक ओएसआर जमा करने पर प्रधान को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

## बिना मान्यता के चल रहे थे दो स्कूल

**मथुरा, 08 मई (तरूणमित्र)।** अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 के विपरीत जनपद के छाता ब्लाक में दो स्कूल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बिना मान्यता के चलते हुए मिले। कोई भी संचालक मान्यता संबंधित अभिलेख नहीं दिखा सका। इन विद्यालयों के संचालकों को बीएसए ने तुरंत बंद करने के निर्देश दिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त को छाता ब्लाक के गांव हुसैनी में राधाकृष्ण स्कूल और मां भगवती स्कूल बिना मान्यता के चलता हुआ मिला। उन्होंने इन दोनों स्कूलों के प्रबंधकों को नोटिस जारी करके इनको तुरंत बंद करने के निर्देश दिए और तीन दिवस में स्कूल संचालन के सभी साक्ष्य बीएसए कार्यालय मथुरा में दिखाने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि आगे स्कूल का संचालन होता हुआ मिला तो दस हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से अर्थ दंड भू राजस्व की तरह किया जाएगा।

# पैंटून पुल से यमुना में गिरा युवक, मौत

**मथुरा, 08 मई (तरूणमित्र)।** थाना वृंदावन क्षेत्र में पैंटून पुल पर दूध लेकर आ रहा एक दूधिया हादसे का शिकार हो गया। दूधिया यमुना में दूध चढ़ाने के लिए पांटून पुल पर बाइक रोककर रुका तभी उसका बैलेंस बिगड़ गया और वह यमुना में गिर गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गये। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव ले गए हैं। मिरताना गांव निवासी 25 वर्षीय विष्णु पुत्र शिवराम सिंह मांट से वृंदावन आ रहा था। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन तुरंत



घटनास्थल पर पहुंचे और शोक में डूबे हालात में शव को बिना पोस्टमार्टम कराए ही अपने गांव ले गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल पर कोई सुरक्षा इंतजाम नहीं थे जिससे यह हादसा हुआ।

# नशा एक सामाजिक अभिशाप, नशीले पदार्थों का सेवन न करें

**अलीगढ़, 08 मई (तरूणमित्र)।** गुरूवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद व परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर



ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी। ऑपरेशन जागृति-4 के 06 मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा, महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना, किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन, साइबर हिंसा व सुरक्षा, नशे के दुष्परिणामों से बचाव व पारिवारिक विघटन के मामलों पर चर्चा शामिल है।

प्रशिक्षित बीट पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी व बीट इंचार्ज द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों के ग्राम पंचायत स्तर पर गाँवों मौहल्ले में महिलाओं एवं किशोरियों के साथ समन्वय करते हुए विभिन्न कार्यक्रम, नुक्कड़ सभा आयोजित कर जागृति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। बीट पुलिस अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत व विद्यालयों में भ्रमण कर छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है। ऑपरेशन जागृति अभियान की सहायता से महिलाओं व बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी आयेगी, गलत सूचनाएं दर्ज करने मे भी कमी आयेगी, कांउसलिंग और रिपोर्टिंग सिस्टम मजबूत होगा, पलायन सम्बन्धी मामलों में भी कमी आयेगी। इन सभी परिस्थितियों में सामाजिक जागरूकता, संवाद शिक्षा और परामर्श (counselling @support) की बेहद आवश्यकता है ताकि महिलायें एवं बालिकायें इस प्रकार के षडयंत्रों का शिकार न बने, भावनाओं में बहकर अपना जीवन बर्वाद न करें और उन्हें मोहरा न बनाया जाए, यदि वास्तव में उनके साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होता है तो वह सच बोलने की हिम्मत रख पाये और विधिक कार्यवाही के साथ-साथ उनको (coun-selling@support) मिल सके।

## जिले में कल रहेंगे पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री

**मैनपुरी, 08 मई (तरूणमित्र)।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह दि. 10 मई को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं, मंत्री जी प्रातः 09.15 बजे से पुलिस लाइन के सामने ट्राजिस्ट हॉस्टल में जन-समस्याएं सुनेंगे, अपरान्ह 01.05 बजे किरन सौजिया सेकेण्ड्री स्कूल में प्रेस क्लब द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे, अपरान्ह 02 बजे ग्राम रसेमर में हनुमान मंदिर रसेमर एवं ठाकुर जी महाराज मंदिर उझैया फकीरपुर के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास करेंगे, अपरान्ह 03 बजे प्राचीन कुरैट मंदिर प्रांगण कुरावली में मंदिर के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण तथा गमा देवी मंदिर सुरजई में अवस्थापना सुविधाओं के विकास कार्यों का शिलान्यास करने के उपरांत अपरान्ह 03.45 बजे निज आवास सिरसागंज के लिए प्रस्थान करेंगे।

## पुलिस ने तमंचा कारतूस सहित अभियुक्त किया गिरफ्तार

**अलीगढ़, 08 मई (तरूणमित्र)।** विगत 20 मार्च 2025 को काजी पाड़ा चौक पर झगड़े के दौरान जान से मारने की नियत से तमंचे से गोली चलाई थी जिसमें वादी मुकदमा की तहरीर पर बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था तथा सीसीटीवी कैमरे की मदद से देखा गया कि अभियुक्त नदीम उर्फ सुनील कुरैशी पुत्र हीराकुरैशी निवासी मोहल्ला बीबी की सराय थाना सासनीगेट जनपद अलीगढ के द्वारा वादी पक्ष पर तमंचे से जान से मारने की नियत से फायर किया गया था। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सासनीगेट पुलिस ने बीएनएस में वांछित अभियुक्त नदीम उर्फ सुनील कुरैशी पुत्र हीराकुरैशी निवासी मौहल्ला बीबी की सराय थाना सासनीगेट जनपद अलीगढ़ को मथुरा रोड से खाटू श्याम मन्दिर वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया।

# भैस बहोरा क्षेत्र में डीएम के निरीक्षण का दिखा असर

**मथुरा, 08 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त के द्वारा संयुक्त रूप से भैंस बहोरा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया क्षेत्र था। निरीक्षण के दौरान केआर गर्ल्स डिग्री कॉलेज के पास स्थित कूड़ा स्थल को साफ करते हुए वहां पर आरसी कूड़ा गाड़ी लगाने तथा भैंस बहोरा स्थित नाले की पुलिया के सफाई के निर्देश दिए गए थे । उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि भैंस बहोरा स्थित नाले की पुलिया की सफाई का कार्य करा दिया गया है तथा भैंस बहोरा क्षेत्र केआर गर्ल्स डिग्री कॉलेज के पास स्थित कूड़ा स्थल की सफाई कराकर उक्त स्थान पर कूड़ा गाड़ी आरसी लगा दी गई है। इसके अतिरिक्त नालों पर हुए अवैध



अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए गए थे। जिसे नगर निगम टीम के द्वारा नाले के ऊपर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। साथ ही नाले पर विद्युत के तार,बॉक्स, ट्रांसफार्मर आदि को शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए थे जिसे शिफ्ट करने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। केआर गर्ल्स डिग्री कॉलेज से कैलाश नगर मोड़ तक नले के निर्माण के लिए आदेश दिए गए थे जिसमें निर्माण विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

# उपनिबंधन कार्यालयों में पीपीपी मॉडल का विरोध, किया प्रदर्शन




**मथुरा, 08 मई (तरूणमित्र)।** प्रदेश सरकार द्वारा उपनिबंधन कार्यालयों में पी,पी,पी सिस्टम लागू करने का प्रस्ताव किया गया हैं। इस प्रस्ताव का विरोध शुरू हो गया है। विरोध प्रदर्शन करने वालों का आरोप है कि इस व्यवस्था में दस्तावेज लेखक व अधिवक्ताओं स्टाम्प वेंडरों व टाइपिस्ट के हितों को सुरक्षित रखने के लिए कोई प्रावधान नहीं है वेरोजगारी बढ़ेगी और परिवार का भरण पोषण कैसे करेंगे बहुत से परिवारों की रोजी रोटी पर संकट आ जायेगा उनका कहना है सरकार को इनकी ओर ध्यान देना चाहिए। प्रदेश सरकार द्वारा उपनिबंधन कार्यालयों में पीपीपी सिस्टम लागू किये जाने के विरोध में तहसील महावन स्थित सब रजिस्ट्रार कार्यालय पर शुक्रवार की सुबह अधिवक्ता गण व दस्तावेज लेखक स्टाम्प वेंडरों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर नारे लगाये किया और सब रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपा और उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल कर कार्य बहिष्कार का ऐलान किया। महावन तहसील के समस्त अधिवक्तागण व दस्तावेज लेखक व स्टाम्प बैन्डरो ने एक बैठक आयोजित की गयी जिसमें कहा गया कि प्रदेश सरकार द्वारा उपनिबंधन कार्यालयों में पी,पी,पी सिस्टम लागू करने का जो प्रस्ताव किया गया है इस व्यवस्था में दस्तावेज लेखक व अधिवक्ताओं स्टाम्प वेंडरों व टाइपिस्ट के हितों को सुरक्षित रखने के लिए कोई प्रावधान नहीं है। बेरोजगारी बढ़ेगी और परिवार का भरण पोषण कैसे करेंगे बहुत से परिवारों की रोजी रोटी पर संकट आ जायेगा उनका कहना है सरकार को इनकी ओर ध्यान देना चाहिए इस दौरान महावन तहसील के समस्त अधिवक्तागण, दस्तावेज लेखक , स्टाम्प बैन्डर, टाइपिस्ट मौजूद रहे।

## चौपाल कार्यक्रम आयोजित

**मैनपुरी, 08 मई (तरूणमित्र)।** अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र ने बताया कि जनपद में वर्ष-2023 के पूर्व उ.प्र. जोत चकबंदी अधिनियम की धारा-4, 4क के अन्तर्गत चकबंदी प्रक्रियाओं में सम्मिलित समस्त ग्रामों में उप संचालक चकबंदी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसके तहत दि. 16 मई को तहसील घिरोर के बलपुरा में, दि. 20 मई को तहसील सदर के ग्राम औड़ेन्य पड़रिया में एवं दि. 30 मई को तहसील करहल के ग्राम भांती में ग्राम चौपाल का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

## 13 मई को सिंचाई बंधु की बैठक

**मैनपुरी, 08 मई (तरूणमित्र)।** अधिशाषी अभियंता सिंचाई राजीव कुमार ने बताया कि सिंचाई बंधु की बैठक दि. 13 मई को पूर्वान्ह 11 बजे नहर निरीक्षण भवन कैनाल कॉलौनी में शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित होगी।

## पेज 1 का शेष...

### 2019 के मुकाबले कहीं...

लोहा गुरुवार को दुनिया ने देख लिया है। **यह भी बता दें कि 2019 में बालाकोट एयरस्ट्राइक के समयः** भारत के मिराज 2000 विमानों को एलओसी पार करके स्पाईस 2000 बम गिराने पड़ते थे। इससे उन्हें दुश्मन के हवाई हमलों का खतरा होता था। पायलट के पकड़े जाने का भी डर था, जैसा कि अभिनंदन के मामले में हुआ था। वहीं अब स्कैल्प मिसाइल राफेल विमान से की रेंज 300 किलोमीटर से ज्यादा है। यह एकदम सटीक निशाना लगाती है और जमीन के करीब उड़ सकती है। इसे भारतीय सीमा में रहकर ही लॉन्च किया जा सकता है। इन्हीं से भारत ने बहावलपुर या मुरीदके में बैठे आतंकियों के हेडक्वार्टर को निशाना बनाया है। भारत की एयर-लॉन्च्ड ब्रह्मोस एसयू 30 एमकेआई विमान से जब लांच हुई तो इसने इतनी तेज गति से हमला किया कि सिर्फ 25 मिनट में भारत ने अपना आपरेशन भी खत्म कर दिया। इसने पाकिस्तान की सीमा में घुसे बिना ही दुश्मन के एयरबेस या कैंपों को निशाना बनाया है। भारतीय सेना के पास 2019 तक एलओसी के पास छिपे दुश्मनों को निशाना बनाने के लिए पहले सिर्फ कुछ ही तरीके थे। या तो सैनिक जाते थे या फिर तोपों से हमला किया जाता था। अब एएलस -50 है। यह सीधे ऊपर की ओर उड़ती है और फिर एक विमान की तरह उड़ने लगती है। यह 50 किलोमीटर तक जा सकती है और दुश्मन के लॉन्च पैड या चौकियों पर एकदम सटीक हमला कर सकती है। सेना के पास नागास्त्र और दूसरे ड्रोन भी हैं। इन्हें गलवान घाटी की घटना के बाद खरीदा गया था। ये जल्दी, सटीक और कम खर्चे में सीमा के पास मिशन को पूरा कर सकते हैं। ये उन मिशन के लिए बहुत अच्छे हैं जिनमें समय कम होता है या जिन्हें गुप्त तरीके से करना होता है, ताकि लड़ाई बढ़ने का खतरा हो।

के-9 वज्र होवित्जर तोपें अपने आप चल सकती हैं और इन्हें जल्दी से तैनात किया जा सकता है। ये एलओसी के उस पार से हो रही गोलीबारी को रोकने में मदद करती हैं, जो घुसपैठ या आतंकियों की मदद करती है। इससे भारत बिना हवाई ताकत का इस्तेमाल किए भी दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दे सकता है। पहले भारत के पास अपनी हवाई सुरक्षा के लिए सुखोई 30 एमकेआई विमान और कुछ बेस-लेवल एयर डिफेंस सिस्टम थे। लेकिन ये पाकिस्तान के एफ 16 विमानों और अमराम मिसाइलों का मुकाबला करने में कमजोर थे। अब भारत के पास मेटेर मिसाइलें हैं। इनकी मारक क्षमता पाकिस्तान से कहीं ज्यादा है। एस -400 एयर डिफेंस सिस्टम की क्षमता दुनिया ने गुरुवार को देख ली है। इन्हें हमने रूस से खरीदा गया है, इसकी रेंज 400 किलोमीटर से ज्यादा है। यह पाकिस्तानी एवेक्स और लड़ाकू विमानों को भी निशाना बना सकता है, भले ही वे अपनी सीमा में ही क्यों न उड़ रहे हों। अब भारत के पास न सिर्फ हमला करने की ताकत है, बल्कि दुश्मन के किसी भी हमले को नाकाम करने की भी ताकत है। यह पंजाब के 15 शहरों पर किये गए हमलों को विफल करने में भारत ने किया है। इसलिए कहा जा रहा है कि पाकिस्तान अगर भारत के साथ खुले युद्ध में जाता है तो वह ज्यादा समय टिकने में असमर्थ है। पाकिस्तान की एक दिक्कत अब तक चीन का रवैया है जो अब तक खुल के पाकिस्तान के समर्थन में नहीं आया है। चीन ने यही रुख रूस -यूक्रेन युद्ध में अपनाया था जिसके चलते रूस को काफी निराशा का सामना करना पड़ा था। कुल मिलाकर पाकिस्तान को अगर तबाही से बचना है तो भारतीय सेना को उकसाने से बचना ही चाहिए।

### सेना की कार्रवाई में 100...

द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के टी.आर. बालू, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) नेता चिराग पासवान, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के असदुद्दीन ओवैसी और अन्य नेता शामिल हुए। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सभी दलों ने गंभीरता और जिम्मेदारी से बात रखी। सभी ने माना कि ऐसे समय राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित में सोचने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन की स्थिति पर विस्तृत जानकारी दी। सैन्य कार्रवाई होने के कारण तकनीकी विवरण साझा नहीं किया गया। रिजिजू ने कहा कि नेताओं की एकता ही हमारी लोकतांत्रिक ताकत है। सभी ने सेना की सफलता पर गर्व जताया। बैठक में कई नेताओं की ओर से उपयोगी सुझाव भी आए। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सभी विपक्षी दल इस संकट के समय में सरकार और सेना के साथ हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गैरमौजूदगी निराशाजनक रही, लेकिन इस समय किसी की आलोचना करने का समय नहीं है। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि सीमा पर सुरक्षा और शहीदों के परिवारों की देखभाल को प्राथमिकता दी जाए। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा कि रक्षा मंत्री ने हमें बताया कि आतंकी कैंपों पर हमले से 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। उन्होंने इसे सेना की सटीकता और साहस का उदाहरण बताया। आम आदमी पार्टी नेता सांसद संजय सिंह ने भी बैठक में 100 से अधिक आतंकियों को मारे जाने से जुड़ी जानकारी साझा करने के बारे में बताया। बीजद सांसद सस्मित पात्रा और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की।

### पाकिस्तान का सैन्य...

इसके बाद पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर भारी गोलाबारी शुरू कर दी है। भारतीय सेना ने एलओसी पर पाकिस्तानी गोलीबारी का सटीक जवाब दिया है। इसके बावजूद पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाकिस्तानी गोलीबारी के कारण पुंछ सेक्टर में सीमावर्ती गांवों के सोलह भारतीय निर्दोष लोगों की जान चली गई है, जिनमें तीन महिलाएं और पांच बच्चे शामिल हैं। यहां भी भारत को पाकिस्तान की ओर से मोर्टार और आर्टिलरी की गोलीबारी को रोकने के लिए जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इसके बावजूद पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टरों में मोर्टार और भारी कैलिबर आर्टिलरी का इस्तेमाल करते हुए नियंत्रण रेखा पर अपनी अकारण गोलीबारी की तीव्रता बढ़ा दी है। भारत ने भी पाकिस्तान की ही तरह उसी तीव्रता से जवाब दिया है। ऑपरेशन 'सिंदूर' पर प्रेस ब्रीफिंग के दौरान 7 मई को भारत ने अपनी प्रतिक्रिया में विशेष रूप से उल्लेख किया था कि पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना नहीं बनाया गया था। यह भी दोहराया गया कि भारत में सैन्य ठिकानों पर किसी भी हमले का उचित जवाब दिया जाएगा। इसके बावजूद पाकिस्तान ने 07-08 मई की रात को ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। भारत के रक्षा मंत्रालय ने पाकिस्तान की ओर से की गई इस हिमाकत की पुष्टि की गई है। साथ ही एक बयान में बताया गया है कि इन हमलों को एकीकृत काउंटर यूएएस ग्रिड और एयर डिफेंस सिस्टम के जरिए बेअसर कर दिया गया। इन हमलों के मलबे अब कई स्थानों से बरामद किए जा रहे हैं, जो पाकिस्तानी हमलों को साबित करते हैं। इसी के जवाब में भारत ने गुरुवार की सुबह लाहौर से रावलपिंडी तक 15 पाकिस्तानी शहरों को इजराइली ड्रोनों से निशाना बनाया।

### मांद में घुसकर मारता...

के तहत आपका चयन हुआ है, उसी प्रकार शासन भी आपसे अपेक्षा करता है कि ऐसे ही माध्यमिक शिक्षा के स्तर को ऊंचा करने के लिए आपका भी योगदान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 8 वर्ष में 8 लाख से अधिक नौजवानों को प्रदेश की विभिन्न सेवाओं में सरकारी नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। अकेले माध्यमिक शिक्षा में यह संख्या 40 हजार तक पहुंच रही है। पिछले कुछ समय में हमने आठ हजार से अधिक शिक्षक माध्यमिक शिक्षा से जुड़े हुए राजकीय इंटर कॉलेज में चयनित किए हैं। इससे पहले बेसिक शिक्षा परिषद में भी प्रदेश सरकार ने लगभग 1,23,000 से अधिक शिक्षकों की सफलतापूर्वक भर्ती के कार्यक्रम को आगे बढ़ा करके शिक्षकों की कमी को पूरा किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले माध्यमिक शिक्षा में नकल के लिए कुछ जनपद बदनाम हो चुके थे। जब कड़ाई की तो परीक्षा परिणाम में भी सुधार हुआ है। नकलविहीन परीक्षा के साथ-साथ 56 लाख परीक्षार्थियों की परीक्षा को महज 14 दिन में संपन्न किया जा सकता है, यह एक उदाहरण बना है। प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत न केवल सरकारी संस्थानों में बल्कि सरकार की सहायता से संचालित अशासकीय विद्यालयों को भी अनुदान देकर अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। आज अच्छे भवन बन गए हैं, लैब अच्छी हैं, लाइब्रेरी हैं, अच्छे स्मार्ट क्लासेस हैं, बहुत कुछ सुधार देखने को मिल रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 23 राजकीय इंटर कॉलेज में मिनी स्टेडियम का भी शिलान्यास किया।

### उत्तरकाशी हेलीकॉप्टर हादसा...

गहरी खाई में गिरकर क्रैश हो गया। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर काफी नीचे उड़ रहा था, जिससे यह हादसा हुआ। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर भेजी गई। टीम ने घायल को ऋषिकेश स्थित एम्स भेजा और मृतकों की शिनाख्त की। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इस हादसे में मकतूर भास्कर (51 वर्ष), निवासी 19/295 मोमिनबाद गुंटकल, अनंतपुर-आंध्र प्रदेश हैं। इसके अलावा हादसे में विजयलक्ष्मी रेड्डी सी (57 वर्ष) पत्नी चिरा सुब्बा, निवासी गैलेरिया सेंट्रल एवेन्यू सोसाइटी लिमिटेड, पावई मुंबई-महाराष्ट्र, रॉबिन सिंह (60 वर्ष) पुत्र रामकरण सिंह, निवासी 201 सरनम विला प्रताप गंज विक्रमभोग, बड़ोदरा,फतेहगंज-गुजरात, (पायलट), राधा अग्रवाल (79 वर्ष) पत्नी रामचंद्र अग्रवाल, निवासी आलमगीरी गंज, बरेली-उत्तरप्रदेश, रुचि अग्रवाल (56 वर्ष) निवासी 2504 ओडेसी 2, हीरानंदानी गार्डेंस पावई मुंबई-महाराष्ट्र, कला चंद्रकांत सोनी (61 वर्ष) पुत्री चंद्रकांत सोनी, ए-103 गोल्डन ओक हाइस्ट्रीट डी मार्ट समोर, हीरानंदानी गार्डेंस पावई, मुंबई-महाराष्ट्र, वेदांती (48 वर्ष) पत्नी एम. भास्कर, निवासी 19/295 मोमिनबाद गुंटकल अनंतपुर-आंध्र प्रदेश की मौत हो गई है।

### अलीगढ़ व बिजनौर में...

पाठक ने हादसे की पुष्टि की।इसी दिन बिजनौर के नहटौर थाना क्षेत्र में एक अन्य हादसे में तीन बाइक सवारों की जान चली गई। सियालु नगंला गांव से मजदूरी के लिए निकले नूर साहब (60), शाहिद (50) और नूर आलम (28) को एक तेज रफ्तार एको कार ने ओवरटेक करते समय जोरदार टक्कर मार दी।घटना में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि टक्कर मारने वाली कार हीमपुर दीपा जा रही थी। कार में सवार लोग भी घायल हुए, लेकिन वे इलाज के लिए कहां गए, इसका पता अब तक नहीं चल सका है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

# डीएम की उपस्थित में मॉक ड्रिल का किया अभ्यास सीखी आपदा से सुरक्षा



**हाथरस, 08 मई (तरूणमित्र)।** शासन की मंशा के अनुसार आज पुलिस लाइन हाथरस के परेड मैदान में जिलाधिकारी राहुल पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिंहा की उपस्थिति में सायरन बजते हुए मॉक ड्रिल एवं आपात स्थिति से निपटने हेतु सुरक्षा उपायों का अभ्यास संबंधी कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य किसी भी आपातकालीन स्थिति जैसे कि अग्निकांड, प्राकृतिक आपदा, सम्भावित आपात स्थिति अथवा अन्य संकट की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया की तैयारी सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के अभ्यास सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी पुलिस, कर्मचारी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया से पत्रकार बंधु, आदि उपस्थित रहे।


## सूचना

मेरे पति आर्मी नं0-4288201F रैंक NK परमार नरेन्द्रसिंह जनकसिंह (PARMAR NARENDRASINGH JANAKSING) के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम शर्मिष्ठाबा (SHARMISHTHABA) त्रुटिवश गलत अंकित हो गया है। जबकि वास्तविक सही नाम परमार शर्मिष्ठाबा नरेन्द्रसिंह (PARMAR SHARMISHTHABA NARENDRASINGH) है, जो कि आधार कार्ड के अनुसार सही व भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। मो0-8670112151

## -: आवश्यकता है :-

**1-वैकल्पिक विषय अध्यापक (मुंशी/मौलवी) एक पद**
**2-शैक्षिक अर्हता**:-गणित/गृह विज्ञान/लॉजिक एण्ड फिलासफी/विज्ञान/सामाजिक अध्ययन/तिब विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों सहित अथवा प्रशिक्षित स्नातक इसके साथ आलिम अथवा उर्दू से इण्टर का प्रमाण पत्र भी आवश्यक है।
**3-आयु** :- न्यूनतम आयु 21 वर्ष
**4-वेतनमान** :-वेतन बैण्ड 9300-34800 ग्रेड पे 4600 मैट्रिक्स लेवल-7
वेतनमान 44900-142400
5-आवेदन पत्र अभ्यार्थी द्वारा स्वंय अथवा डाक द्वारा विज्ञापन प्रकाशित तिथि से तीन सप्ताह तक मदरसा कार्यालय समय में प्राप्त किये जायेंगे, 6-साक्षात्कार हेतु अभ्यार्थियों को पंजीकृत डाक द्वारा सूचित किया जायेगा।

उपरोक्त नियुक्ति उ०प्र० अशासकीय अरबी और फारसी मदरसा मान्यता, प्रशासन और सेवा विनियमावली-2016 में निहित प्राविधानों के अर्न्तगत की जायेगी। तथा वेतन का भुगतान रजिस्ट्रार/निरीक्षक उ०प्र० मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ की वित्तीय सहमति प्राप्त होने के पश्चात ही किया जायेगा।

**प्रबन्धक**
**मदरसा इरशादिया हयातुल इस्लाम**
**97/2-तलाक महल, कानपुर नगर-208001**

**मध्यॉचल, विद्युत वितरण निगम**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, उन्नाव**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

**1- 29/विविमंड/2025-26**-विद्युत वितरण खण्ड-बांगरमऊ, उन्नाव के उपखण्ड सफीपुर के अन्तर्गत 11 के.वी. व एल.टी. लाइनों की रि-जम्फरिंग, रि-कन्डक्टरिंग व वार्षिक अनुरक्षण इत्यादि का कार्य, निविदा शुल्क-रू.1000+180=1180/-जी. एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) धरोहर धनराशि रू.-8,000.00/-

ई-निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि 23.05.2025 समय 17:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

राष्टहित में बिजली बचायें, बल्ब के स्थान पर एल.ई.डी. लगायें।
**अधीक्षण अभियन्ता**-विद्युत वितरण मण्डल उन्नाव
पत्रांकः 2205/विविमंड/विज्ञापन दिनांकः 08/05/2025


स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स-0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# दो-चार भैंसें, गाय, बछड़े-पड़वे पकड़े...फिर ठंडे बस्ते में अभियान!

## नालियों व सीवर को चोक कर रहीं अवैध डेयरियां, दो गायें पालने की अनुमति

लखनऊ, 08 मई (तरूणमित्र)। नगर निगम के नियमों के अनुसार शहर के अंदर डेरी चलाने की अनुमति नहीं है। शहरी क्षेत्रों में सिर्फ दो गायों को पालने की ही अनुमति मिलती है और वो भी लाइसेंस के साथ। इसके अलावा भैंसों को अपदूषण कारक पशु माना गया है, इसलिए नगर निगम के अधिनियम 1959 के तहत शहर में भैंस पालने की इजाजत नहीं दी जाती। फिर भी राजधानी की सीमा के अंदर, खाली प्लाटों में अवैध डेयरियों का मकड़जाल फैला हुआ है। वैसे बता दें कि केवल इन कुछ ही क्षेत्रों और आवासीय कॉलोनियों के पास ही ऐसे अवैध डेयरियों का रेला नहीं बसा है, बल्कि इंदिरानगर तकरोही क्षेत्र, चिनहट, देवां रोड, जानकीपुरम विस्तार, मड़ियांव, बालागंज में बसंतकुंज के सेक्टर एन और हरिनगर, फैजुल्लागंज फेज एक और फेज दो ,दुबग्गा इलाके ऐसे है जहां आज भी अवैध डेयरियां संचालित है।



- नगर निगम की किताबों में भैंस अपदूषण कारक पशु
- राजाजीपुरम व कैंपबेल रोड पर 11 भैंसें और 3 गाय-बछड़े पकड़े गए

दरअसल, नगर निगम ने राजाजीपुरम और कैंपबेल रोड इलाके में नगर निगम ने गुरुवार को अवैध डेरियों के खिलाफ कार्रवाई की। और लोगों को अवैध डेयरियों के नियम भी समझाये, लेकिन शायद यह नियम नगर निगम की किताबो तक ही सीमित रहते है। ऐसे नियम और कानून किताबों से निकलकर तब ही बाहर आते हैं जब किसी



उच्च अधिकारी से इसकी शिकायत की जाए। हालांकि सूत्रों का भी यही कहना है कि राजाजीपुरम और कैम्पवेल रोड की डेयरियों पर भी कार्रवाई शिकायत के बाद की गई है।

वहीं राजधानी में विभिन्न जगह पर विभिन्न डेयरियां संचालित है। हालांकि इस कार्रवाई पर नगर निगम का कहना है कि यह डेरियां लगातार गोबर को नालियों में बहा रही थीं और इलाके में गंदगी फैला रही थीं, जिससे नालियां जाम हो रही थीं और लोगों को आवाजाही में दिक्कत हो रही थी। इस अभियान में मौके से 11 भैंसें, 2 गायें और 1 पड़वा बरामद किए गए। सभी जानवरों को ठाकुरगंज स्थित कांजी हाउस में भेजा गया है। नगर निगम ने साफ किया है कि ये जानवर तभी छोड़े जाएंगे जब मालिक नियमानुसार जुमार्ना भरेंगे।

**निर्देश जारी कर दिये, साहब से कल बात होगी...!**

वहीं उक्त मुद्दे पर अपर नगर आयुक्त अरविंद राव से तरूणमित्र टीम ने बात की तो उनका कहना रहा कि अभियान चलाने के निर्देश हमारे स्तर से जारी कर दिये गये हैं, बाकी जानकारी संबंधित अधिकारियों से लिजिये। जबकि राजधानी लखनऊ के लिये नारकीय मुसीबत बन चुके इस जनसमस्या पर जब तरूणमित्र संवाददाता ने नवागत नगर आयुक्त के सीयूजी नंबर पर कॉल की तो कई रिंग के बाद उनके स्टॉफ ने उठाया और कहा कि अभी साहब मीटिंग में हैं, कल बात हो सकती है और फिर स्वयं ही उनके स्थान पर जनसमस्या पूछने लगे और कार्रवाई की बातें करने लगे।

वैसे बता दें कि अभी कुछ दिन पूर्व रूटीन मीटिंग के दौरान कुछ पार्षदगणों ने भी नवागत नगर आयुक्त के समक्ष यह कहा था कि आपका तो साहब फोन ही नहीं उठता तो उस दौरान यही बोले थे कि कोई बात नहीं, आप लोगों को अपना व्यक्तिगत नंबर दे देंगे, अब ऐसे में मीडिया कर्मी इनसे नगर निगम सीमा क्षेत्र में होने वाली जनसमस्या पर कैसे बात करें, यह अजीबगरीब स्थिति बनती जा रही है।



सपा मुख्यालय कार्यालय पर प्रेसवार्ता करते पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव। छाया: तरूणमित्र

## लोहिया संस्थान में थैलेसीमिया डे पर किया सम्मानित




### थैलेसीमिया रोग से पीड़ित बच्चों को किया प्रोत्साहित

लखनऊ, 08 मई (तरूणमित्र)। लोहिया संस्थान में के निदेशक प्रो.(डॉ.) सीएम सिंह के निर्देशन में थैलेसीमिया डे केयर सेण्टर में थैलेसीमिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले थैलेसीमिया पीड़ित बच्चें-डाक्टर विकास गोगीया (एमबीबीएस छात्र), अविनाश (एनजीओ फाईट थैलेसीमिया के माध्यम से जागरूकता कार्य) तथा .स्निग्धा चटर्जी (नेट क्वालीफाई करने वाली यूपी की पहली थैलेसीमिया पीड़ित छात्रा) को थैलेसीमिया विभाग के नोड़ल ऑफिसर प्रो सुब्रत चन्द्रा द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिये सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रो. डॉ.सीएम सिंह द्वारा थैलेसीमिया रोग से पीड़ित बच्चों की हर-संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया। विभागाध्यक्ष द्वारा अन्य थैलेसीमिया रोग से पीड़ित बच्चों को पढाई के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष द्वारा मंगलवार को अपोलो, नई दिल्ली के सहयोग से हुये निःशुल्क एचएलए जॉच शिविर में 14 बच्चों का पूर्ण बोन-मैरो मिलान होने के पश्चात बोन-मैरो ट्रान्सप्लान्ट कराने के बारे में जानकारी दी गई। इस उपलक्ष्य में संस्था ओरबिट डेवलपमेन्ट एण्ड रिफार्म सोसाईटी के अध्यक्ष ज्योत्सना श्रीवास्तव द्वारा जरूरत-मंद बच्चों के ट्रान्सप्लान्ट में पूर्ण सहायता का आश्वासन दिया गया। उक्त कार्यक्रम में दंत चिकित्सा विभाग के प्रो शैली,थैलेसीमिया सोसाईटी के अध्यक्ष प्रवीर आर्या, थैलेसीमिया वार्ड के प्रभारी कृष्ण कुमार गर्ग,परामर्शदाता पुष्पेन्द्र कुमार वर्मा एंव अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## एकेटीयू के आविर्भाव दिवस पर दिखे विविध रंग

लखनऊ, 08 मई (तरूणमित्र)। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का 25वां आविर्भाव दिवस गुरूवार को मनाया गया। आविर्भाव दिवस पर रंगोली, निबंध प्रतियोगिता सहित परिसर में कुलपति प्रोफेसर जेपी पाण्डेय सहित अन्य अधिकारियों ने पौधरोपण भी किया। इस मौके पर कुलपति ने विश्वविद्यालय के 25 वर्षों की इस यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सन 2000 में अस्तित्व में आया यह विश्वविद्यालय एक छोटे से हॉल से शुरू हुआ था। पहले सभी कार्य मैनुअल होते थे। विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी मेहनत और लगन से अपनी जिम्मेदारी से इस विश्वविद्यालय को बनाने में लगे रहे। आज जब यह विश्वविद्यालय अपनी नई उंचाईयों को छू रहा है इसमें सबसे बड़ा योगदान यहां के सभी अधिकारियों कर्मचारियों और शिक्षकों का है।



लखनऊ विकास प्राधिकरण में आयोजित जनता दर्शन में जनसुनवाई करती मण्डलायुक्त रौशन जैकब। छाया: तरूणमित्र

## निजीकरण के विरोध में सातवें दिन क्रमिक अनशन जारी

लखनऊ, 08 मई (तरूणमित्र)। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति आह्वान पर दो मई से प्रारंभ हुआ क्रमिक अनशन का कार्यक्रम गुरूवार को सातवें दिन भी जारी रहा। विस्तारित कार्यकाल पूरा हो जाने के बावजूद निधि नारंग का निदेशक वित्त के कमरे में बैठकर निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का आरोप लगाते हुए संघर्ष समिति ने निधि नारंग पर एफ आई आर दर्ज करने की मांग की है। आज निजीकरण के विरोध में प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन किए गए।




समिति के पदाधिकारियों ने निधि नारंग पर आरोप लगाया है कि वे विस्तारित कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद भी निदेशक वित्त के कमरे में अनधिकृत रूप से बैठ रहे हैं और निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि निधि नारंग अवैध ढंग से नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसलटेंट का झूठा शपथ पत्र देने का मामला दबाए हुए हैं और पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन के साथ मिलकर कंसल्टेंट ग्रांट थॉर्टन की फर्जीवाड़ा की फाइल ठंडे बस्ते में डालने में लगे हैं।

समिति ने कहा कि कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद निदेशक वित्त के कमरे में बैठकर फाइलें देखना और समस्त गोपनीय दस्तावेज ट्रांजेक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन को ट्रांसफर करना बहुत ही गंभीर घटना है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली के निजीकरण के पीछे इतना बड़ा घोटाला और भ्रष्टाचार हो रहा है और आश्चर्य की बात है कि प्रदेश के विद्युत मंत्री अरविंद कुमार शर्मा चुप्पी साथी बैठे हैं।

समिति ने निजीकरण की सारी प्रक्रिया तुरंत रद्द करने की मांग की है और कहा है कि अवैध ढंग से निदेशक वित्त के कमरे में बैठकर दस्तावेज देखने और कंसल्टेंट को दस्तावेज ट्रांसफर करने के अपराध में निधि नारंग पर तत्काल एफ आई आर दर्ज की जाए। निजीकरण के विरोध में आज लगातार सातवें दिन शक्ति भवन मुख्यालय पर क्रमिक अनशन जारी रहा। आज क्रमिक अनशन में 200 से अधिक बिजली कर्मचारी और अभियंता सम्मिलित हुए।

## डीआरएम पहुंचे कैरिज एंड वैगन वर्कशॉप

लखनऊ, 08 मई (तरूणमित्र)। उत्तर रेलवे डीआरएम एसएम शर्मा ने गुरुवार को आलमबाग कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप का निरीक्षण किया। उन्होंने वरिष्ठ अधीनस्थ अधिकारियों और वर्कशॉप के अधिकारियों के साथ कार्यशाला की उत्पादन क्षमता को और अधिक बढ़ाने तथा भविष्य की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए कार्य प्रदर्शन में उत्कृष्टता लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को नवीनतम तकनीकों के साथ तालमेल बिठाते हुए उत्पादन बढ़ाने और कार्यशाला को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया। सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कार्यशाला प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारीगण और अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## टैक्स दरें समान नहीं तो मीटिंग का कोई मतलब नहीं : अमरनाथ

लखनऊ, 08 मई (तरूणमित्र)। मीराबाई मार्ग स्टेट जीएसटी कार्यालय पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों की व्यापारिक समस्याओं के निस्तारण एवं सुझाव के लिए बैठक हुई। अमरनाथ मिश्रा ने कहा कि जब टैक्स की दरें समान नहीं होंगी मीटिंग का कोई मतलब नहीं स्थानीय स्टेट टैक्स अधिकारी मनमानी कर रहे हैं इंस्पेक्टर राज कायम है इनका निवारण हो वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने कहा कि एक देश एक कर की संज्ञा में कई बार व्यापार मंडल की मांग रही कि एक ट्रेड एक टैक्स की प्रणाली हो अलग–अलग एचएसएन कोड से मुक्ति की मांग है हमारी बैठक में अपर आयुक्त धनजय शुक्ला,राजेश पांडे एडिशनल कमिश्नर ग्रेड टू,अमरेश बजाए ,एडिशनल एसआईबी सतीश मिश्रा डीसी नीरज सिंह आदि व्यापार मंडल से अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा, कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष अरविंद पाठक, उपाध्याय राजू शुक्ला, वरिष्ठ मंत्री रूबल सिंह, संघटन मंत्री कुश अरोड़ा अन्य उपस्थित रहे।



## बलरामपुर अस्पताल के टीबी रोगियों को लिया गया गोद

लखनऊ, 08 मई (तरूणमित्र)। इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी शाखा लखनऊ द्वारा रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिलाधिकरी व अध्यक्ष के दिशा निर्देश पर बलरामपुर अस्पताल के टीवी रोगियो को गोद लिया गया। गुरूवार के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकरी विशाख,को चेयरमैन ओपी पाठक सचिव अमरनाथ मिश्र एवं कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया, विशिष्ट अतिथि जेसीपी बबलू कुमार को सदस्य रूपकुमार शर्मा अनुराग मिश्र द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



डा. दिनेश कुमार, निदेशक बलरामपुर, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बलरामपुर हस्पिटल एस के पाण्डेय, हिमांशु चतुवेर्दी एमएस, डा एके गुप्ता एमडी चेष्ट डा उस्मानी सदस्य, मनीष कुमार, ज्योति खरे कार्तिक माथुर द्वारा रेडक्रॉस का लोगो का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

जिलाधिकरी द्वारा रेडक्रॉस के सदस्यों की सराहना की इसी तरीके से आगे भी कार्य करते रहे। चेयरमैन ओपी पाठक ने मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सचिव अमरनाथ मिश्रा ने बताया कि बलरामपुर अस्पताल से 29मरीज को गोद लिया गया जिन्हें लगतार 6 माह तक निःशुलक पौष्टिक आहार वितरित किया जाएगा। डा. ए.के गुप्ता चेष्ट रोग विशेषज्ञ द्वारा बताया कि सभी मरीजों को समय समय जांच की जाती है टीवी की सभी दावा फ्री दी जाती है और प्रकाशन लेने को बताया जाता है ताकि घर में दूसरे लोगों को ना फैले समय समय पर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाते है। इस मौके पर मुख्य रूप से ओपी पाठक अमरनाथ मिश्र नवीन गुप्ता अनुराग मिश्र रूपकुमार शर्मा मनीष कुमार ज्योति खरे कार्तिक माथुर नीरज शुक्ला कार्यालय सचिव हर्षित शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## दो छात्रों का 11 लाख रुपये सालाना पर हुआ प्लेसमेंट

लखनऊ, 08 मई (तरूणमित्र)। लखनऊ विश्वविद्यालय के दो छात्रों का चयन अंतरराष्ट्रीय मानव संसाधन कंपनी एडेको इंडिया में 11 लाख रुपये के सालाना पैकेज पर हुआ। चयनित छात्र हिमांशु मॉल एवं करण सिंह मानरल को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने सम्मानित किया। इस अवसर पर अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. एके सिंह एवं केन्द्रीय प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने चयनित छात्रों को बधाई दी। कुलपति ने कहा कि चयनित छात्रों ने यह सिद्ध किया है कि जब लक्ष्य ऊंचा हो, मेहनत सच्ची हो और आत्मविश्वास अटूट हो, तो कोई भी सपना दूर नहीं रहता। यह चयन मात्र एक उपलब्धि नहीं, बल्कि नई चुनौतियों को आत्मविश्वास से स्वीकार करने और सीमाओं को लांघने की प्रेरणा है। विश्वविद्यालय के समस्त विद्यार्थी अपनी क्षमताओं को पहचानें, निरंतर सीखते रहें और अपने अथक प्रयासों से न केवल स्वयं का, बल्कि पूरे विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें।

## कुलपति चैम्बर के बाहर धरने पर बैठे डिप्टी रजिस्ट्रार

लखनऊ, 08 मई (तरूणमित्र)। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी कैंपस में हंगामा हो गया। कुलपति कक्ष के बाहर डिप्टी रजिस्ट्रार आरके सिंह धरने पर बैठ गए। अचानक हुए इस घटनाक्रम से कैंपस में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें समझा बुझाकर मनाने की कोशिश की पर वो हटने को तैयार नहीं हुए। डिप्टी रजिस्ट्रार ने कुलपति प्रो. जयप्रकाश पांडेय पर जबरन दबाव बनाने का आरोप लगाया है। कुलपति का कहना है कि ये बेहद आपत्तिजनक आचरण है। अनुशासन के खिलाफ डिप्टी रजिस्ट्रार का बर्ताव कतई बर्दाश्त नहीं होगा। कार्य समिति की बैठक में उनके खिलाफ प्रस्ताव लाया जाएगा और एक्शन लिया जाएगा। डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. आरके सिंह का कहना है 8 महीने से उन्हें सैलरी नहीं मिली। उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा।



कुलपति प्रो.जेपी पांडेय उनसे निजी कारणों से द्वेष रख रहे हैं। जबसे उन्होंने कुलपति पद का कार्यभार ग्रहण किया है, तब से उन पर अनैतिक दबाव डाला जा रहा है। उन्होंने कहा है कि पुराने मामलों को लेकर कुलपति प्रो. जेपी पांडेय प्रताड़ित कर रहे हैं। बायोमेट्रिक से जुड़ा शासनादेश सभी पर लागू होता है। पर कुलपति सिर्फ मेरे ऊपर ही इसे थोप रहे है। फुल टाइम रजिस्ट्रार के न होने पर यहां सभी गलत काम कराए जाते हैं। इनकी कार्यशैली बेहद गलत है। जब मन होता है किसी की सैलरी काट लेते, किसी की सैलरी रोक देते हैं। यहां तक अवैध नियुक्तियों की शिकायत पर भी अब तक कोई एक्शन नहीं लिया।

## निधन पर शोक सभा

लखनऊ, 08 मई (तरूणमित्र)। चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति चौक डिपो के प्रदीप कुमार वर्मा (अध्यक्ष)ने बताया की चौक डिपो के वितरक आकाश शर्मा के पिता प्रदीप शर्मा उम्र लगभग 56 वर्ष का निधन गुरूवार को सुबह हो गया इनका अंतिम संस्कार गुलाला घाट चौक मैं किया गया। इन्होंने अपने पीछे तीन पुत्र आकाश शर्मा, अंकित शर्मा, अंकुश शर्मा वह हरा भरा परिवार छोड़ गए हैं। चौक डिपो के अध्यक्ष व वितरक उपस्थित होकर श्रद्धांजलि कर परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।



# रेलवे स्टाफ कालोनी केयर कमेटी के गठन की मांग

## एनईआर लखनऊ मंडल सभागार में हुई एससी–एसटी एसो. की बैठक

लखनऊ, 08 मई (तरूणमित्र)। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के सभागार में गुरुवार को डीआरएम की गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में एससी-एसटी एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। डीआरएम ने कहा कि रेल संचलन में कर्मचारी एसोसिएशनों की महत्वूपर्ण भूमिका होती है तथा इसके माध्यम से प्राप्त कर्मचारियों के हित के महत्वपूर्ण सुझावों के क्रियान्वयन से कार्यकुशलता में वृद्धि होती है।



रेल प्रशासन कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए पूर्णतः सजग है तथा किसी भी कर्मचारी परिवाद का निस्तारण यथाशीघ्र किये जाने का प्रयास किया जाता है। आगे कहा कि रेलवे कर्मचारियों के वेतन, स्थापना, रेलवे आवास तथा स्वास्थ्य संबंधी आदि परिवादों का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण किया जा रहा है।

मण्डल मंत्री नवनीत कुमार वर्मा ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के कर्मचारियों की पदोन्नति, वरिष्ठता सूची का निर्धारण, रेलवे बोर्ड के नियमों के अनुसार उनको दी जाने वाली सुविधाओं, स्थानांतरण व एरियर भुगतान चिकित्सा सुविधा, मण्डल में एससीएसटी कर्मचारी एसोसिएशन के कार्यालयों का आवंटन, रोस्टर के अनुसार डयूटी से संबधित आदि समस्याओं की तरफ रेल प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। रेलवे स्टाफ कालोनी केयर कमेटी के गठन का भी प्रस्ताव रखा गया।

बैठक का संचालन वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी राहुल यादव ने किया। मण्डल अध्यक्ष सुमित कुमार अम्बेडकर ने प्रशासनिक कार्यो में एसोसिएशन के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## मोबाइल एप टिकटिंग की दी जानकारी

लखनऊ। एनईआर लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व व एसीएम मुकेश कुमार के निर्देशन में लखनऊ मण्डल के लखनऊ-लखीमपुर रेलखण्ड पर गाड़ी संख्या 15009 गोरखपुर-पीलीभीत एक्सप्रेस तथा गाड़ी संख्या 55083 मैलानी-डालीगंज सवारी गाड़ी में टिकट जांच अभियान चलाया गया।



लखीमपुर एवं सीतापुर स्टेशन पर भी टिकट जॉच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान उक्त टेज्न एवं स्टेशन पर 27 बिना टिकट/अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया।

बिना टिकट/अनियमित एवं गंदगी करने वाले यात्रियों से रूपया 9055/-(नौ हजार पचपन रुपया) का जुमार्ना वसूला गया। यूटीएस (अनारक्षित टिकट प्रणाली) मोबाइल ऐप से उपयोगकताओं को विभिन्न डिजिटल भुगतान विकल्पों जैसे आर-वॉलेट, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यूपीआई और ई-वॉलेट का उपयोग करके अनारक्षित टिकट बुक करने की सुविधा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## भाषा विवि में हुआ फेयरवेल पार्टी का आयोजन

लखनऊ, 08 मई (तरूणमित्र)। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में जूनियर्स छात्रों ने सीनियर्स छात्रों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया। विदाई समारोह में जूनियर्स छात्रों ने अपने सीनियर्स को गुलाब देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मौजूद डीन वाणिज्य संकाय प्रो सैय्यद हैदर अली ने कहा आपकी सफलता की अभी शुरूआत है। आप अपने लक्ष्य को अडिग रहने दें। वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. एहतेशाम अहमद ने छात्रों को सफलता का मन्त्र बताते हुये कहा कि एक विचार लो और उस विचार को अपने जीवन का सार बना लो। उसी को देखो और उसी को स्वपन बना लो। डॉ नीरज शुक्ल ने कहा आपको कभी भी हम लोगों की जरूरत महसूस हो हम आपको अपने सभी शिक्षकों की ओर से विश्वास दिलाते है हम आपके साथ चौबीस घंटे आपके साथ खड़े होंगे।

## कम्प्यूटर सहायकों को मिली तैनाती

लखनऊ, 08 मई (तरूणमित्र)। समूह घ से कम्प्यूटर सहायक के पद पर पदोन्नत हुए कर्मचारियों को अलग-अलग विभागों में तैनाती की गयी है। यह जानकारी विशेष सचिव फूलचंद्र ने दी। उन्होंने सभी कम्प्यूटर सहायकों को नवीन तैनाती वाले विभाग में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। बता दे कि समूह घ से कम्प्यूटर सहायक के पद पर पदोन्नत हुए राममूरत पाल को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, बीना को ड्यूटी रूम सचिवालय प्रशासन विभाग, मोहम्मद अख्तर सिद्दीकी उत्तर प्रदेश पुनर्गठन समन्वय विभाग, भारत सिंह बाह्य साहित्य परियोजना अनुभाग, रामगोपाल मुक्त प्रवेश कार्यालय सचिवालय प्रशासन विभाग, जितेंद्र कुमार वर्मा न्याय विभाग, रूमा श्रीवास्तव संसदीय कार्य विभाग और सुनील कुमार यादव को गोपन अनुभाग में तैनाती मिली है।